सूर्योदय 6:07 सूर्यास्त 6:41

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.6 न्यू | 22.2 अधि |
| धर्मशाला | 14.1 न्यू | 27.1 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73876.82 |
| निफ्टी | 22434.65 |
| सोना | 69,930 |
| चांदी | 80,021 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 4 अप्रैल, 2024 | 22 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 106, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

**आज के अंक में**

- एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में करें मतदान: परमार
- नौ प्रतिशत ब्याज के साथ देने होंगे 46 हजार रुपए

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- भाजपा में गए 6 विधायकों की बात करने पर भड़के कार्यकर्ता
- गंभीर रोगों से बचाती है फेगड़े की सब्जी

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- एमसी में विलय क्षेत्रों में जारी होंगे पानी के बिल
- रामशहर में सिंचाई योजना की सप्लाई मोटर से तारें चोरी कर फरार हुए चोर

पृष्ठ 12 पर पढ़ें



- मात्र पांच हजार लेकर मुंबई पहुंची थीं नोरा, आज करोड़ों की मालकिन
- लॉरेट शिक्षण फार्मेसी के स्टूडेंट्स वॉलीबाल और हैंडबाल में प्रथम

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच

गुजरात टाइटंस vs पंजाब किंग्स

स्थान: अहमदाबाद, समय : रात 7:30 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### बॉक्सर विजेंद्र सिंह ने थामा भाजपा का दामन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और बॉक्सर विजेंद्र सिंह ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, दक्षिणी दिल्ली से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी एवं अन्य नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। विजेंद्र ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं और उनके आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

### भाजपा ने 'आप' नेता आतिशी को भेजा मानहानि का नोटिस



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी की मुश्किलें बढ़ती हुई दिख रही हैं। भाजपा ने उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा है। आतिशी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में आरोप लगाया कि उन्हें भाजपा में शामिल होने का ऑफर आया है। भाजपा में शामिल होकर राजनीतिक करिअर बचा लो, अन्यथा महीने भर में ईडी गिरफ्तार कर लेगी। भाजपा ने आतिशी के आरोपों के बाद उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा है।

### हिमाचल में चारों सीटों पर लड़ेगी लोकशक्ति पार्टी

**शिमला।** हिमाचल की चारों लोकसभा सीटों पर लोकशक्ति पार्टी चुनाव लड़ेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश लिमये ने कहा कि हिमाचल के साथ उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, दिल्ली, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, उत्तर-पूर्वी राज्यों और देश के अन्य राज्यों की अधिकांश सीटों पर पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी। हिमाचल में जल्द प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने जनता से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया है।

**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# बैजनाथ में शिक्षा के मंदिर में मिला शराब का जखीरा

## चौबीन के पास 12 साल से बंद पड़े सरकारी प्राइमरी स्कूल ग्वाल के भवन में रखी थी 13.91 लाख रुपए की अवैध शराब

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

**बैजनाथ** के चौबीन के पास 12 साल से बंद पड़े शिक्षा के मंदिर राजकीय प्राथमिक पाठशाला ग्वाल के भवन में शराब का जखीरा पकड़ा गया है। पुलिस ने स्कूल भवन से शराब की 230 पेटियां बरामद की हैं, जिनकी कीमत 13.91 लाख रुपए है। बैजनाथ पुलिस ने इस मामले में मंडी जिले के संधोल के वैरी निवासी 48 वर्षीय अजय कुमार पुत्र अमर चंद को गिरफ्तार किया है। (अनंत ज्ञान)

**पुलिस ने मंडी जिले के आरोपी को किया गिरफ्तार, नहीं दिखा पाया परमिट**



स्कूल से बरामद अवैध शराब।







बंद पड़े ग्वाल स्कूल भवन में कार्रवाई करती पुलिस टीम

### आरोपी नहीं दे पाया संतोषजनक जवाब

**पुलिस** को गुप्त सूचना मिली थी कि चौबीन के पास स्थित प्राइमरी स्कूल ग्वाल के बंद पड़े भवन में शराब की बड़ी खेप पड़ी है। इसके बाद पुलिस थाना बैजनाथ के प्रभारी एसएचओ भूपेंद्र सिंह की अगुआई में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के पूछताछ करने पर आरोपी शराब की खेप का कोई परमिट या लाइसेंस पेश नहीं कर पाया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दे सका। पुलिस ने स्कूल भवन से अंग्रेजी शराब की 225 व देसी शराब की पांच पेटियां बरामद की। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# तिहाड़ जेल से संजय सिंह रिहा

## पत्नी ने भरा दो लाख का जमानती बांड, कोर्ट ने सशर्त रिहाई के दिए आदेश

एजेंसी, नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह छह महीने बाद बुधवार देर शाम तिहाड़ जेल से जमानत पर सशर्त रिहा कर दिए गए। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उन्हें दिल्ली शराब नीति केस में जमानत दी थी।

लीगल प्रोसेस की वजह से मंगलवार को रिहाई नहीं हो पाई थी। बुधवार को संजय सिंह की तिहाड़ जेल से रिहाई का प्रोसेस शुरू हुआ। ट्रायल कोर्ट (राउज एवेन्यू कोर्ट) में जमानत की शर्तें तय कीं। इसके बाद संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह ने दो लाख रुपए का जमानत बांड भरा और फिर कोर्ट का आदेश तैयार हुआ, जहां से इसे तिहाड़ जेल भेजा गया। संजय सिंह की रिहाई का जब आदेश जारी हुआ, उस वक्त वह अस्पताल में एडमिट थे। संजय को मंगलवार को लिवर से जुड़ी समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। 24 घंटे बाद बुधवार को दोपहर 12 बजे के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। अस्पताल से संजय सिंह को तिहाड़ जेल ले जाया गया। वहां जेल प्रशासन ने जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद संजय को रिहा किया।



### दिल्ली और एनसीआर छोड़कर नहीं जा सकते

राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट से बेल ऑर्डर पहुंचने पर जमानत की शर्तें तय कीं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 'आप' सांसद संजय सिंह को अपना पासपोर्ट सरेंडर करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि संजय सिंह सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे। वे दिल्ली-एनसीआर छोड़कर नहीं जाएंगे और शराब घोटाले के मामले में कोई बयान या टिप्पणी नहीं कर सकते हैं। संजय सिंह के वकील ने अदालत से दिल्ली-एनसीआर छोड़ने से पहले पूर्व अनुमति की शर्तें नहीं लगाने का आग्रह किया। कोर्ट ने कहा कि वह दिल्ली-एनसीआर छोड़ने से पहले अपना यात्रा कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## केजरीवाल की याचिका पर आज फैसला सुनाएगी अदालत

एजेंसी, नई दिल्ली

**मनी** लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को सुनवाई के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में वीरवार तक लिखित दलील देने को कहा है, इसलिए केजरीवाल पर फैसला अब वीरवार को ही होगा। ईडी के वकील एएसजी एसवी राजू ने हाईकोर्ट को बताया कि 'आप' ने अभियान के वेंडर्स को दिए गए सभी बड़े भुगतान कैश में किए थे। इसकी जानकारी पासबुक में भी नहीं है।



ईडी ने कहा कि हमारे पास व्हाट्सऐप चैट और हवाला ऑपरेटरों के बयान हैं, हमारे पास आयकर डाटा भी है। इस मामले में केजरीवाल की भूमिका दोहरी है। रिश्वत के लिए नीति में बदलाव किया गया, रिश्वत ली गई, उस पैसे का इस्तेमाल चुनाव में किया। यह कहने का कोई आधार नहीं है कि मेरे पास से कुछ नहीं मिला, क्योंकि पैसा आया और खर्च हो गया। अपराध में शामिल होना भी अवैध है।

### भगवंत मान ने तिहाड़ जेल प्रशासन को लिखा पत्र

**तिहाड़** जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने पंजाब के सीएम भगवंत मान जाएंगे। उन्होंने इसके लिए जेल प्रशासन को चिट्ठी लिखी है और कहा कि उन्हें सीएम केजरीवाल से मिलने दिया जाए। उन्होंने इस लेटर के जरिए दिल्ली सीएम से मिलने के लिए समय मांगा है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सात को अनशन

**अरविंद** केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी के नेता सात अप्रैल को जंतर-मंतर पर अनशन करेंगे। 'आप' के नेता गोपाल राय ने कहा कि अगर आप दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के खिलाफ हैं, तो गिरफ्तारी के खिलाफ अनशन कर सकते हैं। आप कहीं भी, घर पर, शहर में सामूहिक अनशन कर सकते हैं।

## मंडी संसदीय सीट से प्रतिभा सिंह होंगी कांग्रेस प्रत्याशी: कौल

अरविंद शर्मा, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश की मंडी संसदीय सीट से प्रत्याशी को लेकर अब तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। कांग्रेस ने मंडी संसदीय सीट से प्रतिभा सिंह को उम्मीदवार बनाया है। प्रतिभा सिंह मौजूदा समय में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष हैं और इसी सीट से सांसद भी हैं।

पार्टी के दिग्गज नेता कौल सिंह ठाकुर ने बताया कि मंडी सीट से प्रतिभा सिंह उम्मीदवार होंगी। मंगलवार को कुल्लू जिला कांग्रेस ने प्रस्ताव पारित कर प्रतिभा सिंह को उम्मीदवार बनाने का प्रस्ताव पारित किया था। बैठक में सभी 17 हलकों के ब्लॉक अध्यक्षों ने अपनी मुहर लगाते हुए प्रतिभा सिंह को सशक्त उम्मीदवार बताया। प्रतिभा सिंह के नाम की अब आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। प्रतिभा ने पहले चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। प्रतिभा 1998 में महेश्वर सिंह से हार गई थीं। 2004 में महेश्वर को पराजित किया। 2014 में हार गईं और 2021 में दोबारा उपचुनाव लड़ा था और तीसरी बार सांसद बनी थी। (अनंत ज्ञान)

## क्रिप्टो करंसी मामले में पंजाब पुलिस की सुजानपुर में दबिश

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

**क्रिप्टो** करंसी मामले में बुधवार को पंजाब पुलिस सुजानपुर में दबिश देकर नंगल निवासी दुकानदार को अपने साथ ले गई।

सुजानपुर के एसएचओ मस्तराम नायक ने बताया कि नंगल में उक्त व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी और षड्यंत्र का मामला दर्ज है। इसी आधार पर पंजाब पुलिस यहां पर आई थी। जिस दुकानदार को गिरफ्तार किया है, वह सुजानपुर में रेडीमेड हॉजरी का काम करता है और मूलत: पंजाब का ही रहने वाला है। क्रिप्टो करंसी मामले में अभी तक डेढ़ दर्जन के करीब आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। एसआईटी इस घोटाले की जांच में जुटी हुई है।

**नंगल निवासी दुकानदार को पूछताछ के लिए ले गई साथ**

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

## रामपुर में कीटनाशक से हुई थी तीन तेंदुओं की मौत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, रामपुर

**शिमला** जिले के रामपुर बुशहर में आठ मार्च को एक मादा तेंदुआ और दो शवकों के शव मिले थे। इनमें से एक तेंदुए के नाखून भी गायब थे। तेंदुओं की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है, जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, तीनों तेंदुओं की मौत आर्गनोफोस्फोरस नामक कीटनाशक से हुई थी। इसका इस्तेमाल कीड़ों को मारने और फसलों के लिए किया जाता है। वन विभाग ने



पोस्टमार्टम की रिपोर्ट पुलिस थाना रामपुर को सौंप दी है।

एसएचओ रामपुर जयदेव सिंह ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को इस मामले में खाल तस्करी का शक है। वह इसी दिशा में जांच कर रही है।

## वायनाड से राहुल गांधी ने भरा नामांकन, रोड शो भी निकाला



**वायनाड।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड सीट से नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने प्रियंका गांधी के साथ एक घंटे तक रोड शो किया।

इस दौरान राहुल ने क्षेत्र की जनता से कहा कि आपका सांसद होना सौभाग्य की बात है। आपका सांसद सदस्य होना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं आपके साथ एक मतदाता की तरह व्यवहार नहीं करता हूं। मैं आपके साथ वैसा ही व्यवहार करता हूं, जैसे मेरा छोटी बहन प्रियंका के साथ व्यवहार है। वायनाड सीट पर राहुल के खिलाफ सीपीआई की एनी राजा चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने भी नामांकन दाखिल कर दिया है। वहीं, भाजपा ने केरल के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है।

### 25 साल बाद आया 7.5 तीव्रता का सबसे बड़ा भूकंप, कई इमारतें ध्वस्त

## ताइवान में भूकंप से नौ की मौत, 730 घायल

एजेंसी, ताइपे/टोक्यो

**ताइवान** में बुधवार सुबह 25 साल बाद सबसे बड़ा भूकंप आया है। 7.4 की तीव्रता के भूकंप से पूरा देश हिल गया। भूकंप से नौ लोगों की मौत हुई है। 730 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

**ट्रेन, हवाई सेवाएं सस्पेंड**

भूकंप से कई इमारतें ध्वस्त हो गई हैं और कई जगह लैंड स्लाइड भी हुई है। ट्रेन और हवाई सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं। भूकंप की वजह से कई शहरों में बिजली की सप्लाई बाधित हो गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहीं, ताइवान के पड़ोसी देशों ने सुनामी की चेतावनी जारी की है। अमेरिका के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप का केंद्र ताइवान के हुलिएन शहर से लगभग 18 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। भूकंप के झटके जापान और फिलीपींस तक महसूस किए गए।



### हेल्पलाइन नंबर जारी

**भारत** ने ताइवान में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इंडिया ताइपे एसोसिएशन ने भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए एक हेल्पलाइन स्थापित की है। मोबाइल नंबर 0905247906 और ईमेल ad.ita@mea.gov.in जारी किया गया है।

**हुनर**

### विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केंद्र की पहल पर अगले सत्र से शुरू हो सकता है डिप्लोमा कोर्स

# चंबा रूमाल के साथ हिमाचली टोपी दिलाएगी रोजगार

एमएम डैनियल, चंबा

**पहाड़ी** राज्य हिमाचल की कोने-कोने में छिपी संस्कृति की पहचान करवाने वाले चंबा रूमाल के साथ हिमाचली टोपी प्रदेश के युवाओं को रोजगार भी दिलाएगी। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केंद्र (इक्डोल) ने इस दिशा में कवायद आरंभ करते हुए चंबा रूमाल व हिमाचल टोपी को उसकी मूल पहचान दिलवाने का बीड़ा उठाया है। तैयारियां लगभग पूर्ण हैं। इक्डोल के छात्रों में चंबा रूमाल व हिमाचली टोपी बनाने का हुनर पैदा करने के लिए बकायदा विशेष डिप्लोमा प्रशिक्षण कोर्स करवाया जाएगा, ताकि उन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके। इसके अलावा इक्डोल में जल्द ही 15 अन्य स्वरोजगार से जुड़े प्रशिक्षण कोर्स भी शुरू करवाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)





### हिमाचली संस्कृति की विश्वभर में अलग पहचान

**चंबा** रूमाल व हिमाचली टोपियों ने विश्वभर में हिमाचल को संस्कृति के क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलवाई है। इस कला ने कई कलाकारों व बेरोजगारों को स्वरोजगार दिए हैं। इसी के फलस्वरूप लंबे अर्से बाद सरकार की ओर से इक्डोल केंद्र ने पहाड़ी राज्य की पहचान चंबा रूमाल व हिमाचली टोपी पर अध्ययन कर इसे डिप्लोमा प्रशिक्षण कोर्स में शामिल करने का निर्णय लिया है।

### कुलपति को भेजा जाएगा प्रस्ताव

**विश्वविद्यालय** का अंतरराष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केंद्र चंबा रूमाल व कुल्लवी, किन्नौरी और बुशैहरी टोपियों के प्रैक्टिकल व लिखित तौर पर छह माह का प्रशिक्षण प्रदान करेगा। सब ठीक रहा तो इक्डोल अगले शैक्षणिक सत्र से चंबा रूमाल व हिमाचल टोपियों सहित स्वरोजगार से जुड़े अन्य 15 डिप्लोमा कोर्सों की कक्षाएं आरंभ करवाएगा। इक्डोल अगले माह तक विश्वविद्यालय के कुलपति के समक्ष प्रशिक्षण कोर्स आरंभ करवाने का प्रस्ताव भेजेगा।



'**हिमाचल** प्रदेश की संस्कृति को बुलंदियों तक पहुंचाने वाले स्वरोजगार से जुड़ी कलाओं एवं लघु उद्योग को प्रशिक्षण के रूप में शुरू करने की योजना तैयार की है। इसका आगाज चंबा रूमाल व हिमाचली टोपी प्रशिक्षण से किया जा रहा है। कई कलाओं को प्रशिक्षण के रूप में शामिल करने पर भी योजना तैयार की जा रही है। जल्द ही इसका प्रस्ताव बनाकर कुलपति को सौंपा जाएगा। मंजूरी मिलते ही कोर्स शुरू होंगे।

**-प्रो. संजू करोल, निदेशक विवि इक्डोल केंद्र हिमाचल प्रदेश।**

## फोर्ब्स की लिस्ट में अंबानी, अडानी का दबदबा, बायजू के मालिक को झटका

एजेंसी, नई दिल्ली

फोर्ब्स की विश्व के अरबपतियों की 2024 की सूची में इस बार 200 भारतीयों के नाम शामिल हैं। फोर्ब्स की लिस्ट में अंबानी और अडानी का दबदबा रहा।

भारतीय अरबपतियों की सूची में सबसे ऊपर मुकेश अंबानी हैं, उनकी कुल संपत्ति 83 अरब डॉलर से बढ़कर 116 अरब डॉलर हो गई, वह 100 अरब डॉलर क्लब में प्रवेश करने वाले पहले एशियाई बन गए। गौतम अडानी 84 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। सावित्री जिंदल 33.5 अरब डॉलर के साथ सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं। बायजू के मालिक रवींद्रन को झटका लगा है। वह भारत के 100 सबसे अमीर कारोबारियों की सूची से बाहर हो गए हैं।





### भारत के 10 सबसे अमीर व्यक्ति

- मुकेश अंबानी : नेट वर्थ 116 अरब डॉलर
- गौतम अडानी: कुल संपत्ति 84 अरब डॉलर
- शिव नादर : कुल संपत्ति 36.9 अरब डॉलर
- सावित्री जिंदल : नेट वर्थ 33.5 अरब डॉलर
- दिलीप सांघवी : नेट वर्थ 26.7 अरब डॉलर
- साइरस पूनावाला : संपत्ति 21.3 अरब डॉलर
- कुशल पाल : नेट वर्थ 20.9 अरब डॉलर
- कुमारमंगलम बिड़ला - संपत्ति 19.7 अरब डॉलर
- राधाकिशन दमानी: संपत्ति 17.6 अरब डॉलर
- लक्ष्मी मित्तल : कुल संपत्ति 16.4 अरब डॉलर

# नौ प्रतिशत ब्याज के साथ देने होंगे 46 हजार रुपए

## यूज्ड प्रोसेसर देने पर फ्लिपकार्ट कंपनी को एक लाख का हर्जाना

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग धर्मशाला ने एक मामले में फ्लिपकार्ट इंटरनेट कंपनी को शिकायतकर्ता को नौ प्रतिशत ब्याज के साथ 46249 रुपए, एक लाख रुपए का हर्जाना तथा मुकदमे पर खर्च के 10000 रुपए देने के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार पालमपुर निवासी तरुण परमार ने टेक कनेक्ट कंपनी से ऑनलाइन माध्यम से एक प्रोसेसर खरीदा। कंपनी ने शिकायतकर्ता को उपयोग किया हुआ प्रोसेसर दे दिया। इसकी शिकायत उपभोक्ता ने कंपनी से की, एवं कंपनी द्वारा फिर से उपयोग किया हुआ प्रोसेसर शिकायतकर्ता को दे दिया गया। इसके बारे में शिकायतकर्ता ने कंपनी को दोबारा अवगत करवाया तथा इसके बाद कंपनी ने उपयोग किए हुए प्रोसेसर को वापस ले लिया। इसके बाद कंपनी ने न तो शिकायतकर्ता को प्रोसेसर लौटाया और न ही पैसा वापस किया गया। शिकायतकर्ता ने इसके उपरांत 26 अप्रैल 2023 को अपनी शिकायत उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला में प्रस्तुत की, एवं फ्लिपकार्ट जिसने उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में अपनी हाजिरी दर्ज नहीं करवाई एवं टेक कंपनी के पक्ष को सुनने के उपरांत, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की तीन सदस्य पीठ उपभोक्ता शिकायत निवारण के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, नारायण ठाकुर, आरती सूद ने डिफिशिएंसी इन सर्विसेस का हवाला देते हुए फ्लिपकार्ट एवं टेक कंपनी दोनों को शिकायतकर्ता को प्रोसेसर की कॉस्ट 46,249 रुपए नौ प्रतिशत ब्याज के साथ, एवं हर्जाना 1,00,000 रुपए तथा कोर्ट फीस के रूप में 10,000 रुपए फ्लिपकार्ट इंटरनेट लिमिटेड एंड टेक कनेक्ट रिटेल को देने के आदेश दिए। (अनंत ज्ञान)

**उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने सुनाया फैसला**

## डीसी ऑफिस परिसर में मॉकड्रिल आज

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला में आपदा प्रबंधन को लेकर धर्मशाला के डीसी कार्यालय परिसर में 4 अप्रैल को मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही शैक्षणिक संस्थानों में भी मॉक ड्रिल के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी एडीएम डॉ. हरीश गज्जू ने दी। उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिला में 4 अप्रैल 1905 को भूकंप के कारण 20 हजार लोगों ने जान गंवाई थी जबकि एक लाख से भी ज्यादा भवन क्षतिग्रस्त हुए थे। इस तरह की आपदा की स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन पर विशेष बल दिया जा रहा है ताकि आपदा की स्थिति में नुकसान को कम किया जा सके। जिला स्तर तथा उपमंडल स्तर पर आपदा प्लान तैयार किए गए हैं इसके साथ ही स्कूलों, अस्पतालों में भी आपदा प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि नुकसान को कम किया जा सके।

# श्री रामनवमी महोत्सव पर किया जाएगा श्री रामायण अखंड पाठ

## कृष्णा रामलीला क्लब इंदौरा नवरात्र पर करेगा आयोजन

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



सराय भवन इंदौरा में बैठक के दौरान मौजूद कृष्णा रामलीला क्लब के सदस्य।

कृष्णा रामलीला क्लब इंदौरा की बैठक क्लब के सराय भवन में क्लब के प्रधान उमाकांत सूदन की अध्यक्षता में हुई। क्लब के महासचिव अनिल भारद्वाज ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी क्लब द्वारा चैत्र मास के नवरात्र में श्री रामनवमी महोत्सव बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री रामनवमी महोत्सव के उपलक्ष्य पर कृष्णा रामलीला क्लब इंदौरा की ओर से 16 अप्रैल को श्री रामायण जी के अखंड पाठ का शुभारंभ किया जाएगा और 17 अप्रैल को रामायण पाठ के भोग उपरांत मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्रजी जी की भव्य झाकी व विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा का प्रस्थान क्लब के सराय भवन से होगा। शोभायात्रा मेन बाजर में से होते हुए चनौर तक जाएगी। इस अवसर पर क्लब के उपाध्यक्ष सुमित शर्मा, शक्ति भारद्वाज,कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, मुख्य सलाहकार पुष्प अरुण, सराय प्रभारी रंजीत कटोच, प्रेस सचिव रमन कुमार, बाबा कटोच, रोहित मेहरा, चंद्रकांत शर्मा, कुनाल कटोच, रोहित सूदन, विशाल कटोच, अंकुश धीमान, हरदीप बहल, रितिक ,अंशुमन, दमन, अनमोल , ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

# बूथ विजय संकल्प अभियान चलाएगी भाजपाः संजय टंडन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



नगरोटा सूरियां में विजय संकल्प अभियान का शुभारंभ करते संजय टंडन व अन्य।

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के जवाली मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक को भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने नगरोटा सूरियां में संबोधित किया। बैठक का मुख्य विषय बूथ विजय संकल्प अभियान रखा गया। इस दौरान संजय गुलेरिया, पार्लियामेंट विस्तारक राजपाल सिंह, रमेश राणा जिला अध्यक्ष जवाली, मंडल अध्यक्ष धीरज अत्री, मंडल महामंत्री बजिंदर मस्ताना, मंडल विस्तारक यशवीर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप शर्मा, परमजीत, मंडल, जिला और प्रदेश पार्टी के पदाधिकारी और कार्यसमिति सदस्य, मंडल से जिला, प्रदेश में मोर्चों के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, सभी मोर्चों के मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, ग्राम केंद्र प्रमुख और प्रकोष्ठों के मंडल संयोजक उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संजय टंडन ने लोकसभा चुनाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा की अपने-अपने बूथ पर क्या-क्या जिम्मेदारियां पूरी करनी हैं और अपने क्षेत्र के लोगों को वोटिंग वाले दिन वोट डालने के लिए प्रेरित करना है ताकि भारतीय जनता पार्टी इन चुनावों में हिमाचल प्रदेश की चारों सीटें बड़े अंतर से जीते और 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने व अपने देश को और अधिक विकास की ओर ले जा सकें। उन्होंने कहा की समग्र शिक्षा के बेहतर कार्यान्वयन से हिमाचल को केंद्र से 966 करोड़ रुपए की राशि मिली है। इस दौरान स्टार्स प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश को 305 करोड़ मिले हैं। 2021-22 में केंद्र से हिमाचल को समग्र शिक्षा के लिए 629.08 करोड़ मिले थे, केंद्र ने हिमाचल प्रदेश को हमेशा समग्र विकास के लिए पैसे भेजे है पर हिमाचल में कांग्रेस की सरकार ने केवल झूठ बोल कर जनता को गुमराह करने का काम किया है।

## पंचायती राज एक्ट के बारे में दी जानकारी

**गगल।** जागोरी संस्था की ओर से जिला कांगड़ा के विकास खंड धर्मशाला, रैत और नगरोटा सूरियां की नौ पंचायतों से 52 किशोर -किशोरियों के साथ एकदिवसीय बैठक का आयोजन लदवाड़ा पंचायत में किया गया। जागोरी संस्था की प्रवक्ता सोनिका ने बताया कि इस कार्यशाला में किशोर -किशोरियों के साथ पंचायती राज एक्ट 1993 पर चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य किशोरियों में नेतृत्व क्षमता को उभारना, गांव की समस्याओं को जानना, पंचायत व ग्राम सभा की कार्रवाई को समझना रहा ताकि किशोरिया अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें । गोरी संस्था की प्रवक्ता सोनिका ने बताया कि इस दौरान बैठक में उपस्थित अन्य लोगों को भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर जागोरी संस्था की ओर से अजय कुमार, अभिषेक, सरिता, पूजा आदि उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्र सिर पर, मंदिर की सीढ़ियां उखाड़ीं

## मंदिर प्रशासन की बड़ी लापरवाही, श्रद्धालुओं को पेश आएंगी दिक्कतें

**आशीष दमीर, कांगड़ा**





कांगड़ा मंदिर के भीतर जाने वाले रास्ते की उखाड़ी गई सीढ़ियां।

चैत्र नवरात्र शुरू होने से कुछ दिन पहले ही मंदिर प्रशासन ने मंदिर के भीतर जाने वाले रास्ते की सीढ़िओ को उखाड़ कर वहां पर मार्बल डालने का कार्य शुरू कर दिया है लेकिन यह कार्य कहीं न कहीं कई सवाल खड़े कर रहा है। यह कार्य नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है। इसको लेकर कांगड़ा शहर के बुद्धिजीवी वर्ग और साथ ही मंदिर के वरिष्ठ पुजारी वर्ग में भी काफी रोष है।

पुजारी वर्ग का कहना है कि चैत्र नवरात्र से पहले ही मंदिर में राधा अष्टमी व कृष्ण अष्टमी के चलते काफी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। ऐसे में श्रद्धालुओं का रोजाना आना निरंतर जारी है, इस दौरान मंदिर प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य करवाना उचित नहीं है।

जबकि मंदिर प्रशासन भी इस बात को लेकर अनजान नहीं है की चैत्र नवरात्र को लेकर कुछ ही दिन बाकी बचे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की भावनाओं को काफी ठेस पहुंची रही है क्योंकि निर्माण कार्य चलने की वजह से श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कई मुश्किलें पेश आएंगी। (अनंत ज्ञान)

### कार्रवाई की जाएगीः एसडीएम

एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने कहा कि मामला मेरे ध्यान में है और उस श्रद्धालु द्वारा फोन किया गया था कि मैं मंदिर के साइड वाली सीढ़ियां उखाड़ने लगा हूं, लेकिन उसने बीच से ही सीढ़ियां उखाड़ कर गलत किया है। इसको लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सीढ़ियां उखाड़ना गलत

मंदिर ट्रस्टी अशोक हिमाचली का कहना है कि नवरात्र को कुछ ही दिन बाकी बचे हैं ऐसे में सीढ़ियां उखाड़ देना सरासर गलत है। यदि यह निर्माण कार्य समय से पूरा नहीं हुआ तो श्रद्धालुओं को दर्शन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसका जिम्मेदार मंदिर प्रशासन ही होगा।

### मंदिर प्रशासन से नहीं ली अनुमतिः मोहित

मंदिर अधिकारी मोहित रत्न का कहना है कि उक्त निर्माण कार्य के बारे मंदिर प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गई है। किसी श्रद्धालु ने अपनी मनमर्जी से ही कार्य लगा दिया है। जब उस श्रद्धालु को पूछा कि तुमने यह कार्य किसको पूछ कर लगाया है तो इसने किसी मंदिर कर्मचारी का नाम लिया। उन्होंने कहा कि उस कर्मचारी को एसडीएम कांगड़ा के सामने पेश किया है।

# एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में करें मतदानः परमार

## पपरोला में बोले कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी- डॉ. राजीव भारद्वाज को जिताना आवश्यक

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



बाबा ज्ञान दास मंदिर परिसर पपरोला में कार्यक्रम के दौरान मौजूद विपिन परमार व अन्य।

केंद्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्तासीन करने के लिए कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज को जिताना आवश्यक है। यह बात भाजपा के कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी विपिन परमार ने बाबा ज्ञान दास मंदिर परिसर पपरोला में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कही। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में पूरे भारतवर्ष में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतवर्ष का पूरे विश्व में डंका बजा है। यदि आज हम पिछले 10 वर्षों की तुलना कांग्रेस के अब तक के कार्यकाल से करें तो आज पूरे प्रदेश में फोरलेन का जाल बिछा हुआ है। कांगड़ा क्षेत्र में फोरलेन निर्माण का कार्य चला हुआ है, लेकिन कांग्रेस के विकास कार्य नगण्य साबित हुए हैं। जब आप लोग कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज को जिताकर सांसद बना कर भेजेंगे तो विकास कार्यों में और बढ़ोतरी होगी, इसलिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करें। इस अवसर पर पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी, कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के संयोजक चंद्र भूषण नाग, जिला भाजपा अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा, जिला भाजपा प्रभारी पंकज जम्वाल, जिला भाजपा प्रवक्ता संजय सोनी, मंडल भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कर्ण जम्वाल, भीखम कपूर, महामंत्री अजय जम्वाल, सरवन भारद्वाज, पपरोला शहरी भाजपा अध्यक्ष धीरज नंदा, पवन कौंडल, प्रीतम चौधरी, प्रदीप विक्की, मंडल अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष राम तिलक ,मंडल भाजपा पालमपुर किसान मोर्चा अध्यक्ष डीआर ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।

### बैजनाथ व पपरोला मेरी कर्मभूमिः राजीव भारद्वाज

भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि बैजनाथ व पपरोला क्षेत्र उनकी कर्मभूमि रही है। उन्होंने आयुर्वेदिक महाविद्यालय पपरोला में छात्र के रूप में छह बरस गुजारे हैं, इसलिए व्यक्तिगत रूप से स्थानीय लोगों को वह भली भांति जानते हैं। उन्होंने कहा कि वह भाजपा हाई कमान के ऋणी है जिन्होंने एक साधारण कार्यकर्ता को भारतीय जनता पार्टी की टिकट दी, जो कि केवल भाजपा जैसे संगठन में ही संभव है। भाजपा द्वारा उन्हें प्रत्याशी घोषित करने के बाद अब उनका परिवार बढ़ गया है। अब वह भाजपा परिवार की ओर तथा केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की ओर ध्यान देंगे।

## कांगड़ा में होगी चुनाव पाठशाला

**धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि स्वीप के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बूथ स्तर पर चुनाव पाठशाला आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर पर मतदाता साक्षरता क्लब गठित किए गए हैं। इसमें बूथ लेवल अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। चुनाव पाठशाला के माध्यम से बूथ लेवल अधिकारी मतदाता सूचियों में छुटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण भी सुनिश्चित करवाएंगे ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान से वंचित नहीं रह सके। बैरवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के मुताबिक एक अप्रैल 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी युवा अपना नाम मतदाता सूची में 4 मई तक दर्ज करवा सकते हैं।

## वटाहड़ी में दो युवकों को गाड़ी ने मारी टक्कर

**जवाली।** पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ते कस्बा वटाहड़ी में बुधवार करीब दस बजे सड़क किनारे एक बाइक की रिपेयर कर रहे दो युवकों को एक गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी। इस कारण दोनों युवक घायल हो गए। जिन्हें तुरंत सिविल अस्पताल फतेहपुर पहुंचाया गया। जिस दौरान एक युवक को डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद सिविल अस्पताल नूरपुर रैफर कर दिया। जबकि दूसरे के माथे पर टांके लगाए गए हैं। पुलिस ने भी मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## चेलिया में घर से पकड़ी नौ पेटी देसी शराब

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत एक व्यक्ति से 107 बोतल देसी शराब पकड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने एएसआई विजय सिंह की अगुआई में गुप्त सूचना के आधार पर जब चेलिया निवासी अनिल पुत्र ताज के घर पर दबिश दी तो उसके कब्जे से नौ पेटी देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उधर धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

## जम्मू के साहिल ने जीती बड़ी माली

**देहरा।** देहरा की ग्राम पंचायत खैरिया के सपडू गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा भाटी दंगल मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। दंगल में दूर दराज से आए हुए पहलवानों ने अपनी कुश्ती के जौहर दिखाकर लोगों का खूब मनोरंजन किया। मेला दंगल के अंतिम क्षणों में छोटी माली का आयोजन हुआ जिसमें अनु पहलवान नंदपुर और साहिल पहलवान परागपुर के बीच कांटेदार कुश्ती हुई। इस कुश्ती में छोटी माली के विजेता अनु पहलवान नंदपुर रहे। वहीं अंतिम क्षण में बड़ी माली का भी जोरदार मुकाबला काला पहलवान दीनानगर और साहिल पहलवान जम्मू के बीच हुआ जिसमें साहिल पहलवान जम्मू विजय रहे। मेला कमेटी सदस्यों द्वारा मेले में आमंत्रित मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# अनंत ज्ञान एजुकेशन करियर

# 19 को पैट और 26 मई को लीट की प्रवेश परीक्षा

**एसके शर्मा, जाहू**



हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड के द्वारा पैट व लीट की प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए हैं। प्रवेश परीक्षा पैट के लिए 30 अप्रैल और लेटरल एंट्री एंट्रेंस टेस्ट लीट 2024 के लिए चार मई तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों से 650 रुपए, जबकि आरक्षित वर्ग को 400 रुपए शुल्क जमा करवाना होगा। मई में होने वाली इन प्रवेश परीक्षाओं के लिए तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने आवेदन मांगे हैं। इसके लिए तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने शेड्यूल जारी कर दिया है।

प्रवेश परीक्षा में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता दसवीं 12वीं और आईटीआई पास होनी चाहिए। जिन स्टूडेंट्स ने 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं दी हैं। वह अभ्यर्थी भी प्रवेश परीक्षा में भाग ले सकेंगे। हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड 19 मई को पैट की परीक्षा लेगा जबकि लेटरल एंट्री एंट्रेंस टेस्ट लीट 26 मई को लिया जाएगा। बहुतकनीकी प्रवेश परीक्षा पैट कुल 600 अंकों की होगी। वहीं लेटरल एंट्री एंट्रेंस टेस्ट लीट की परीक्षा 400 अंकों की होगी।आवेदन की अधिक जानकारी तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# करियर निर्माण में माता-पिता की भूमिका महत्वपूर्ण

स्कूली छात्रों की करियर काउंसलिंग और उनके करियर निर्माण में माता-पिता की भूमिका बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। जब करियर पथ के वित्तीय पहलुओं की बात आती है तो माता-पिता प्रमुख निर्णय लेने वाले होते हैं, इसलिए उन्हें बोर्ड में शामिल करना महत्वपूर्ण है। यहां उनके बच्चों के करियर निर्माण में उनकी भूमिका की व्यापक व्याख्या दी गई है।

- माता-पिता को अपने बच्चे की रुचियों, शक्तियों और कमजोरियों को समझने का प्रयास करना चाहिए। वे अपने बच्चों पर अपनी आकांक्षाएं थोपे बिना विविध करियर विकल्प तलाशने में मदद करने के लिए भावनात्मक समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- सफल करियर काउंसलिंग के लिए माता-पिता और उनके बच्चों के बीच खुला और ईमानदार संचार आवश्यक है। माता-पिता को अपने बच्चे की आकांक्षाओं को समझने और आपसी समझ के आधार पर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए रचनात्मक बातचीत में संलग्न रहना चाहिए।
- माता-पिता सक्रिय रूप से पेशेवरों के साथ बातचीत, करियर मेलों में दौरे और विभिन्न उद्योगों के बारे में चर्चा के माध्यम से विभिन्न करियर के अवसरों की तलाश कर सकते हैं और उन्हें जोखिम प्रदान कर सकते हैं। यह प्रदर्शन छात्र के दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में मदद करता है और सूचित निर्णय लेने में सहायता करता है।
- उच्च शिक्षा या विशेष प्रशिक्षण के लिए वित्तीय योजना में सहायता करना माता-पिता की भागीदारी का एक महत्वपूर्ण पहलू है। वे अपने बच्चे की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संभावित छात्रवृत्ति अवसरों, वित्तीय सहायता या निवेश विकल्पों का पता लगा सकते हैं।



- माता-पिता अपने बच्चों को उनकी रुचियों के अनुरूप विविध विषयों और पाठ्यतर गतिविधियों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह अन्वेषण बच्चे को उनके जुनून और संभावित करियर पथ खोजने में मदद कर सकता है।
- माता-पिता अपने बच्चों को परामर्श के अवसर प्रदान करने के लिए अपने स्वयं के पेशेवर नेटवर्क का लाभ उठा सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में सलाहकारों के संपर्क से करियर योजना के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन मिल सकता है।
- अपने बच्चों की आकांक्षाओं का समर्थन करते हुए, माता-पिता यथार्थवादी अपेक्षाओं को संतुलित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे अपने बच्चों को उनके चुने हुए करियर पथ की शैक्षणिक और कौशल आवश्यकताओं को समझने में मदद कर सकते हैं।
- जैसे-जैसे नौकरी का बाजार विकसित हो रहा है, माता-पिता को अपने बच्चों में अनुकूलनशीलता और आजीवन सीखने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना चाहिए। वे उभरते करियर रुझानों और निरंतर कौशल विकास के महत्व के बारे में चर्चा की सुविधा प्रदान कर सकते हैं।



**सौरभ गुप्ता**

**दिल्ली** विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हिंदू कॉलेज के पूर्व छात्र, सौरभ गुप्ता ने लाल बहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से प्रबंधन की पढ़ाई की। उन्होंने वंडर्सकूल और करियर प्रभु नामक कंपनी की स्थापना की, जिसका मुख्य उत्पाद परामर्श था। गुप्ता पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में 150 स्कूलों के साथ काम करते हैं और उन्होंने 1,00,000 से अधिक छात्रों को भारतीय और विदेशों में उनके सपनों के कॉलेजों तक पहुंचने में मदद की है।




**बच्चे को समझना और उसका समर्थन करना • प्रभावी संचार, अवसरों का प्रदर्शन • वित्तीय योजना • अन्वेषण को प्रोत्साहित करना • नेटवर्किंग और मेंटरशिप • यथार्थवादी अपेक्षाओं को संतुलित करना**

### करियर काउंसलर के साथ संपर्क में रहें

माता-पिता को निर्णय लेने में अपने बच्चे की स्वायत्तता का सम्मान करना चाहिए। मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करते समय, उन्हें अपने बच्चे के व्यक्तित्व और पसंद को पहचानना और उसका सम्मान करना चाहिए। यहां सबसे अच्छा तरीका है करियर काउंसलर के साथ लगातार संपर्क में रहना और अपने बच्चों के लिए सर्वोत्तम अवसर लाना।

## चुनावी टकी

### दिल्ली से शिमला तक सियासी वैद्यों-हकीमों की मौज



**दिल्ली** से शिमला तक सियासी वैद्यों-हकीमों का भाव बढ़ चुका है। बदले मौसम में चुनावी बुखार सर तक चढ़ चुका है। कुछ तो दिल्ली के वैद्यों के चक्कर लगा रहे हैं तो कुछ शिमला के हकीम को नब्ज दिखा रहे हैं। रोग ऐसा लगा है कि लोग भी हैरान हैं, नेता जी के घर के सब परेशान हैं। हालत पूछने वालों का घर में तांता लगा है, रोग कौन सा नेता जी को नया लगा है। पुराने हकीम जी ने लाखों लेकर जो दी थी दवाई, अब वह तो हो चुके हैं हवा हवाई। नए वैद्य जी के पास अब पहुंचा मसला है, उनका नुस्खा काम करेगा ऐसा उनके पास असला है। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी नेता जी के रोग से अनजान है। चुनाव आते ही उनके पड़ोस में क्यों आते नए-नए मेहमान हैं। ताऊ भी अब पता लगाने की ठान चुका है, नेता जी का रोग अलग है ऐसा मान चुका है। चुनावी कीड़ा नेता जी को काट चुका है, जेब में जो था वह चाटुकारों में लुटा चुका है। इस घर के अजब निकली यह कहानी है, दादा के बाद पोते की सियासी मर्ज पुरानी है। आज नहीं तो कल तक जख्म भर जाएंगे, आस नहीं छोड़ेंगे बेशक मर जाएंगे। -राजेश शर्मा

### हम बिकाऊ नहीं, टिकाऊ हैं



**हमें** तो ऐसे ही बदनाम किया जा रहा है, हम बिकाऊ नहीं, हम तो टिकाऊ हैं। इतने दिनों तक हमें जहां रखा हम वहीं रहे, अपनों को भी नहीं मिले! तो क्या हम टिकाऊ नहीं हुए? हमें तो ऐसे ही बदनाम किया गया हम बिकाऊ नहीं टिकाऊ हैं। पूछो जरा, हम तो पांच सितारा होटल में अपनी मर्जी से थोड़े गए थे। हमें तो यह पता नहीं, उसका बिल किसने भरा था। बदनाम मत करो हम बिकाऊ नहीं टिकाऊ हैं। हम तो तीन वक्त की रोटी खाकर काम चला रहे थे। कमरे के भीतर भी जहां जगह मिली, वहीं सुस्ता रहे थे। हमें तो ऐसे ही बदनाम किया जा रहा है, हम बिकाऊ नहीं टिकाऊ हैं। उड़न खटोला भी हमारा नहीं था, उसका किराया भी हमने नहीं दिया था। हमें चौपर में जिस सीट पर धरा, उसी पर बैठे थे, मजाल है शिमला तक अपनी सीट से हिले तक नहीं थे। हमको ऐसे ही बदनाम मत करो, हम बिकाऊ नहीं टिकाऊ हैं। हमें नहीं पता कि सबके पीछे क्या कहानी थी, किसने भविष्य को दांव पर लगा अपने उधार की बड़ी कीमत चुकानी थी। गिराने जिनको चले थे वह तो खड़े हैं, उल्टा हम गिर चुके हैं, लाठी के सहारे बड़ी मुश्किल से खड़े हैं। हमें जैसा बोला गया हम वहीं खड़े रहे, लेकिन जरूरत जिनकी थी वह जिद्द पर अड़े रहे। इसमें हम ऐसे ही बदनाम हैं, वर्तमान से पूर्व हो गए, भले जनादेश का अपमान है। हम एक जगह डटे रहे खड़े रहे, हम तो बिकाऊ नहीं टिकाऊ हैं। भाखड़े वाला ताऊ भी चुपचाप सब सुन रहा है। एक टक लगाए किनारे बैठा मन में कुछ बुन रहा है। स्वार्थी नेताओं के भीतर झूठ बोलने की कितनी कला है, सियासत भी कैसी बला है। -राजेश शर्मा

## हिमाचल विधानसभा चुनाव एक नजर

**10,000** फुट से अधिक ऊंचाई पर मतदान केंद्र
- 15,256 फुट — टशीगंग
- 12,010 फुट — नाको
- 11,302 फुट — चस्क भटौरी
- 10,000 फुट — काथी

**65,682** सर्विस वोटर हैं हिमाचल में
- 1,527 — महिलाएं
- 64,155 — पुरुष

**11,79,674** युवा वोटर करेंगे मतदान
- 10,40,756 — 20 से 29 साल
- 1,38,918 — 18 से 19 साल

**3,08,280** वोटर 2019 से इस बार ज्यादा
- 1,53,191 — महिलाएं
- 1,55,089 — पुरुष

## हिमाचल में एक जून को राजपत्रित अवकाश

**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के चलते हिमाचल में एक जून, 2024 को राजपत्रित अवकाश घाषित किया गया है, वहीं लोकसभा आम चुनाव के कारण लाहौल-स्पीति और चंबा जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में काम करने वाले जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं और सिमौर व सोलन के सीमावर्ती क्षेत्रों में काम करने वाले उत्तराखंड के मतदाताओं को 19 अप्रैल को विशेष भुगतान अवकाश रहेगा। साथ ही हिमाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में काम करने वाले उत्तर प्रदेश के मतदाताओं को भी 19 अप्रैल को अवकाश रहेगा।

# धूमल हार की 'टीस' और सीएम सुक्खू की 'रीस' पर बिछेगी चुनावी बिसात!

## हमीरपुर में एक वोट पीएम और एक सीएम की चाल आएगी काम, चुनावी बिसात बिछाने में जुटी भाजपा-कांग्रेस

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भले ही कांग्रेस ने अभी तक सुजानपुर और बड़सर में विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों का ऐलान नहीं किया हो, लेकिन मुद्दा 'हमीरपुर बचाओ' उसके कार्यकर्ताओं की जुबान पर अब 'घर' करने लगा है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की हार की 'टीस' और प्रदेश में सीएम सुखविंद्र सुक्खू की 'रीस' जैसे मुद्दों पर अब चुनावी बिसात बिछाने जैसे ताम-झाम शुरू हो चले हैं।

कांग्रेस की छोटी या बड़ी कार्यकर्ताओं की बैठकों में भी धूमल का जोर-जोर के साथ जिक्र हो रहा है मतलब साफ है कि जिले की राजनीति सीएम के इर्द-गिर्द घूमने में कोई कोर कसर किसी भी स्तर पर न छूट पाए, यही रणनीति कांग्रेस खेमे में घर कर रही है। सत्ता संग्राम से नाराज तबके की जुबान पर भी इसी की चर्चा हो रही है। हमीरपुर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का गृह जिला है। सत्ता संग्राम का असली 'क्लेश' भी यहीं से शुरू हुआ है। पांच सीटों वाले इस जिले में यदि तीन विधायक बागी हो जाएं, तो फिर सीएम के समर्थकों के लिए चिंता तो होनी ही है। खैर जो भी हुआ वह हो चुका है। अब तो तीन में से दो पर उपचुनाव हो रहा है, तीसरे उपचुनाव की बारी कब आएगी, इसका इंतजार करना पड़ेगा। सुजानपुर में पार्टी के प्रदेश के वर्किंग प्रेसिडेंट चंद्रशेखर की मौजूदगी में जो बैठक हुई है, उसमें ऐसा बिरला ही वक्त होगा, जिसने अपने भाषण में पूर्व मुख्यमंत्री धूमल का जिक्र न किया हो। सारे का सारा दोष राजेंद्र राणा पर मढ़ा गया है। पब्लिक को बताया जा रहा है कि जो हो चुका है, वह हो चुका, अब जिला की जनता फिर से ऐसा कोई कारनामा करके दिखाए इसकी गुंजाइश नहीं है। हालांकि अभी चुनावी माहौल में पैनापन नहीं है। अभी तो बड़सर और सुजानपुर में कांग्रेस को प्रत्याशी घोषित करना है। एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति इसलिए पैदा हो चुकी है, क्योंकि सालों से चले आ रहे उनके नेता दूसरे दल में जा चुके हैं। पार्टी के भीतर अब असली चेहरा कौन होगा इस पर खूब घमासान हो रहा है। क्या बीजेपी से ताल्लुक रखने वाले किन्हीं नेताओं को भी कांग्रेस इंपोर्ट कर सकती है, इस पर भी अंदर खाते पार्टी के नेता काम कर रहे हैं। सुजानपुर में तो इसकी चर्चा हो रही है। बड़सर में शायद ज्यादा गुंजाइश पार्टीजनों को दिखती नहीं है, लेकिन यहां टिकट की चाहत रखने वालों की तादाद कम नहीं है।



(अनंत ज्ञान)



### भाजपा में ऊपरी तौर पर सब ठीक चल रहा है!

**उधर,** समीरपुर में सियासी संग्राम में शामिल नेताओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। उनके साथ पार्टी के बड़े नेता भी पहुंच रहे हैं। क्योंकि इन तमाम नेताओं की भाजपा के भीतर जिस अंदाज में 'एंट्री' हुई है, उसमें पार्टी का एक खेमा निश्चित रूप में 'भौचक्का' सा रह गया है। पार्टी के दूसरे खेमे ने जिस अंदाज में यह सारा ताना-बाना बुना, उसका अंदाज शांता कुमार जैसे दिग्गज नेता को भी समझ नहीं आया तो फिर जिन्हें अब इसका असर झेलना पड़ेगा, उनकी समझ में कैसे आएगा? खैर जो भी हो ऊपरी तौर पर सब ठीक चल रहा है। मंडल बैठकें आयोजित कर रहे हैं। मान-मनोव्वल का दौर भी शुरू हो गया है। चुनावी बिसात बिछने तक क्या-क्या नए समीकरण बनेंगे? रूठों को भाजपा यथार्थ में मना पाएगी? इस पर अभी यकीनी तौर पर कुछ भी कह पाना बहुत जल्दबाजी होगा। तभी तो, अभी तक दोनों ही दलों में अनिश्चितता का दौर चल रहा है। कांग्रेस को केवल एक सीट जीतने का दम भरना है। भाजपा को कंप्लीट कुनबा चाहिए। यही फिलहाल असल समस्या है। उसी लड़ाई का सिलसिला शुरू हो चुका है।

## 1951-52 में हुए थे स्वतंत्र भारत के पहले चुनाव

### ...जब लोग चुनावों को मानते थे धर्म का काम, मतपेटी में डालते थे सिक्के

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



कृष्ण चंद्र शर्मा, पूर्व चुनाव आयुक्त।

आज भले ही ईवीएम का युग है, लेकिन भारतीय राजनीति में एक ऐसा भी दौर था, जब लोग चुनावों को धर्म का कर्म मानते थे। आलम यह कि कुछ मतदाता मतपेटियों के आगे न सिर्फ धूप-बत्ती किया करते थे, बल्कि कुछ मतदाता तो चढ़ावे के रूप में सिक्के तक मतपेटियों में डाल दिया करते थे।

अतीत पर गौर करें तो 15 अगस्त 1947 को देश के आजाद होने के बाद पहली संसद के पहले चुनाव 1951-52 में हुए थे। इससे पहले केंद्रीय धारा सभा के सदस्यों को ही संसद सदस्य माना जाता था तथा केंद्रीय धारा सभा को सभी उद्देश्यों के लिए लोकसभा का निचला सदन माना जाता था। संविधान के प्रावधानों के अनुसार पहला चुनाव 1951-52 के शरद काल में हुआ तथा देश के कुछ भागों में मतदान अक्तूबर-नवंबर माह में करवाया गया। इस श्रेणी में देश के वे क्षेत्र शामिल थे, जिनमें हिमपात होने के कारण पैदा कठिनाइयों के कारण चुनाव करवाना अत्यंत कठिन था। इनमें वर्तमान हिमाचल प्रदेश के पांगी, भरमौर तथा लाहौल-स्पीति जैसे क्षेत्र शामिल थे। पहले चुनाव में आज की तरह ईवीएम नहीं थी, बल्कि मतपेटियां थीं। मतपेटियों की संख्या उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करती थी। संसद तथा विधानसभा चुनाव साथ-साथ होते थे तथा संसद तथा विधानसभा के चुनावों के लिए अलग-अलग मतपेटियां रखी जाती थीं। पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त कृष्ण चंद्र शर्मा बताते हैं कि उस समय मतदाता लोकतंत्र को मंदिर समझते थे तथा मतदान को धर्म का काम मानते थे।

**उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करती थी मतपेटियों की संख्या**

इसके कारण कई मतदाता मतपेटी के सामने धूप-बत्ती भी किया करते थे तथा कुछ मतदाता तो चढ़ावे के रूप में मतपेटी में सिक्के भी डाल देते थे तथा मतगणना के दौरान ये सिक्के निकलते थे। (अनंत ज्ञान)

## हर विधानसभा क्षेत्र में स्थापित होगा एक हरित पोलिंग बूथ

**शिमला।** हिमाचल के हर विधानसभा क्षेत्र में एक हरित पोलिंग बूथ स्थापित होगा। यह निर्णय मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने निर्वाचन की तैयारियों के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में लिया है। उन्होंने कहा कि यहां मतदान प्रक्रिया के दौरान स्थानीय कला और संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारियों को नए मतदाताओं के नामांकन की प्रक्रिया में तेजी लाने और मतदाता पहचान पत्रों (एपिक) का समयबद्ध वितरण करने के निर्देश दिए। 10 मई 2023 से अब तक कुल नए मतदाताओं की संख्या 1,81,509 है। अब तक वितरित एपिक कार्डों की कुल संख्या 1,67,135 है। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों में रैंप, शौचालय, स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवाने और वेबकास्टिंग के लिए मतदान केंद्रों को चिह्नित करने के निर्देश दिए है। प्रदेश में 150 मतदान केंद्रों का संचालन महिलाएं करेंगी, जबकि 29 दिव्यांगजन और 54 बूथ युवा संभालेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चार मॉडल मतदान केंद्र बनेंगे।

## 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग घर से डालेंगे वोट

**पद्धर।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीम पद्धर सुरजीत सिंह ने बताया कि द्रंग के विधानसभा क्षेत्र में बहुत से मतदाता हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं, जैसे सैनिक, अर्धसैनिक बल इत्यादि में वे मतदान करने के लिए घर नहीं आ सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने सैनिक व अर्धसैनिक, सुरक्षा बल इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट द्वारा मतदान करने की सुविधा दी है। लोकसभा चुनाव 2024 में इस बार 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग वोटरों को घर से वोटिंग की सुविधा मिलेगी। आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारी व अधिकारी फार्म 12 - डी भरकर बैलट पेपर के माध्यम से अपने मत अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को इस से संबंधित निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने विभागों में ऐसे कर्मचारियों को चिन्हित किया जाए, जो आवश्यक सेवाओं में होने के कारण मतदान के दिन अपनी ड्यूटी के कारण अपने मत अधिकार का प्रयोग नहीं कर सकते, ऐसे सभी कर्मचारी व अधिकारी का मतदान फॉर्म 12- डी के माध्यम से सुनिश्चित करवाया जाएगा, ताकि वह कर्मचारी अपने मतधिकार के अधिकार से वंचित न रह सके।

## कांग्रेस से देवेंद्र जग्गी को टिकट! विजय इंद्र व मनोज कुमार भी मैदान में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश की हॉटसीट धर्मशाला में कांग्रेस का टिकट पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी को मिलना लगभग तय माना जा रहा है। यही वजह है कि जग्गी समर्थकों में खुशी की लहर है तथा खुद जग्गी भी लगातार जनता के बीच पहुंच कर बैठकें कर रहे हैं।

हालांकि पहले चर्चा यह भी थी कि धर्मशाला सीट पर 2019 के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे विजय कर्ण इंद्र पर पार्टी दांव खेल सकती है। वहीं, अब चर्चा यह है कि पूर्व मेयर जग्गी की टिकट पक्की हो चुकी है तथा घोषणा की औपचारिकता मात्र शेष है। यहां बताते चलें कि जग्गी कभी पूर्व मंत्री तथा विधायक सुधीर शर्मा के करीबी रहे हैं तथा वर्तमान में उनकी दूरियां जगजाहिर हैं। ऐसे में दोनों नेताओं में होने वाला मुकाबला खासा रोचक हो सकता है। इसके अलावा नगरोटा बगवां के विधायक तथा पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली के साथ भी जग्गी के अच्छे रिश्तों का लाभ भी उनके टिकट मिलने में मददगार हो सकता है। वहीं, पार्टी में विजय कर्ण इंद्र तथा मनोज कुमार जैसे नेता भी हैं, जो टिकट के प्रबल दावेदारों में शामिल हैं। उधर, कांग्रेस के राज्य सचिव तथा धर्मशाला के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी ने कहा कि पार्टी के लिए वह सालों से कार्य कर रहे हैं तथा अगर पार्टी उन पर विश्वास जताती है तो कांग्रेस एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ जीत को सुनिश्चित करेगी।

## 15,256 फुट ऊंचाई पर स्थापित होगा टशीगंग पोलिंग स्टेशन

**अनिल शर्मा, मंडी**

देश के दूसरे सबसे बड़े संसदीय क्षेत्र मंडी में कई अनछुए पहलू सबके के लिए वर्षों से रोचक बने हुए हैं। भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार 6 जिलों के 17 विधानसभा क्षेत्रों में खान-पान से लेकर भाषा और बोलियां भी भिन्न भिन्न हैं, फिर भी यहां के लोग एक साथ मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करते आ रहे हैं। वर्तमान लोकसभा चुनाव के दौरान मंडी संसदीय क्षेत्र में 2213 पोलिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, जिनमें शहरी क्षेत्रों में 120 और ग्रामीण क्षेत्रों में 2093 पोलिंग स्टेशन होंगे।

**किन्नौर के पोलिंग स्टेशन पर 16 मतदाता करेंगे मतदान**

इनमें से 98 पोलिंग स्टेशन शैडो जोन में होंगे। सबसे अधिक 1403 मतदाता मंडी जिला के सुंदरनगर विधानसभा के चौगान स्टेशन में है। वहीं, सबसे कम 16 मतदाता किन्नौर जिला के पोलिंग स्टेशन में हैं। लाहौल-स्पीति का टशीगंग पोलिंग स्टेशन सबसे अधिक 15,256 फुट ऊंचाई पर स्थापित होगा। वहां पर 52 मददाता हैं। सड़क से अधिक 14 किलोमीटर दूरी पर भरमौर का एहलमीं ओर बंजार विधानसभा का शाकटी पोलिंग स्टेशन है।

इसके साथ ही यहां स्थानीय देवी-देवताओं का खासा प्रभाव है, जिनके रीति-रिवाज से लेकर उत्सव वर्ष में तीन से पांच बार मनाए जाते हैं। यहां के देवता जो कहेंगे उसी अनुसार लोग श्रद्धापूर्वक आचरण और नियम पालन करते हैं। यहां वर्षों से आस्था अपने चर्म पर रही है। देश की परिस्थितियों पर यहां मंथन जरूर होता है, लेकिन मतदाता बहुत ही सुलझे हुए तरीके से मतदान करते हैं और वूथ कमेटियों तक उसकी गिनती भी कर लेते हैं, जिस कारण कई बार चुनाव के बाद भी वोट प्रतिशत पर यहां चर्चा चली रहती है। (अनंत ज्ञान)

## युवा मतदाता

हायर एजुकेशन के प्रति अभी हमारी नीतियां ढुलमुल ही हैं। हर तरह की एजुकेशन फ्री मिलनी चाहिए। निजी स्कूल चांदी कूटते हैं, तो फिर सरकारी स्कूल की हालत ऐसी क्यों है? सरकारी टीचर अपने बच्चों को निजी स्कूलों में क्यों पढ़ाते हैं। संसद में यह मुद्दा बड़े स्तर पर उठना चाहिए। हर सरकारी कर्मचारी के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने चाहिएं, जो सांसद इस कानून को बनाने के लिए आवाज बुलंद करेगा, उसी को वोट मिलेगा। सरकारी अध्यापक भी अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाते हैं, क्या उन्हें अपने ऊपर विश्वास नहीं है। आज आम आदमी निजी स्कूलों की लूट के आगे मजबूर है। सरकार इस बारे में कोई कारगर कदम आज तक नहीं उठा पाई है। यदि हायर एजुकेशन फ्री होगी, तो लूट अपने आप मिट जाएगी। मंडी से चुनने वाले सांसद से हमें सवाल-जवाब जरूर करने चाहिएं, ताकि जनता का शासन जनता के लिए समर्पित हो सके।



**-रुबीना ठाकुर, एमएससी, एमबीए सरकाघाट, मंडी।**

**देश** का युवा बेरोजगार है, केंद्र सरकार पिछले 10 वर्षों से रोजगार की बात करती आई है, लेकिन युवा आज भी नौकरी की तलाश में है। जहां तक भरमौर की बात है तो यह क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। यहां मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसदों ने इस क्षेत्र की किसी समस्या को संसद में नहीं उठाया। चंबा जिले में विकास की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन जन प्रतिनिधियों ने इस ओर कोई गौर नहीं किया। आगामी मतदान महत्वपूर्ण होगा, बेहद सोच समझ कर जनता के लिए वादों को पूरा करने वाले व्यक्ति को ही मतदान किया जाएगा। ऐसे उम्मीदवार को वोट देंगे जो बिना भेदभाव के सभी की मदद करता रहे। साथ ही क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास परक सोच वाला हो और जनता की समस्याएं दूर कर, सभी वर्गों का समान विकास करवाए और लोगों को साथ लेकर चले।



**महेश राज, भरमौर।**

## अगले पांच साल में भारत तीन आर्थिक महाशक्तियों में होगा शामिल : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के 10 साल का कार्यकाल भारत में ऐतिहासिक प्रगति का समय रहा है। रक्षा से लेकर स्वास्थ्य, विज्ञान, अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत ने अग्रणी भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि पहले जहां महामारियों की वैक्सीन भारत आने में दशकों लग जाते थे आज वही भारत सबसे पहले वैक्सीन बनाकर अन्य देशों को भेज रहा है, यह नरेंद्र मोदी का भारत है, जो आत्मनिर्भरता के साथ विश्व कल्याण की भावना के साथ प्रगति की विकासगाथा लिख रहा है। देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की दसवीं बड़ी अर्थव्यवस्था थी, मात्र दस साल के कार्यकाल में बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को पछाड़कर पांचवें स्थान पर आ गई। यह काम इतना आसान नहीं था, लेकिन नरेंद्र मोदी कठिन काम के लिए जाने जाते हैं। इस बार प्रधानमंत्री ने और कठिन लक्ष्य रखा है, वह है भारत को दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करना। हर भारतीय को पूर्ण विश्वास है कि यह लक्ष्य भी पूरा होगा। इस समय हर भारतीय नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए कार्य कर रहा है।



## विक्रमादित्य बोले- जयराम जी कोई एक काम बता दो, जिससे प्रदेश की वित्तीय स्थिति सुधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जयराम जी पांच साल डबल इंजन की सरकार का राग अलापते रहे, कोई एक काम बता दो, जिससे प्रदेश की वित्तीय स्थिति सुधरी या अच्छी हुई हो। आप एक भी प्रोजेक्ट पूरा नहीं कर पाए हैं। यह बात मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी और लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कांग्रेस की विशेष बैठक में कही।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री पर शाब्दिक हमला बोलते हुए कहा कि जब हमने कहा कि हिमाचल को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए, तो भाजपा के एक भी विधायक ने साथ नहीं दिया, दिया होता तो हिमाचल को 12 हजार करोड़ रुपए का पैकेज मिलता। आज किस मुंह से कह रहे हैं कि हम जनता के बीच रहे या हिमाचल के लिए कुछ काम किया। विक्रमादित्य ने कहा कि कंगना मेरी बहन जैसी है, कोई उसके खिलाफ अभद्र टिप्पणी न करे, लेकिन जिन लोगों के खिलाफ कंगना ने अभद्र टिप्पणियां की हैं क्या उनकी कोई जवाबदेही नहीं है। दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। अगर इज्जत चाहिए तो दूसरों की इज्जत करना सीखें। विक्रमादित्य ने कहा कि हवा में चुनाव न लड़ा जाए कि सब ठीक है हम जीत रहे हैं, मेहनत की जानी चाहिए तभी सफलता मिलेगी।



## पुरुष मतदाता

**देश** में नई सरकार के निर्माण के लिए मतदान सोच-समझ कर करना होगा। कई मुद्दे हैं, जिन पर मतदाताओं की नजर है। जहां तक राजनीति में हो रही दलबदल की बात है, तो यह बेहद गलत है। जनता को विचार करना चाहिए और सोच-समझ कर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। प्रदेश में भाजपा ने जो ऑपरेशन लोटस चलाने का प्रयास किया, वह गलत है। जो कांग्रेस के पूर्व विधायक थे अब सदस्यता रद्द होने के बाद वे भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, जनता इनसे नाराज है। प्रदेश सरकार पांच वर्षों के लिए आई है, उसे अपना कार्यकाल पूरा करने का मौका देना चाहिए। प्रदेश में काबिज सरकार बहुमत से आई है। चुने हुए प्रतिनिधियों को अपने व्यक्तिगत महत्वकांक्षाओं को छोड़ जनहित के फैसले लेने चाहिएं। जनप्रतिनिधियों का बार-बार दल बदलना बेहद गलत है।



**महेश राज, धर्मशाला।**

**सियासत** कांग्रेस के लिए लोकसभा ही नहीं विधानसभा उपचुनाव में भी जीत की चुनौती

# सीएम व डिप्टी सीएम पर हमीरपुर के सियासी किले को बचाने का जिम्मा

**जय ठाकुर, शिमला**

देश की राजनीति में छोटे से पहाड़ी राज्य हिमाचल का सियासी माहौल गर्मा चुका है। राज्य में वर्ष 2022 में बनी सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के पास 40 विधायकों का प्रचंड बहुमत था और तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन भी हासिल था। विधानसभा की 68 सीटों में से भाजपा के पास केवल 25 सीटें थीं, लेकिन राज्यसभा चुनाव के बाद से प्रदेश की राजनीति में उठापटक का दौर शुरू हो गया।

अब आलम यह है कि राज्य के सीएम और डिप्टी सीएम की अपने ही संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में सियासी साख दाव पर लगी हुई है। अपने ही जिले में मुख्यमंत्री तीन विधायकों का समर्थन पहले ही खो चुके हैं। अब इन दोनों बड़े नेताओं के समक्ष एक नहीं अनेक चुनौतियां मुंह बाएं खड़ी हो गई हैं। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री का संसदीय क्षेत्र एक ही है। दोनों नेता हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से हैं। कांग्रेस पार्टी की बात की जाए तो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गृह जिला हमीरपुर है। वहीं, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री का गृह जिला ऊना है। ये दोनों हमीरपुर संसदीय सीट के तहत आते हैं। सबसे पहले तो सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सामने कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी को नादौन विधानसभा क्षेत्र से अच्छी-खासी लीड दिलाने का जिम्मा होगा। फिर हमीरपुर जिला की सभी सीटों से लोकसभा चुनाव में बढ़त की चुनौती होगी।



### उपचुनाव में इन सीटों पर जोरदार चुनौती

**मुख्यमंत्री** एवं उपमुख्यमंत्री के सामने लोकसभा चुनाव में पहले से चार बार के विजयी उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के रूप में एक बड़ी चुनौती है। केवल लोकसभा सीट पर ही राजनीतिक चुनौती से नहीं निपटना ही एक चुनौती नहीं है, बल्कि सुजानपुर, बड़सर व कुटलैहड़ व गगरेट में विधानसभा उपचुनाव में सियासी साख को बचाना उनके जिम्में होगा।



(अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस के पास ओपीएस का सहारा

**कांग्रेस** वोटर्स को ओपीएस सहित महिलाओं को 1500 रुपए की गारंटी के बारे में बताएगी। साथ ही राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराएगी। सीएम सहित सभी कांग्रेस नेता बार-बार ये कह रहे हैं कि भाजपा ने धनबल का प्रयोग किया है। कांग्रेस कह रही है कि धनबल के सामने जनबल की जीत होगी। वहीं, राम मंदिर निर्माण को लेकर कांग्रेस का तर्क रहेगा कि राम सभी के हैं और भाजपा के पास इसका पेटेंट नहीं है।

### भाजपा ने प्रचार में झोंकी ताकत

**भाजपा** ने उपचुनाव की घोषणा होते ही अपने उम्मीदवारों का चयन करने में कोई देर नहीं लगाई और कांग्रेस के सभी बागियों को टिकट जारी कर अब तेज गति के साथ प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। अब बागी नेताओं का खुद का समर्थक वोट बैंक और भाजपा के कैडर सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी की छवि से निपटना अब कांग्रेस के सामने बड़ा लक्ष्य है।

**सीएम को इन मुद्दों से पाना होगा पार**

**भाजपा** के पास अनुराग ठाकुर के साथ उनका केंद्र में कद और नरेंद्र मोदी सरकार के काम का सहारा है। साथ ही राममंदिर निर्माण का वादा पूरा होने पर यह भवनात्मक मुद्दा भी भाजपा भुना रही है।

## दुकान से पकड़ी अवैध शराब



**नगरोटा बगवां।** जिला के पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत अवैध शराब बरामद करने का एक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार जसाई मोरठ में प्रकाश चंद निवासी लाहड़ की दुकान से 6,750 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी दुकानदार के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उधर डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# दाड़ी में धुम्मू शाह मेला नौ से प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ऐतिहासिक धुम्मू शाह मेला दाड़ी की तैयारियों शुरू हो गई हैं। नौ से 18 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले के लिए दुकानों का आवंटन जारी है। भराड़ी माता मंदिर में पूजा-अर्चना व झंडे की रस्म के साथ मेले का आगाज होगा। मेले को लेकर मेला कमेटी ने तैयारियां कर ली हैं। मेला कमेटी अध्यक्ष सविता कार्की ने बताया कि व्यापारियों को दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बाहरी राज्यों के व्यापारियों के दुकान आवंटन के आवेदन आ रहे हैं। इस मेले की अधिकारिक शुरुआत नौ अपैल को पूरे रीति-



मेला ग्राउंड में अपनी दुकान लगाने की तैयारियां करते व्यापारी।

रिवाज से होगी। गौरतलब है कि धुम्मूशाह एक साहुकार थे जो यहां के स्थानीय लोगों व किसानों को पैसा उधार देते थे। जब फसल पकने को आती थी तो इन्हीं दिनों धुम्मूशाह अपने दिए पैसे वापस लेने व ब्याज लेने के लिए यहां आते थे। यहां पर लोगों की संख्या अधिक होती थी, पहले पहले किसी एक व्यक्ति ने लोगों के जलपान के लिए एक दुकान लगाई, फिर यह धीरे-धीरे मेले में तबदील हो गया। धुम्मूशाह के नाम पर ही आज भी यह मेला लगातार जारी है।

# अवैध खनन करते पांच टिप्पर, तीन जेसीबी जब्त

## नूरपुर के मुकाम खन्नी में अवैध खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

- जेसीबी के संचालकों से कुल 2,50,000 रुपए जुर्माना वसूला

**संजीव महाजन, नूरपुर**

पुलिस जिला नुरपूर द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस थाना नूरपुर के अंतर्गत मुकाम खन्नी में अवैध खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। इस मामले की पुष्टि पुलिस जिला नूरपुर एसपी अशोक रत्न ने की है। उन्होंने बताया कि तीन जेसीबी व पांच टिप्परों को अवैध खनन करते हुए जब्त किया गया है। अवैध खनन अधीनियम के अधीन इनके चालान किए गए हैं। उपरोक्त अवैध खनन में शामिल जेसीबी के संचालकों से कुल 2,50,000 रुपए व टिप्परों के संचालकों से 75,000 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है।



नूरपुर के मुकाम खन्नी में अवैध खनन करते पकड़े गए टिप्पर।

जिला पुलिस नुरपूर द्वारा साल 2024 में अवैध खनन माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए इस वर्ष चार अप्रैल तक अवैध खनन माफिया के खिलाफ चार अभियोग दर्ज किए गए हैं। जो उपरोक्त अभियोगों में 11 वाहन पुलिस द्वारा जब्त किए जा चुके हैं। इसके अलावा साल 2024 में चार अप्रैल तक अवैध खनन अधिनियम के अधीन 217 चालान किए गए हैं। खनन में शामिल 15 वाहनों को जब्त किया जा चुका है और कुल 25,70,600 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा सिद्ध चानो मंदिर में भंडारा छह को

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले तलवाड़ गांव में स्थित बाबा सिद्ध चानो मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी छह अप्रैल को विशाल भंडारे व जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में शशि पालमपुरिया और नितिन पठानकोट सूफी गायक अपनी मधुर आवाज से भक्तों को निहाल करेंगे। मंदिर के पुजारी विक्रम चंद ने बताया कि शनिवार को सुबह नौ बजे हवन पाठ, 10 बजे कीर्तन और 11 बजे भोग प्रसाद के साथ विशाल भंडारा लगाया जाएगा।

### तृप्ता स्कूल के दो छात्र जेएनवी में सिलेक्ट



जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए सिलेक्ट चलवाड़ा स्कूल के छात्र शिक्षकों के साथ।

**जवाली।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के होनहारों ने बाजी मारी है। बड़े ही गर्व की बात है की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा के छात्रों ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण कर स्कूल एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इसमें कक्षा छठी में तनिश कुमार और कक्षा नौवीं में उत्कर्ष धीमान ने परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। उनका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन वीरेंद्र नरियाल एवं प्रधानाचार्य राकेश राणा ने दोनों छात्रों को बधाई दी है।

### उत्तर पुस्तिकाओं की जांच आज से शुरू

**धर्मशाला।** परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं में बंद साल भर की मेहनत की जांच आज से शुरू हो जाएगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं और बारहवीं के पेपरों की चेकिंग चार अप्रैल से शुरू होने जा रही है। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच तेज एवं त्रुटि रहित हो इसके लिए स्पॉट इवेल्यूएशन सेंटरों की संख्या 42 से बढ़ाकर 51 कर दी गई हैं। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इन सेंटरों में 3210 शिक्षक मूल्यांकन ड्यूटी देने वाले है जिसमें की मैट्रिक परीक्षा के लिए 1550 और बारहवीं की परीक्षा के लिए 1660 शिक्षक मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही इस बार महिला शिक्षिकाओं के लिए आल वुमन स्पॉट इवेल्यूएशन सेंटर बनाया गया है क्योंकि पहले बोर्ड की महिला अधिकारियों को स्पॉट इवेल्यूएशन सेंटर नहीं भेजा जाता था परंतु इस बार यह नई पहल बोर्ड की ओर से की गई है तथा यह सेंटर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनियारा में स्थापित किया गया है।

### 56 लोगों को लगाए बीसीजी के टीके

**गरली।** सिविल अस्पताल गरली में बुधवार को प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों अनुसार टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बीएमओ डाडासीबा की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ता रमेश चंद शर्मा व आशा वर्कर सविता देवी, रीना देवी आदि के सहयोग से 18 से 60 वर्ष के 56 लोगों को बीसीजी के टीके लगाए गए। इस दौरान स्थानीय पंचायत प्रधान शशिलता को सर्वप्रथम बीसीजी वैक्सीन लगाकर टीबी मुक्त भारत का संदेश दिया। पंचायत प्रधान शशिलता ने जनता को संदेश दिया कि बीसीजी का टीका अवश्य लगाएं।



सिविल अस्पताल गरली में महिला को टीका लगाते डॉक्टर

### समाजसेवी गुलशन सडाना का निधन



**पपरोला।** पपरोला के प्रसिद्ध व्यवसायी और समाजसेवी गुलशन सडाना का बुधवार सुबह निधन हो गया। तीन दिन पूर्व ही उन्हें ब्रेन हैंब्रेज हुआ था और वह जालंधर के एक अस्पताल में उपचाराधीन थे। उनके निधन से शहर में शोक की लहर दौड़ गई है। गुलशन सड़ाना और उनके बेटे की जोड़ी को अक्सर बैजनाथ पपरोला में दो दोस्तों की जोड़ी कहा जाता था वे अपनी दुकान में भी दोस्तों की तरह ही रहा करते थे। अब पिता गुलशन के चले जाने से बैजनाथ-पपरोला की यह जोड़ी हमेशा के लिए टूट गई है।

# मैक्लोडगंज में पर्यटकों की तादाद बढ़ी, कारोबारियों को मिली राहत

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

लंबे अंतराल के बाद मैक्लोडगंज में पर्यटकों की चहल कदमी बढ़ने लगी है। सर्द ऋतु के ऑफ सीजन में मैक्लोडगंज में पर्यटन कारोबार पूरी तरह ठप रहा। हालांकि भारत-बनाम टेस्ट मैच के दौरान कारोबारियों में हल्की मुस्कान आई थी, लेकिन अब मौसम खुलने के बाद पर्यटकों का आगमन शुरू हो गया है। मैक्लोडगंज, धर्मकोट, नड्डी, भागसु नाग सहित आसपास के क्षेत्रों में देशभर से ही नहीं विदेशी पर्यटक भी पहुंचने लगे हैं। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार अभी तक जो पर्यटक पर्यटन नगरी पहुंचे हैं वे मुख्यत: मुंबई, गुजरात व केरल से हैं। पंजाब एवं अन्य पड़ोसी राज्यों से भी पर्यटक आ रहे हैं हालांकि उनकी संख्या कम है। बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां होने पर मैक्लोडगंज में अधिक पर्यटक पहुंचेगें और कारोबार में वृद्धि होगी। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने कहा कि आने वाले आईपीएल के दो मुकाबलों को लेकर होटलों में इंक्वायरी आना शुरू हो गया है। धर्मशाला में मई माह में होने वाले दो मुकाबलों में क्रिकेट फैंस के उमड़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि विश्व कप 2023 के बाद टेस्ट मैच तथा अब आईपीएल के दो मुकाबलों का आयोजन होने से पर्यटन कारोबार को लाभ मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

## देहरा व बीरता में पकड़ी अवैध शराब

**देहरा।** जिला के पुलिस थाना देहरा के तहत मरेहड़ा में रघुवीर सिंह निवासी जालंधर लाहड़ से 5,250 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उधर धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है। उधर, कांगड़ा जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के तहत बीरता में शमशेर सिंह निवासी वार्ड नंबर 1 बीरता की दुकान से 6,750 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी दुकानदार के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उधर, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

## सलियाना छिंज मेले में प्लाटों के आवंटन में धांधली का आरोप

# व्यापारियों से पैसे तो ले लिए, रसीद नहीं दी

**अजय पाल, पंचरुखी**

राज्य स्तरीय सलियाना छिंज मेले का दो अप्रैल को समापन हो गया लेकिन जब से मेला शुरू हुआ था तब से विवादों से घिरा रहा। कभी विभागों द्वारा प्रदर्शनियों को न लगाने को लेकर तो कभी महंगे प्लाटों के आवंटन को लेकर। अब मेले में आए व्यापारियों ने भी आरोप लगाए हैं कि उनसे प्लाटों के पैसे तो ले लिए हैं परंतु रसीद नहीं दी है। इस बार मेले में लोगों की चहलकदमी भी कम रही। जहां मेला ग्राउंड में चलने की जगह नहीं होती थी और ग्राउंड के बाहर भी दर्जनों दुकानें लगाई जाती थी वहां मेले में महंगे प्लाटों के कारण इस बार लगभग 25 प्रतिशत ग्राउंड भी खाली रहा। मेले की क्लोजिंग के अगले दिन सामान सस्ता होने के चलते बहुत भीड़ रहती थी, लेकिन इस बार मेले में भीड़ दिखाई नहीं दी। मेले में आए व्यापारियों ने कहा कि जो मेले में चार दिन कमाया उतना तो प्लाट लेने में खर्च हो गया है। अब अपना खर्चा निकालना भी मुश्किल हो गया है। लोगों ने प्लाटों के आवंटन को लेकर प्रशासन पर धांधली के आरोप लगाना शुरू कर दिए हैं। एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने इन आरोपों की जांच के आदेश भी दे दिए हैं। स्थानीय दुकानदारों में पूर्व प्रधान चैन सिंह, प्रकाश चंद, रमेश कुमार, राजेंद्र कुमार, हरि राम, नीटू ठाकुर व बहुत से लोगों ने कहा कि जब से इस मेले को सरकार ने अपने अधीन लिया है तब से लगातार इस मेले का स्तर गिरता जा रहा है। लोगों ने कहा कि खिलाड़ियों को देने के लिए जो इनाम राशि रखी गई थी प्रशासन ने उसमें भी कटौती करके इनाम राशि दी जिससे दूर दूर से आई टीमों का मनोबल भी कम हुआ है। इन्होंने कहा कि प्लाटों के आवंटन को लेकर काफी वर्षों से धांधली हो रही थी लेकिन इस बार मीडिया में मामला उजागर होने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। इस बार प्राशासन की मनमर्जी के कारण बहुत सारे व्यापारी मेले में नहीं आए। अब व्यापारी धांधली की जांच के लिए मेले में प्लाटों की रसीदों का मिलान करवाएंगे जिससे पता चल सके कि जितने रुपए व्यापारियों से लिए है क्या प्रशासन को भी उतने ही मिले है। एक टिक्की चने की दुकान लगाने वाले से भी प्रशासन ने पांच दिन की 35000 की रसीद काटी है। लोगों ने एसडीएम से मांग की है कि इस धांधली की निष्पक्ष जांच के लिए जांच कमेटी में स्थानीय लोगों को भी साथ रखा जाए। इस मामले पर नायब तहसीलदार पंचरुखी अरुण सांख्यान ने कहा कि इस मामले की जांच करवाई जा रही है। यदि कोई दोषी पाया जाता है तो किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# चुनावों को प्रभावित करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

- एसडीएम कांगड़ा ईशांत जसवाल ने की सख्ती

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

एसडीएम कांगड़ा ईशांत जसवाल ने बताया कि भारत चुनाव आयोग के निर्देशों अनुसार समस्त मतदाताओं व प्रत्याशियों को यह सूचित किया जाता है कि लोकसभा चुनावों में किसी भी प्रत्याशी या मतदाता द्वारा चुनावों के दौरान किसी प्रकार की धनराशि या अन्य किसी भी प्रकार से पारितोषिक का लेनदेन किया जाता है, जिससे चुनाव प्रभावित हो, ऐसे लोगों के विरुद्ध चुनाव आयोग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मशाला द्वारा चुनावों को निष्पक्ष करवाने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। उन्होंने जिला स्तर के अतिरिक्त उपमंडल क्षेत्रों में भी कंट्रोल रूम स्थापित करवाए हैं। इसी विषय पर एआरओ एसडीएम कांगड़ा आईएएस अधिकारी ईशांत जसवाल ने बताया कि कांगड़ा उपमंडल क्षेत्र में यदि कोई भी व्यक्ति कहीं पर भी इस प्रकार की घटना होते हुए देखता है जिससे चुनाव प्रभावित होते हो तो उसकी जानकारी वह एसडीएम कार्यालय कांगड़ा द्वारा स्थापित कंट्रोल रूम में दूरभाष नंबर 01892,264500 पर दे सकता है। चुनावों को प्रभावित करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सजा व जुर्माना दोनों का प्रावधान है। अत: समस्त लोगों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष करवाने में अपना-अपना सहयोग दें। किसी भी प्रकार के बहकावे या लालच में आए बिना अपने वोट का निष्पक्ष उपयोग करें। उन्होंने कहा निष्पक्ष चुनाव के लिए स्वतंत्र मतदान सबसे आवश्यक है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति चुनाव वाले दिन घर से निकलकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करे।

### कंट्रोल रूम में करें शिकायत

जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मशाला द्वारा चुनावों को निष्पक्ष करवाने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। उन्होंने जिला स्तर के अतिरिक्त उपमंडल क्षेत्रों में भी कंट्रोल रूम स्थापित करवाए हैं। इन कंट्रोल रूम में कोई भी व्यक्ति यदि कहीं पर चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश होते हुए देखता है तो इसकी जानकारी वह यहां दे सकता है।

## जयसिंहपुर कॉलेज में छात्र सम्मान समारोह में होनहारों को नवाजा





**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य उपेंद्र शर्मा ने विश्वविद्यालय के 2022-23 के सत्र की वार्षिक परीक्षा में अव्वल रहे महाविद्यालय के बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र रिजुल ठाकुर पुत्र ध्रुव ठाकुर व बीकॉम तृतीय वर्ष की शिखा पुत्री शरवन कुमार को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की और दिए इलेक्ट्रॉनिक टैबलेट देकर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि इन दोनों छात्रों ने विश्वविद्यालय से यह सम्मान पाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं को भी इनसे सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर प्रो. सुमिक्षल सूद, प्रो. अरविंद, प्रो. शिवानी, प्रो. आस्था व प्रो. रजनी मौजूद रहीं।

## जरूरतमंद बेटी को दी सिलाई मशीन

### बेटियां फाउंडेशन ने रोजगार शुरू करने के लिए की मदद

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन ने धलूं पंचायत के जरूरतमंद परिवार की बेटी पूजा देवी को सिलाई मशीन भेंट की, जिससे पूजा अपना काम करके रोजगार कमा सके। संस्था स्टेट को-ऑर्डिनेटर पूजन भंडारी ने बताया कि संस्था समाज में बेटियों व महिलाओं के लिए सराहनीय कार्य कर रही है।

धलूं पंचायत की प्रधान आशा देवी जो की संस्था की नगरोटा बगवां तहसील की प्रधान भी है ने बताया कि पूजा बहुत ही मेहनती लड़की है और कुछ महीनों से सिलाई का काम सीख रही है। पूजा को खुद का काम करने के लिए सिलाई मशीन की जरूरत थी। इसलिए संस्था ने पूजा को सिलाई मशीन भेंट की, जिससे वह अपना काम करके अपने पैरों पर खड़ी हो कर परिवार का सहारा बन सके। बेटियां फाउंडेशन अब तक 74 बेटियों की शादियों में दानी सज्जनों की सहायता से राशन का सामान दे चुकी है। स्कूलों व कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके बेटियों को प्रोत्साहित कर चुकी है। इस मौके पर संस्था के जिला सलाहकार अशोक गौतम, यूथ ऑफिसर सवीन सिंह व परिजन उपस्थित रहे।





धलूं पंचायत की पूजा देवी को सिलाई मशीन भेंट करते संस्था के सदस्य।

## बैसाखी मेले में इशांत और ममता मचाएंगे धमाल

**गरली।** कालेश्वर महादेव में 12 से 14 अप्रैल तक चलने वाले राज्य स्तरीय बैसाखी मेले में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या मे दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए मेला कमेटी ने हिमाचली कलाकारों के नाम फाइनल किए है। इसमें पहाड़ी कलाकार इशांत भारद्वाज, ममता भारद्वाज, अमित मीतू, धीरज शर्मा, अनुज शर्मा, गरली के उभरते कामेडियन प्रिस गर्ग, मोहित गर्ग आदि के नाम फाइनल किए गए हैं। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं व महिला मंडल की नारी शक्ति धमाल मचाएगी। यी जानकारी मेला कमेटी चैयरमैन एवं एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा और मेला प्रभारी एवं तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल सुबह करीब 11 बजे विशाल शोभायात्रा के साथ राज्य स्तरीय बैसाखी मेला शुरू होगा। इसमें 12 अप्रैल मेले के शुभारंभ पर दोपहर को स्कूली बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहाड़ी, पंजाबी व अन्य प्रस्तुतिया देंगे।

**शह-मात** धर्मशाला में राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के ओपन वर्ग के मुकाबले जारी

# तेलंगाना के अर्जुन ने मास्टर कृष्णा को दी मात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राष्ट्रीय शतरंज टीम प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में आठवें दौर की बाजी के बाद रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ए, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड बी, गुजरात ए, बीएसएनएल, मध्य प्रदेश ए की टीमें क्रमश: एक से पांचवें स्थान पर बनी हुई है। वहीं महिला वर्ग में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की टीम पहले व तेलंगाना, बिहार बी, तमिलनाडु ए, एलआईसी की शतरंज टीमें क्रमश: दूसरे से पांचवें स्थान पर बनी हुई है। पुरुष वर्ग में आठवें दौर की बाजी में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ए ने तेलंगाना को 3-1, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड बी ने महाराष्ट्र ए को 4-0 गुजरात ए ने मध्य प्रदेश ए के साथ बाजी ड्रॉ खेली। प्रवक्ता हंस राज ठाकुर व विकास धीमान ने बताया कि पुरुष वर्ग में पहले बोर्ड पर तेलंगाना के अर्जुन एडीरैडी ने इंटरनेशनल मास्टर कृष्णा सीआरजी को हराकर उलटफेर किया। नौवें दौर की बाजी में बीएसएनएल का मुकाबला रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ए की टीम से, मध्य प्रदेश ए का मुकाबला रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की बी टीम से, महाराष्ट्र ए का मुकाबला गुजरात की ए टीम से होगा। शीर्ष क्रम में एक से तीन टेबल पर मुकाबला करेंगे। वहीं महिला वर्ग में छठे दौर की बाजी में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने मध्य प्रदेश ए को 4-0, तेलंगाना और बिहार बी के बीच बाजी ड्रॉ रही। एलआईसी ने गुजरात ए को 3.5-0.5 से हराया। सातवे दौर की बाजी में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड व तमिलनाडु ए के बीच मुकाबला होगा व दूसरे बोर्ड पर बिहार बी का मुकाबला एलआईसी से व तीसरे बोर्ड पर तेलंगाना का गुजरात बी के साथ मुकाबला होगा। चीफ ऑर्बिटर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पुरुष वर्ग में नौ चक्र व महिला वर्ग में सात चक्र की बाजियां खेली जाएंगी। उन्होंने बताया कि शतरंज ऐसा खेल है जिसमें किसी भी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। वहीं डिप्टी चीफ आर्बिटर स्वप्निल बंसोड ने बताया कि पुरुष वर्ग में ओपन वर्ग में 30 टीमें व महिला वर्ग में 20 टीमें इस राष्ट्रीय शतरंज प्रतिस्पर्धा में भाग ले रही हैं।



राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के दौरान मौजूद खिलाड़ी।

# पौष्टिक आहार न लेना पीठ दर्द का कारण : डॉ. कार्तिक

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

ऑर्थो ओपीडी में हर तीसरा व्यक्ति पीठ दर्द से संबंधित उपचार लेने आ रहा है। यह बात सिविल हॉस्पिटल नूरपुर में तैनात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कार्तिक सैनी ने कही। डॉक्टर कार्तिक ने कहा कि ओपीडी में सामान्य आने वाले पीठ दर्द के मरीजों में मुख्य लक्षण के कारण काम के दौरान सही पोस्चर में न बैठना, सक्रिय जीवन शैली की कमी, पौष्टिक आहार न लेना व भारी सामान को असावधानी या झटके से उठाना है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मामलों में रीढ़ की हड्डी में विकार आने से सुबह उठने में परेशानी, पैरों में झनझनाहट, बाजू या टांग में तेज दर्द, पैर के पिछले हिस्से या कमर से सिर तक दर्द जाता है। गर्भवती महिलाओं को पीठ दर्द में दवा खाने या मलहम लगाने की बजाय गर्म पट्टी का सिकाई ज्यादा फायदा देता है। डॉक्टर कार्तिक ने कहा कि स्लिप डिस्क सर्जरी के लिए केवल उन मामलों में ही सलाह दी जाती है जिसमें मरीज को खड़े होने में परेशानी, मूत्राशय या आंत्र पर नियंत्रण न होना ,डिस्क से नसों पर दबाव पड़ने या सुन्नपन आ रहा हो। उन्होंने कहा कि पीठ दर्द की समस्या में स्वयं उपचार की बजाय हड्डी रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।



अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
I Meera kerketta aged 24 years w/o Sh. Nirmal kerketta R/O vill karanji PO khatri khetanga Distt. Ranchi Jharkhand 835202 at Present R/O ward no. 2 Nagrota Bagwan Teh. Nagrota Bagwan Distt. Kangra (H.P.) declare that My sons name Sandeep kerketta is wrongly resigterd in municipal council palampur. His correct name is Harsh kerketta. All concerned are noticed.

## राजा के महलों से यूं दिखता है होली मेले का भव्य स्वरूप



सुजानपुर। राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला भले ही समाप्त हो गया हो, लेकिन लोगों का मेले में आना बदस्तूर जारी है। मेले में लोग आकर अपनी मनपसंद चीजों की खरीददारी कर रहे हैं। महाराजा संसार चंद द्वारा शुरू किए गए इस मेले को भव्य स्वरूप प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया है। महाराजा संसार चंद द्वारा टीहरा निर्मित बारादरी से यह मेला कैमरे की नजर से यूं दिखता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सेल्फी और शपथ से दिया मतदान का संदेश

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान 60 प्रतिशत से कम मतदान वाले 414 मतदान केंद्रों में इस बार मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए मिशन-414 आरंभ किया गया है। इसमें हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र का मतदान केंद्र 90-चंगर भी शामिल है। बुधवार को इस मतदान केंद्र पर भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' यानि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता और मिशन-414 के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर की स्वीप नोडल अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी हिमांशी शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में आम मतदाताओं को विभिन्न स्पर्धाओं, खेलकूद, सेल्फी, हस्ताक्षर अभियान और अन्य गतिविधियों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला नालांगर में स्थित इस मतदान केंद्र पर आयोजित इन जागरूकता गतिविधियों में स्थानीय मतदाताओं, विशेषकर महिलाओं और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

### स्टूडेंट्स ने चित्रों के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

**हमीरपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता साक्षरता अभियान को ध्यान में रखते हुए मतदान के प्रति जागरूकता हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं और कक्षा नौवीं के बच्चों ने भाग लिया। सभी स्टूडेंट्स ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्टूडेंट्स ने सुंदर कलाकृतियां बनाईं। प्रधानाचार्य सुनील चौहान ने कलाकृतियों की सराहना की तथा बच्चों को मतदान का महत्व बताया और कहा कि सभी बच्चे अपने क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें।

### करियर प्वाइंट को एमए म्यूजिक कोर्स की अनुमति

**हमीरपुर।** रेगुलेटरी कमीशन हिमाचल प्रदेश द्वारा करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय को इस सत्र से एमए म्यूजिक कोर्स को चलाने की अनुमति मिली है। गानों के बढ़ते क्रेज को देखते हुए म्यूजिक में भी करियर बनाना एक बेहतर विकल्प हो सकता है। म्यूजिक आपको अच्छी नौकरी के अवसर प्रदान करता है। स्टूडेंट्स म्यूजिक से मास्टर डिग्री करके बेहतर भविष्य बना सकते हैं। एमए म्यूजिक में यह एक दो साल का मास्टर डिग्री कोर्स है जो संगीत की पढ़ाई से संबंधित है, इसलिए संगीत में करियर बनाना अपने आप में आकर्षक है। विश्वविद्यालय में संगीत का शौक रखने वालों के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### हमीरपुर में पांच व बड़सर में छह को होगी वाहनों की पासिंग

**हमीरपुर।** जिले में इस माह प्रस्तावित वाहनों की पासिंग एवं ड्राइविंग टेस्ट की तिथियों में आंशिक बदलाव किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंकुश शर्मा ने बताया कि हमीरपुर उपमंडल में वाहनों की पासिंग छह अप्रैल के बजाय अब पांच अप्रैल को निर्धारित की गई है, जबकि, बड़सर उपमंडल में वाहनों की पासिंग छह अप्रैल को होगी। उधर, हमीरपुर के एसडीएम मनीष सोनी ने बताया कि बाईपास हमीरपुर के पास नए बस अड्डे का कार्य शुरू होने के कारण अब ड्राइविंग टेस्ट बाईपास के बजाय बरोहा के किसान भवन के साथ लगते मैदान में लिए जाएंगे।

### ताइक्वांडो में जंदडू की आकांक्षा ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**सुजानपुर।** सुजानपुर की पंचायत जंदडू की आकांक्षा ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ताइक्वांडो चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 21 वर्ष इस खिलाड़ी को यह मेडल 57 किलोग्राम वर्ग के तहत राष्ट्रीय स्तर के खेल में प्राप्त हुआ है। आकांक्षा ने बताया कि ताइक्वांडो में उन्होंने अब तक सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में चार बार भाग लेकर तीन स्वर्ण और एक रजत जीता है। उन्होंने इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में तीन बार भाग लेकर एक स्वर्ण और एक कांस्य जीता है। आकांक्षा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जंदडू में की तथा वर्तमान में एनएससीवीएम महाविद्यालय हमीरपुर आगामी पढ़ाई कर रही हैं। उनकी उपलब्धि पर उनके पिता राकेश तथा माता रेशां देवी के साथ ग्रामीणों ने खुशी जताई है।

### स्थायी पुलिस चौकी की मांग पूरी होने से गलोड़वासी गदगद

**बड़ा।** मुख्यमंत्री सुक्खू नादौन विधानसभा क्षेत्र के विकास को चार चांद लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। गलोड़ क्षेत्र में स्थायी पुलिस चौकी मंजूर करने की वर्षों पुरानी मांग भी उन्होंने पूरी कर दी है। 15 मार्च को चौकी की अधिसूचना जारी होने से क्षेत्र के लोग गदगद हैं। क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद जताया है। पुलिस चौकी के अंतर्गत 11 पंचायतों के 73 गांव आएंगे। अभी तक गलोड़ में अस्थायी रूप से ही पुलिस चौकी चल रही थी। क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष स्थायी चौकी खोलने की मांग रखी थी जो कि पूरी हो गई है। गलोड़ ब्लॉक कांग्रेस प्रधान कैप्टन प्रेम चंद शर्मा, प्रधान गलोड़ खास संजीव कुमार, प्रधान उटप शीला देवी शर्मा, प्रधान पन्याली बीना ठाकुर, उपप्रधान संजय कुमार आदि ने कहा कि पुलिस चौकी खुलने से लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए बड़सर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।



लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है और कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने हमीरपुर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और लोकसभा चुनावों को लेकर चर्चा की। रायजादा को लोकसभा चुनावों के लिए प्रत्याशी बना दिया है लेकिन अभी औपचारिक घोषणा होनी बाकी है।

# नौंहगी में एक सप्ताह से पानी की किल्लत, लोग परेशान

## लोग मंगवाने लगे अब टैंकरों से पानी, विभाग मानने को तैयार नहीं

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

पिछले तकरीबन एक सप्ताह से नौंहगी पंचायत के आधा दर्जन गांवों में पीने के पानी की दिक्कत चल रही है। लोगों का कहना है कि पानी नहीं आ रहा है और विभाग को बार-बार बताने पर भी इसका हल नहीं निकाला जा रहा, जिस कारण उनमें नाराजगी है।

खुद पंचायत के प्रधान भी पीने के पानी की समस्या की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोहाल, दरकौला, नरयाह, समूंह, कड़छोटी और बरोटी में एक सप्ताह से दिक्कत चल रही है। इन इलाकों में पीने के पानी की पहले तो कभी दिक्कत पेश नहीं आई। लोगों के घरों में लगे नल के तीन दिनों से तो



बिलकुल सूखे हैं। लोग अब टैंकरों से भी पानी की सप्लाई इन गांवों में करवाने में जुट गए हैं।

काबिले गौर यह है कि यह क्षेत्र मुख्यमंत्री सुक्खू का है और यदि समस्या है तो विभाग को इसे नकारना नहीं चाहिए। पंचायत प्रधान बलवंत सिंह का कहना है कि लोगों की शिकायतें आ रही हैं, विभाग को बोला गया है। वह आज कहीं किसी विवाद की वजह से उसे निपटने के लिए मौके पर गए थे और जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों और उपप्रधान ने इन गांवों का दौरा किया। प्रधान ने यह भी बताया कि डिस्ट्रीब्यूशन में दिक्कत चल रही है। कुछ जगहों पर सड़क का काम चल रहा है, जिस कारण शायद पाइप लाइनें डिस्टर्ब हुई हैं। इन गांवों को नौंहगी भुंपल उठाऊ पेयजल योजना से पानी की सप्लाई की जाती है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं जेई

**जल** शक्ति विभाग के दंगड़ी के जेई का कहना है कि किसी भी तरह की दिक्कत नहीं है। उनकी जानकारी में कोई भी समस्या नहीं आई है। समस्या हो तो उन्हें सीधे बता सकते हैं।

# हाउस टैक्स जमा न करवाने वालों को दिए जाएंगे नोटिस

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नगर परिषद सुजानपुर को इस साल 31 मार्च तक हाउस टैक्स के रूप में 28 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई है जिसके लिए 31 मार्च तक 20 प्रतिशत छूट दी गई थी। हाउस टैक्स जमा करवाने की यह छूट समाप्त हो गई है, जबकि कई मकान मालिक हाउस टैक्स जमा ही नहीं करवा रहे, ऐसे में लगभग 40 लाख रुपए का हाउस टैक्स नगर परिषद का बकाया है।

**नगर परिषद सुजानपुर में 31 मार्च तक 28 लाख रुपए हाउस टैक्स हुआ जमा, 40 लाख लेना बाकी**




बता दें इस वर्ष 31 मार्च तक 28 लाख रुपए जमा हो चुका है, जो कि बीते वर्ष के मुकाबले तीन लाख रुपए ज्यादा है। नगर परिषद सुजानपुर के कुल नौ वार्ड में से लगभग 2400 के करीब हाउस टैक्स उपभोक्ता हैं। इनमें से लगभग आधे लोगों ने ही यह टैक्स जमा करवाया है।

नगर परिषद सुजानपुर द्वारा पुराने सर्वे के आधार पर ही यह टैक्स लिया जा रहा है। नगर परिषद द्वारा एक वर्ष पहले निजी कंपनी के माध्यम से एक सर्वे करवाया गया था जिसके आधार पर टैक्स लिए जाने का प्रावधान किया जाएगा, लेकिन अभी तक पुराने सर्वे के आधार पर ही यह टैक्स दिया जा रहा है।

> **छूट** प्राप्त करने की अंतिम तिथि समाप्त हो गई है। अब तक 28 लाख के करीब हाउस टैक्स जमा हो गया है जो कि बीते वर्ष के मुकाबले 3 लाख रुपए अधिक है। उन्होंने बताया कि जो मकान मालिक हाउस टैक्स जमा नहीं करवा रहे उनको नोटिस जारी किए जाएंगे। **-संजय कुमार, ईओ, नगर परिषद सुजानपुर**

## विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल में काम करना सौभाग्य की बात : आशीष



कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद आशीष शर्मा व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया।

इस बैठक में विधानसभा क्षेत्र के वह कार्यकर्ता मौजूद रहे जो पूर्व के चुनावों में आशीष शर्मा के साथ चले थे और विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित थे। सभी कार्यकर्ताओं ने आशीष शर्मा के भाजपा में जाने के निर्णय को सराहा और एक स्वर में भाजपा का साथ आगामी चुनावों में साथ देने का निर्णय लिया। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि अब कुनबा बढ़ा है और भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं। सभी आगामी लोकसभा चुनावों व विधानसभा उपचुनावों में भाजपा के उम्मीदवारों को भारी बहुमत से विजयी बनाने के लिए कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होकर वह गौरवान्वित हैं और विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल में काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने सभी को आठ अप्रैल को गांधी चौक हमीरपुर पर होने वाली विशाल जनसभा व रैली के लिए न्यौता भी दिया।

## एनएच निर्माण कंपनी के काम से जनता परेशान: रविंद्र डोगरा

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

एनसीपी अध्यक्ष और जिले के समाजसेवी रविंद्र डोगरा ने एनएच निर्माण कंपनी के काम करने के तरीके पर सवाल उठाते हुए कहा कि इनके अधिकारी ऐसे काम करवा रहे हैं, जैसे गांवों में डंगों और गलियों का काम किया जाता है। टौणी देवी बाजार के दोनों ओर क्रमश: अस्पताल चौक और ऊपर से बाजार के बीच में खुदाई का काम शुरू कर दिया, जिससे एक तरफ व्यापारियों का भट्ठा बैठ गया और दूसरी ओर आम जनता का जीना दूभर हो गया है। सड़कों पर फैले मलबे के ढेर से अकसर जाम लगना आम बात हो गई है।

रविंद्र सिंह डोगरा ने कहा है कि इस बारे में केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी को पत्र लिख कर मामले से अवगत करवाएंगे, क्योंकि जिस तरह से एनएच का काम कंपनी कर रही है उसे देखकर लगता है कि किसी नौसिखिया कंपनी को कार्य का ठेका सौंप दिया है। डोगरा ने हैरानी जताई कि कोट में सड़क को गिरे महीनों हो गए पर आज तक सड़क ठीक नहीं हुई। इसी तरह टौणी देवी में दो साल से ऊपर का वक्त हो गया, पर आज तक बाजार की सड़क नहीं बन पाई।



तोड़ी गई दुकानें दिखाते रविंद्र डोगरा।

इस हिसाब से अगले पांच सालों तक हम लोगों को सड़क सुविधा बेहतर नहीं मिल सकती। दुकानदार राजीव राणा ने बताया कि उनकी दुकान के सामने साइट इंजीनियर द्वारा जबरन उनकी दुकान ज्यादा तुड़वा दी और अब वहां से छह फुट की दूरी पर डंगा लगा दिया। उन्होंने कंपनी से मांग की कि उनकी दुकान को अब सड़क से मिलने के लिए लेंटर डाला जाए।

## 5741 में 1600 लाइसेंस धारकों ने जमा करवाए हथियार

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनावों की घोषणा 16 मार्च को होने के साथ ही जिला हमीरपुर में भी आदर्श आचार संहिता तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है। चुनाव आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारु रूप से संपन्न करवाने तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जिले भर में आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था। जिसके तहत सीआरपीसी की धारा-144 लागू कर दी गई है। जिलाधीश अमरजीत सिंह ने लाइसेंसधारकों को अपने हथियार को नजदीकी थाने में जमा करवाने के आदेश जारी किए गए थे। जिले में 5741 शस्त्रधारक हैं इनमें से 1600 शस्त्रधारकों ने ही अपने हथियार जमा करवाएं है। यदि दो सप्ताह तक शस्त्रधारक अपने हथियार जमा नहीं करवाते हैं तो उनके खिलाफ धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## दियोटसिद्ध में बुधवार को 33,37,745 रुपए का चढ़ा चढ़ावा

**बिझड़ी।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र मास के मेलों के चलते बुधवार को हुई चढ़ावे की गणना पर बाबा के भक्तों ने 33 लाख 37 हजार 745 रुपए नकद, 9 ग्राम 730 मिलीग्राम सोना, 98 ग्राम 920 मिलीग्राम चांदी तथा विदेशी मुद्रा के रूप में इंग्लैंड के 215 पौंड, यूएसए के 743, कनाडा के 245 डॉलर, यूएई के 20 दिरहम, 15 यूरो तथा ऑस्ट्रेलिया डॉलर 70, न्यूजीलैंड डॉलर 30, बाबा की सेवा में अर्पित किए। इस दौरान हजारों की संख्या में बाबा के भक्तों ने बाबा जी की पवित्र गुफा में शीश नवाकर पूजा-अर्चना की।



धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से समीरपुर में मुलाकात की और चुनावों के बारे में भी चर्चा की।

## घर से 40 पेटी देसी शराब बरामद

**नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत जलाड़ी के हरमंदिर मंडियालां गांव में पुलिस ने दबिश देकर शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हरमंदिर मंडियाला गांव के जगजीत सिंह पुत्र संत राम के मकान में अवैध शराब रखी है।



एडिशनल एसपी हमीरपुर राजेश शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर जब जगजीत के मकान में दबिश दी तो तलाशी के दौरान 40 पेटी देसी शराब की बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बाड़ा में चिकित्सा शिविर सात को

**हमीरपुर।** रोटरी क्लब हमीरपुर की तरफ से बाड़ा में सात अप्रैल रविवार को सुबह 10 बजे से दो तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी शिविर में लोगों के टेस्ट व मुफ्त दवाइयां दी जाएंगी, जिसमें लोगों के अलग-अलग तरह की बीमारियों की जांच की जाएगी। इस शिविर हर बीमारी के डॉक्टर मौजूद रहेंगे।

## अणु में खिलाड़ियों के ट्रायल आठ और नौ अप्रैल को

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकट अणु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, हॉकी, जूडो और कुश्ती के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के ट्रायल आठ-नौ अप्रैल को अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में लिए जाएंगे। नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के सहायक निदेशक मनोज अवती ने बताया कि इन ट्रायल्स में 21 वर्ष तक के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। ट्रायल्स के लिए सुबह आठ बजे ग्राउंड में रिपोर्ट करनी होगी। खिलाड़ी अपने साथ जन्म तिथि प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खेलों में उपलब्धियों के दस्तावेज और शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल एवं सेल्फ अटेस्टड प्रतियां तथा चार पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लाएं। चयनित खिलाड़ियों को नॉन-रेजिडेंशियल के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## मतदाता वोट के बल से ही चुनें अच्छी सरकार : कुलवंत सिंह

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

पहली जून को प्रत्येक व्यक्ति वोट देकर त्योहार की तरह लोकतंत्र के पर्व को मनाएं तथा अच्छी सरकार के साथ अच्छा प्रतिनिधि भी चुने। यह बात भोरंज उपमंडल के भकेड़ा व मनोह में मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान मुख्यातिथि भोरंज ब्लॉक खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के जनजातियों क्षेत्रों में लोग आठ से दस किलो मीटर दूर पैदल चल कर वोट डालने के लिए जाते हैं, लेकिन भोरंज विस में सड़क, स्वास्थ्य व



भोरंज के सबसे कम बूथ भकेड़ा में मतदान के लिए जागरूक करते हुए।

शिक्षा की तमाम सुविधा होने के कारण भी लोगों में वोट डालने में उदासीनता रहती है जो कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। शिक्षित मतदाता होने के नाते लोकसभा चुनावों में पहली जून को अधिक से अधिक मतदान करें।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश का 414 विस क्षेत्रों में मतदान को बढ़ाने तथा वोटर को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिसमें लोगों को वोट के लिए जागरूक करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला मंडल के सदस्यों, आशा वर्कर व स्कूली बच्चों को सहयोग लिया जा रहा है।

## भाजपा ने त्रिदेव सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अनंत ज्ञान, नादौन**

भाजपा मंडल नादौन का त्रिदेव सम्मेलन मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें नादौन मंडल के 121 बूथों के बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, बीएलए एवं सभी ग्राम केंद्र अध्यक्ष उपस्थित रहे। इस सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, संसदीय क्षेत्र के सहप्रभारी सुमित शर्मा, विस्तारक अमित शर्मा आदि सभी मोर्चा के अध्यक्ष महामंत्री और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

देशराज शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता तैयार है। उन्होंने आने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की व इनका



भाजपा के त्रिदेव सम्मेलन में उपस्थित बूथ प्रभारी, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

क्रियान्वयन किस तरह से किया जाएगा, उसके बारे में अवगत कराया। संसदीय क्षेत्र सहप्रभारी सुमित शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं में जोश भरा और आने वाले लोकसभा चुनाव के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की।

जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी राजेश रिंकू ने बताया कि बैठक में पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने केंद्र में 10 वर्षों से मोदी सरकार की उपलब्धियां के बारे में बताया और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में चर्चा की। विजय अग्निहोत्री ने बताया की मुख्यमंत्री सुक्खू एक असफल मुख्यमंत्री साबित हुए हैं जिन्होंने 15 महीने के कार्यकाल में नादौन के लिए कोई भी बड़ा कार्य नहीं करवाया है इसका जवाब नादौन क्षेत्र की जनता आने वाले चुनाव में अनुराग ठाकुर को नादौन से भारी लीड दिलाकर करारा जवाब देगी।

## लाभों की अदायगी न होने पर पेंशनर्स में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, नादौन**

विद्युत बोर्ड पेंशनर्ज फोरम नादौन इकाई की बैठक बुधवार को इकाई अध्यक्ष राजकुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर फोरम के अध्यक्ष कुलदीप खरवाड़ा, इकाई सचिव विधि चंद सनोरिया, कोषाध्यक्ष पृथ्वी चंद सहित काफी पेंशनर्स ने भाग लिया।

पेंशनर्स को संबोधित करते हुए कुलदीप सिंह ने बिजली बोर्ड की बिगड़ती वित्तीय स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि इसके लिए बोर्ड के अस्थायी रूप से लगाए गए एमडी जिम्मेदार हैं और कहा कि यदि सरकार ने इस बारे शीघ्र कदम नहीं उठाया तो बिजली बोर्ड का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

उन्होंने कहा कि बोर्ड के एमडी के सुझाव के चलते प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न बिजली परियोजनाओं से अपने हिस्से की निशुल्क मिलने



बैठक में उपस्थित पेंशनर्स को संबोधित करते हुए कुलदीप सिंह खरवाड़ा।

### बैठक में बिजली बोर्ड की बिगड़ती वित्तीय स्थिति पर फोरम ने जताई चिंता

वाली बिजली को बोर्ड से वापस ले लेगा, जिससे बोर्ड की वित्तीय स्थिति पर असर पड़ेगा और बिजली दरों में भी बढ़ोतरी होगी।

बिजली नियामक आयोग द्वारा पिछले दिनों बढ़ाई गई विद्युत दरों की अंतर राशि को उपभोक्ताओं को न डालते हुए इसे अतिरिक्त सब्सिडी में बदल दिया है और इस राशि की अदायगी भी प्रदेश सरकार को बिजली बोर्ड को करनी होगी। विभिन्न एजेंसियों से खरीदी जा रही बिजली की अदायगी सही समय पर न हो पाने की बजह से 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेनल्टी भी भरने पड़ रही है। खरवाड़ा ने कहा कि बोर्ड प्रबंधन की गलत नीतियों के चलते करीब 1650 करोड़ रुपए की देनदारियां लंबित है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एक वर्ष से सेवानिवृत्ति लाभों की अदायगी भी नहीं हुई है, जिसको लेकर पेंशनर्स में भारी आक्रोश है।

**दिक्कत** जिले के डाकघरों में नए वित्तीय वर्ष के पहले दिन उपभोक्ताओं को हुई परेशानी

# मुख्य डाकघर हमीरपुर में 2.30 बजे तक लेन-देन रहा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पहली अप्रैल से नया वित्त वर्ष शुरू हो चुका है जिसके तहत दो दिन तक लेन-देन न होने के कारण बुधवार को उपभोक्ता अपने ट्रांसजेक्शन व अन्य लेन-देन करने के लिए डाकघरों में आए थे, लेकिन सर्वर बंद होने की समस्या के कारण कई घंटे लाइनों में खड़ा रहना पड़ा।

मुख्य डाकघर हमीरपुर की बात करें तो यहां पर भी सुबह नौ बजे से उपभोक्ता लाइनों में लग गए थे, लेकिन आईडी न चलने से ट्रांसजेक्शन नहीं हो सकी। मुख्य डाकघर हमीरपुर में लगभग 2.30 बजे के बाद सुचारु रूप से काम शुरू हो पाया, जबकि जिला के अन्य डाकघरों में भी उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं को यही बताया जा रहा था कि सर्वर की



मुख्य डाकघर हमीरपुर में लाइन में लगकर ट्रांजेक्शन प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार करते लोग।

समस्या है लेकिन यह समस्या कुछ और ही थी। इस बारे मुख्य डाकघर के अधिकारियों से बात की तो पता चला कि जिलाभर के सभी डाकघरों में बुधवार को साफ्टवेयर के अपडेट होने के कारण लेन-देन के लिए देरी हो रही थी। इसका मुख्य कारण पहली और दो अप्रैल को नॉन-ट्रांसजेक्शन होता है जो साल में उस समय होता है जब नया वित्तीय वर्ष शुरू होता है। अधिकारियों ने बताया कि यह एक्टिवीटी साल में एक बार की जाती है उसके बाद सभी उपभोक्ताओं की आईडी फिर से एक्टिवेट करके लेन-देन की प्रक्रिया शुरू की जाती है।

> **पहली** और दो अप्रैल को नॉन-ट्रांसजेक्शन डे होता है और तीन अप्रैल को उपभोक्ता अपने खाते से लेन-देन के लिए आए थे, लेकिन आईडी रीजनरेट होने के कारण उपभोक्ताओं को इंतजार करना पड़ा। उन्होंने बताया कि अब किसी भी डाकघर में कोई समस्या नहीं है, उपभोक्ता अपने खाते से लेन-देन कर सकते हैं। **-हेम शंकर, प्रवर अधीक्षक,मुख्य डाकघर**

# धरमेहड़ गांव में तेंदुए ने मचाया आतंक



- आधा दर्जन से अधिक भेड़, बकरी और कुत्ते बनाए शिकार
- ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ कर राहत की लगाई गुहार

**कविता, पधर**

चौहारघाटी की ग्राम पंचायत तरसवाण के धरमेहड़ गांव के ग्रामीण तेंदुए के आतंक से खासे परेशान हैं। यहां दिन-दहाड़े तेंदुआ भेड़-बकरियों को निशाना बना रहा है। अब तक आधा दर्जन से अधिक भेड़ बकरियां तेंदुए का शिकार हो चुकी हैं। अब गांव के आस-पास दिन के समय में तेंदुआ दिखने से ग्रामीण सहमे हुए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ कर राहत दिलाने की गुहार लगाई है। पंचायत समिति द्रंग की अध्यक्षा शीला ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण झाबटु राम के दो पालतू कुत्ते, किशोरी लाल की दो बकरियां और भाटकु राम का एक बकरा एक सप्ताह के भीतर तेंदुए का शिकार हो चुका है।

तेंदुए के खौफ से अब ग्रामीण मवेशियों को चराने के लिए जंगल जाने से कतरा रहे हैं। दो तीन दिनों में स्कूलों में कक्षाएं शुरू होने वाली हैं। ऐसे में छोटे नौनिहालों की सुरक्षा की चिंता ऊपर से सता रही है। उन्होंने कहा कि वन विभाग परिक्षेत्र टिक्कन के अधिकारियों को इस बाबत सूचना दी गई है।

उन्होंने विभाग से तेंदुए को पकड़ कर राहत दिलाने की गुहार लगाई है। उधर, ग्राम पंचायत चुक्कू में भी बेखौफ तेंदुए ने आतंक मचा रखा है। नागणी गांव में दो पालतू कुत्ते तेंदुए का शिकार हो चुके हैं। लोग रात को घरों से बाहर निकलने का साहस नहीं कर पा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# गंभीर रोगों से बचाती है फेगड़े की सब्जी

**अनिल शर्मा, मंडी**

अनंत ज्ञान स्पैशल

विश्वभर में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहां 6 ऋतुएं होती हैं और इन्हीं ऋतुओं के अनुसार खान-पान का भी महत्व रहा है, जिसका पालन करने से बीमारियां नजदीक नहीं फड़कतीं। मौसम के अनुसार प्राकृतिक सब्जियों का सेवन करने से कई प्रकार की गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है। ऐसी ही एक सब्जी है फेगड़े (भ्रूणी)।

फेगड़े न केवल पौष्टिक सब्जी है बल्कि इसमें बहुत से ऐसे तत्व हैं जो हमें कैंसर जैसे गंभीर रोगों से भी बचाते हैं। यहां के भूतनाथ मंदिर के बाहर गांव से कुछ महिलाएं फेगड़े की सब्जी लाकर बेच रही हैं, जिसे मंडीवासियों ने हाथों-हाथ खरीद लिया। दूध युक्त इसके छोटे-छोटे फलों की तासीर गर्म होती है और इसको वर्षभर में केवल तीन से चार बार ही खाया जाता है।

फेगड़े में मैगनीज व मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं। मैगनीज एक ऐसा खनिज है, जिसकी मनुष्य के शरीर को कम मात्रा में आवश्यकता होती है, लेकिन फिर भी इसकी उपयोगिता शरीर के लिए अधिक है। मनुष्य के शरीर में अधिकतम 20 मिलीग्राम मैगनीज होता है, जो शरीर के विभिन्न भागों जैसे लिवर, किटनी व हड्डियों में पाया जाता है। मैगनीज थायराइड के विकारों को नष्ट करता है। (अनंत ज्ञान)



## कैसे बनाएं फेगड़े की सब्जी

**फेगड़े** को हल्के मुलायम पत्तों के साथ पेड़ से निकाला जाता है और फिर इनको उबाला जाता है। उसके बाद इसे अन्य सब्जियों की तरह ही तड़का आदि लगाकर प्रयोग में लाया जाता है। जायका बदलने के लिए इसमें दही या छाछ भी लगाई जा सकती है।

## ज्यादा मात्रा में खाना भी हानिकारक

**डा.** लोकेश का कहना है कि इसमें मैगनीज और मैग्नीशियम खनिज पाया जाता है, जो शरीर के लिए बहुत लाभदायक है। यह बीमारियों से लड़ने में काफी मदद करता है, लेकिन ज्यादा मात्रा में खाना भी हानिकारक साबित हो सकता है, क्योंकि यह ऋतुफल के रूप में खाने योग्य है।

## हड्डियों को मजबूत बनाता है मैगनीज

**फेगड़े** में पाए जाने वाला मैगनीज हड्डियों को मजबूत बनाता है और रक्त को शुद्ध कर मधुमेह जैसी बीमारी से लड़ने की ताकत देता है।

यह मिर्गी जैसी गंभीर बीमारी में भी लाभकारी है। महिलाओं में सिरदर्द, चिड़चिड़ापन और डिप्रैशन जैसी समस्याओं को दूर करने व मैगनीज सुपरऑक्साइड डिसम्यूटेज स्तर को बढ़ा कर मोच का उपचार करने में भी सहायक होता है। वहीं मैग्नीशियम शरीर में कैल्शियम, पोटाशियम और जिंक जैसे अन्य खनिजों का स्तर बनाए रखने में मदद करता है। दिल और गुर्दों को ठीक से काम करने में मदद करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व विधायक टेक चंद डोगरा के परिजनों से मिले जयराम ठाकुर, किया शोक व्यक्त



**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नाचन क्षेत्र के पूर्व विधायक टेक चंद डोगरा के निधन होने के उपरांत बुधवार को उनके घर पहुंचकर परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्व. डोगरा बहुत नेक दिल इंसान थे और इनके जैसे राजनीतिज्ञ बहुत कम हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकसंतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने को शक्ति प्रदान करें।

### जिला स्तरीय किसान मेला पधर के लिए 10 और 11 अप्रैल को होगा प्लाट आवंटन

**पधर।** मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम पधर ने बताया कि जिला स्तरीय किसान मेला 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसमें दुकान लगाने के लिए प्लाट आवंटन 10 और 11 अप्रैल को किया जाएगा, जिसमें प्लॉट आवंटन के लिए कमेटी का गठन किया गया है। तहसीलदार पधर पूर्ण चंद कौंडल कमेटी के अध्यक्ष है। उन्होंने इच्छुक व्यक्तियों से आग्रह किया की 10 और 11 अप्रैल को वह सुबह 11 बजे से 3 बजे तक बोली में भाग ले सकते हैं।

### लघु शिवरात्रि मेला : लोकनृत्य प्रतियोगिता में गलू स्कूल व आईटीआई डोहग बने विजेता



**जोगिंद्रनगर।** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के अवसर पर बुधवार को स्कूल व कॉलेज स्तर की लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल स्तर की लोकनृत्य प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलू पहले स्थान पर रहा। इसी प्रतियोगिता में माऊंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल झलवाण जोगिंद्रनगर दूसरे तथा राजकीय कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर तीसरे स्थान पर रहा। सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजन समिति की संयोजिका एवं प्रधानाचार्य आईटीआई ई. नवीन कुमारी ने बताया कि लोकनृत्य प्रतियोगिता के कॉलेज वर्ग में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जोगिंद्रनगर स्थित डोहग पहले तथा जय दुर्गा मां नर्सिंग कॉलेज जोगिंद्रनगर दूसरे स्थान पर रहा।

### सरकाघाट कॉलेज में आपदा जागरूकता मॉकड्रिल आज : एसडीएम स्वाति डोगरा

**सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट परिसर में 4 अप्रैल को भूकंप को लेकर मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि 4 अप्रैल, 1905 को प्रदेश के कांगड़ा में आए विनाशकारी और भयानक भूकंप की वर्षगांठ पर यह मॉकड्रिल आयोजित की जा रही है। आपदा काल में समय से निपटने के लिए हम सबको तैयार रहना चाहिए जिससे जान-माल का कम से कम नुकसान हो पाए। मॉकड्रिल के दौरान भूकंप आने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा कदमों का पूर्वाभ्यास किया जाएगा।

### नवीकरण करवाए बिना नहीं मिलेगा बेरोजगारी भत्ता, 5 से जमा कराएं दस्तावेज

**सरकाघाट।** बेरोजगारी भत्ता योजना, कौशल विकास भत्ता योजना व औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना के तहत जो आवेदक उप रोजगार कार्यालय सरकाघाट के माध्यम से भत्ता ले रहे हैं, उनके मार्च माह में उपरोक्त भत्तों पर रोक लगा दी गई है। सरकाघाट उप रोजगार कार्यालय के प्रभारी सुमित शर्मा ने कहा कि 5 अप्रैल के बाद किसी भी कार्यदिवस को इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर भत्ते के नवीनीकरण के लिए वांछित दस्तावेज फॉर्म सी रोजगार कार्यालय पंजीकरण प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते में अंतिम प्रविष्टि की छायाप्रति, प्रशिक्षण संस्थान से संबंधित प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं, ताकि भत्ते का नवीनीकरण नियमानुसार किया जा सके।

### मंडी में कांग्रेस की विशेष बैठक में गुटबाजी आई सामने

# भाजपा में गए 6 विधायकों की बात करने पर भड़के कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी में आयोजित हुई कांग्रेस की विशेष बैठक में गुटबाजी उस समय खुलकर सामने आई जब जोगिंद्रनगर के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। सुरेंद्र कुमार ने कहा कि लोगों ने मत राजा साहब को दिया था, लेकिन चुनाव के बाद कार्यकर्ता हाशिये पर धकेल दिए गए।

6 विधायक पार्टी छोड़ कर क्यों गए, ऐसी बात कहते ही सभागार में मौजूद कार्यकर्ता उग्र हो गए और इन बातों को तत्काल बंद करने को कहने लगे। मामला बिगड़ता देख मंच संचालक भी उनके पीछे खड़े हो गए।

कार्यकर्ता एक स्वर में भाजपा में गए 6 विधायकों की बात तक सुनना पसंद नहीं कर रहे थे। स्थिति को भांपते हुए सुरेंद्र कुमार ने 6 विधायकों की बात बंद कर दी। वहीं कौल सिंह ने कहा कि जयराम ने 8 बार प्रधानमंत्री को हिमाचल लाए, लेकिन उन्होंने दिया एक टक्का नहीं। उस समय जयराम ने कहा कि 98,000 करोड़ के उद्योग हिमाचल में लगेंगे, लेकिन आया एक रुपया नहीं।



मंडी में आयोजित बैठक में मौजूद कांग्रेस के कार्यकर्ता।

## चंदेल अस्पताल से आए बैठक में

बैठक में बल्ह के रवि सिंह चंदेल अस्पताल में एडमिट हैं और वहां से छुट्टी लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करने आए थे। हाथ में ड्रिप लगी हुई थी और मंच पर वन रैंक वन पेंशन के मुद्दे को उठाने का आग्रह कर रहे थे।

## भाजपा दलित विरोधी : चमन राही

**अल्पसंख्यक** वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव चमन राही ने कहा कि भाजपा दलित, मुस्लिम, अल्पसंख्यक विरोधी है। अपने कार्यकाल में मंडी से एक भी अल्पसंख्यक को मंत्री नहीं बनाया न बोर्ड का चेयरमैन बनाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, चंपा ठाकुर, धर्मेंद्र धामी, कार्यकारी अध्यक्ष पवन ठाकुर, हरेंद्र सेन, इंटैक के जिला मीडिया प्रभारी सन्नी ईपन्न, प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रवक्ता ब्रह्मदास चौहान, सतीश कुमार बल्ह, अनिल शर्मा, ब्रांड फायर एनके पंडित, प्रेमलाल गुड्डू आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग व बुजुर्ग घर बैठे डाल सकेंगे वोट



एसडीएम सरकाघाट के साथ सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते स्थानीय लोग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल में लोकसभा चुनाव 2024 में 85 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाता पोस्टल बैलट के जरिए घर बैठे मतदान कर सकेंगे। यह जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान केंद्र ज्वाली व पटरीघाट में मतदान जागरूकता दौरे के दौरान दी।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र तक पहुंचने में असमर्थ, दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक वृद्ध व्यक्तियों के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि यदि कोई युवा 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु या इससे अधिक की आयु पूर्ण कर रहा हो, तो वे अपना नाम मतदाता सूची में दिनांक 4 मई 2024 तक अवश्य दर्ज करवाएं। इस दौरान 85 वर्षीय स्थानीय निवासी कौशल्या व 87 वर्षीय जानकी देवी ने सेल्फी प्वाइंट के पास आकर एसडीएम स्वाति डोगरा के साथ सैल्फी ली।

# 10 को खाली होगा पड्डल ग्राउंड

**मंडी।** बुधवार को मेला ग्राउंड पड्डल में नगर निगम की टीम और एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर की अगुवाई में मेला ग्राउंड का औचक निरीक्षण किया गया।

उसके उपरांत डंपीग साईट का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए मेले में सभी व्यापारियों को 7 तारीख शाम तक दुकानें उठाने के निर्देश दिए गए। सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया ने बताया कि 10 तारीख तक मेला ग्राउंड को पूरी तरह से खाली करवा दिया जाएगा ताकि खिलाड़ियों और आम जनता के लिए सुविधा हो सके।

# सुकेत सिने बहुउद्देश्यीय सहकारी सभा ने सामाजिक संस्थाओं को बांटी अनुदान राशि

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुकेत सिने बहुउद्देश्यीय सहकारी सभा द्वारा वार्षिक अनुदान समारोह का प्रधान सतीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इस मौके पर सभा द्वारा सामाजिक हित से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं को अनुदान दिया गया।

सतीश शर्मा ने बताया इस मौके पर सुंदरनगर की अग्रणी सामाजिक संस्थाओं को जिनमें कल्याण गो सदन, असहाय सेवा समिति, अस्पताल वेलफेयर सोसायटी, आश्रय फाउंडेशन, मोक्ष धाम समिति चांदपुर, दिव्य मानव सेवा ट्रस्ट तथा साकार शामिल थे, को 5100-5100 रुपए के चेक भेंट किए।

# नर्सिंग कॉलेज बिजनी में मतदाता किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, पधर**

द्रंग विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि द्रंग विधानसभा में स्वीप टीम के माध्यम से संपत्ति देवी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज बिजनी में छात्र-छात्राओं के साथ मतदान के बारे में विभिन्न जानकारियां साझा की गई।



छात्र-छात्राओं को मतदान के बारे में जागरूक करते स्वीप टीम के सदस्य।

# जोगिंद्रनगर में कुश्ती प्रतियोगिता शुरू

**जोगिंद्रनगर।** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के अवसर पर तीन दिनों तक चलने वाली कुश्ती प्रतियोगिता बुधवार से शुरू हो गई। इस दंगल का फाइनल मुकाबला पांच अप्रैल को मेला समापन के सम्मानित मुख्य अतिथि के समक्ष किया जाएगा तथा वे विजेता व उपविजेता पहलवानों को पुरस्कृत करेंगे।

# लाहन के साथ महिला गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोकसभा चुनावों को देखते हुए आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है।

राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त मंडी जिला मनोज डोगरा ने बताया कि इस अभियान के चलते आबकारी विभाग की टीम ने मंडी सदर के गांव अलाथू में छापा मारा और एक घर से नाजायज तौर पर बनाई जा रही अवैध कच्ची शराब बनाने के लिए प्रयोग की जा रही 80 लीटर लाहन बरामद की। विभाग के अधिकारियों अनिल शर्मा, ललित मोहन व सहायक प्रकाश चंद, रमेश चंद व चालक नागेश कुमार की टीम ने इस लाहन व कच्ची नाजायज शराब बनाने के लिए रखी सामग्री को बरामद किया तथा एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया। जब्त की गई लाहन व अन्य सामग्री को मौके पर नष्ट भी कर दिया गया।



लाहन व आरोपी महिला के साथ विभाग की टीम।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी यह अभियान जारी रहेगा। किसी भी तरह के इस तरह से नाजायज कारोबार को चलने नहीं दिया जाएगा। चुनावों के चलते विभाग इसे लेकर पूरी तरह से सतर्क व सजग है।

# मतदाताओं को किया जागरूक

**सुंदरनगर।** लोकसभा चुनाव के तहत सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र की 'स्वीप टीम' द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कम प्रतिशतता वाले पोलिंग बूथ पर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम के अंतर्गत सुंदर नगर विधानसभा क्षेत्र के बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर के पोलिंग बूथ 27 ओपन एयर थिएटर ब्लॉक पर जाकर स्थानीय मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

'स्वीप टीम' ने उन्हें बताया गया कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है, इसमें आप सभी बढ़ चढ़कर भाग लें और 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक संख्या में जाकर मतदान करें। इस अवसर पर पोलिंग बूथ की बीएलओ व 'स्वीप टीम' से देवेंद्र कुमार, रजनीश गौतम, प्रवीण शर्मा, दिनेश शर्मा, भीमा इत्यादि मौजूद रहे।

# मटका फोड़ में शारदा, मटका दौड़ में प्रीता व म्यूजिकल चेयर रेस में रीनू प्रथम



प्रतियोगिताओं में भाग लेने के उपरांत सामूहिक चित्र में महिलाएं।

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के अवसर पर महिलाओं के लिए बुधवार को मटका फोड़, मटका रेस तथा म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मटका फोड़ प्रतियोगिता में महिला मंडल स्यूरी की शारदा, मटका दौड़ में महिला मंडल खील घमरेहड़-2 की प्रीता देवी तथा म्यूजिकल चेयर रेस में महिला मंडल भचकेहड़ा टिकरू की रीनू प्रथम स्थान पर रहीं।

मटका फोड़ प्रतियोगिता में कुल 43, मटका दौड़ में 19 तथा म्यूजिकल चेयर रेस में कुल 43 महिला मंडलों ने भाग लिया। महिलाओं की खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजन समिति की संयोजिका एवं प्रधानाचार्य आईटीआई ई. नवीन कुमारी ने बताया कि मटका फोड़ प्रतियोगिता में महिला मंडल लाहड (बीड़) की किरणा दूसरे स्थान पर रहीं। मटका दौड़ में महिला मंडल छपरोट की रजनी देवी दूसरे स्थान पर रहीं। म्यूजिकल चेयर रेस में महिला मंडल खील घमरेहड़-2 की प्रीता देवी दूसरे तथा महिला मंडल हार मझवाड़ की कांता देवी तीसरे स्थान पर रहीं। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल दिवस पर सेरी मंच पर होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल दिवस का जिला स्तरीय समारोह 15 अप्रैल को मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दी।

उन्होंने कहा कि इस बार हिमाचल दिवस समारोह के दौरान लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता व भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी। समारोह में मुख्य अतिथि सुबह 11 बजे ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे व परेड का निरीक्षण करेंगे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय हिमाचल दिवस के आयोजन पर पुलिस, गृह रक्षक, एनसीसी, स्काउट एंड गाईड, होमगार्ड बैंड सहित अन्य द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया जाएगा।




बैठक की अध्यक्षता करते डीसी मंडी अपूर्व देवगन व अन्य अधिकारी।

समारोह में विभिन्न स्कूलों व अन्य संस्थानों द्वारा लोक संस्कृति और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम यानी स्वीप के तहत भी प्रस्तुतियां दी जाएगी। उपायुक्त ने आयोजन से जुड़े पुलिस, नगर निगम, जल शक्ति विभाग, विद्युत बोर्ड, शिक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समारोह के लिए समय रहते सभी पूर्ण आवश्यक प्रबंध करने के दिशा निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, एसडीएम मंडी सदर ओमकांत ठाकुर, सहायक आयुक्त कुलदीप सिंह पटियाल, डीएसपी देव राज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# छूटे हुए मतदाताओं की पहचान कर उन्हें मतदाता सूची में करें पंजीकृत : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, करसोग**

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए करसोग में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम करसोग राज कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने उपस्थित अधिकारियों को क्षेत्र की सभी पंचायतों में छूटे हुए मतदाताओं की पहचान कर उन्हें मतदाता सूची में जोड़ने (पंजीकृत करने) के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि छूटे हुए मतदाताओं की पहचान कर उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विकास खंड करसोग व चुराग के अन्तर्गत आने वाली सभी पंचायतों में विशेष मतदाता पहचान अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत सभी पंचायतों में ऐसे मतदाताओं की पहचान की जा रही है जिनके नाम विभिन्न कारणों से मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए है। बैठक में खंड विकास अधिकारी करसोग वैशाली शर्मा, खंड विकास अधिकारी चुराग स्पर्श शर्मा, सीडीपीओ विपासा भाटिया, बीईईओ धर्मपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



करसोग में बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम राज कुमार।

## औचक निरीक्षण के दौरान फुट ओवरब्रिज का भी किया निरीक्षण

# उपायुक्त ने एमसीएच सेंटर में स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने बुधवार को मातृ शिशु देखभाल अस्पताल (एमसीएच सेंटर) ऊना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां माताओं व बच्चों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया तथा अस्पताल प्रबंधन को देखभाल सेवाओं को और बेहतर बनाने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में सीवरेज प्रणाली समेत अन्य सभी व्यवस्थाओं को भी जांचा ।

उपायुक्त ने अस्पताल में बन रही लिफ्ट तथा क्षेत्रीय अस्पताल से एमसीएच सेंटर को जोड़ने वाले फुट ओवर ब्रिज का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को शेष कार्य को तीव्रता से करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को जल्द लाभ मिलना सुनिश्चित हो। जतिन लाल ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रीय अस्पताल प्रबंधन को यह सुनिश्चित बनाने को कहा कि अस्पताल में मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्हें पर्ची बनाने से लेकर उपचार तथा परीक्षण की सुविधा में सुगमता रहे। इस मौके पर सीएमओ संजीव वर्मा, एमएस डॉ. संजय मनकोटिया, एमओएच डॉ. सुखदीप सिंह सिद्धू, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता बलदेव शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



उपायुक्त मातृ शिशु देखभाल अस्पताल (एमसीएच सेंटर) ऊना का निरीक्षण करते हुए, साथ हैं अन्य।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की छानबीन**

**अंब।** क्षेत्र के कुठियाड़ी गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाहरी राज्य के युवक की मौत हो गई। ग्राम पंचायत प्रधान की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह ही ग्राम पंचायत प्रधान को किसी ने सूचना दी थी कि कुठियाड़ी के ठठल लिंक रोड पर किसी अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है।

पुलिस ने मौके का मुआयना किया तो पाया कि युवक का शव सड़क के किनारे बने शेड के नीचे पड़ा है और उसके शरीर पर चोट के भी निशान हैं। मृतक युवक की पहचान 27 वर्षीय फूल चंद पुत्र कधर्ड लाल गांव खेती नगला कादरगंज पुख्ता कासगंज उत्तर प्रदेश के तौर पर हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# स्वीप के तहत मतदान के लिए लोग किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

स्वीप अर्थात सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता भारत निर्वाचन आयोग कार्यक्रम के अंतर्गत बंगाणा में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बंगाणा में उपमंडल दंडाधिकारी, असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर बंगाणा के आदेश अनुसार यह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर उपमंडल दंडाधिकारी व कुटलैहड़ विधानसभा स्वीप के चेयरपर्सन सोनू गोयल मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आगामी होने वाले चुनाव में अधिकतर लोग अपना मत का पहली बार प्रयोग करेंगे। इसके लिए हर स्तर पर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। स्वीप अर्थात सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता भारत निर्वाचन आयोग का कार्यक्रम है, जो देश के नागरिकों, निर्वाचकों और मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में जागरूक करता है।

लोकतंत्र में मताधिकार किसी भी व्यक्ति की सबसे बड़ी ताकत होती है। हमें प्रत्येक चुनाव में मतदान करके एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देना चाहिए। आज जन्मानस को अपने मत का आगामी होने वाले चुनाव में प्रयोग करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों ने अपने हस्ताक्षर अभियान में बढ़कर भाग लिया। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह के गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि हर नागरिक इस लोकतंत्र के पर्व में अपने मतदान का प्रयोग कर हमारे भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को और सुदृढ़ करेंगे।

इस अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, इलेक्शन कांगो जीवन शर्मा, स्वीप सदस्य, एनएसएस वालंटियर पलक मान, मनीष, रोहित, कौशल राणा आदि मौजूद रहे ।



बंगाणा में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान में शामिल स्थानीय लोग।

# प्रभ करलूही में दो गुटों में खूनी संघर्ष, छह गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, अंब**

क्षेत्र के प्रंभ करलूही में दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष में छह लोग गंभीर घायल हो गए हैं, जो कि स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हैं।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को प्रंभ के दो परिवारों में पुरानी रंजिश के चलते संघर्ष हो गया। गांव के पप्पू कुमार और जगजीवन की ओर से अलग-अलग शिकायतें दर्ज करवाई गई हैं। दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। फिलहाल पुलिस मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जबकि अब तक क्रॉस मामला बनाया गया है।

### युवक की संदिग्ध मौत

हरोली। घालूवाल के समीप स्वां नदी में रेत भरने गए 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान उदय महतो पुत्र दताल महतो गांव बनी बिंदोली बिहार, जो घालूवाल की झुग्गी झोपड़ी में रह रहा था। बताया जा रहा है कि वह काम कर रहा था और उसे वहीं चक्कर आया और गिर पड़ा। उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## सगे भाई पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**हरोली।** क्षेत्र के नंगल खुर्द निवासी पुरषोत्तम सिंह ने अपने सगे भाई पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनका पुश्तैनी मकान था, जिसके दो कमरे उनके पास थे। उनके भाई ने अलग से मकान बना लिया है, जहां वह रहता है और अब जबरन हमारे मकान में ताला लगाकर चला गया है। मैंने भी अलग मकान बना लिया है, लेकिन इन दो कमरों में कीमती सामान पड़ा था। उन्होंने कीमती सामान पर हाथ साफ करने और धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज कराया है।

# लोकतंत्र के महापर्व में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण : जतिन लाल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि चुनावों के दौरान आदर्श चुनाव संहिता के सफल क्रियान्वयन में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की अहम भूमिका रहती है। लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने और जनता तक सही जानकारी पहुंचाने में मीडिया का सबसे महत्वपूर्ण रोल है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव में सहयोग का आग्रह किया। वे चुनावों के दृष्टिगत मीडिया की भूमिका और दायित्वों को लेकर बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित कार्यशाला एवं परिचर्चा में बोल रहे थे।

कार्यशाला में आदर्श चुनाव संहिता के दौरान पेड न्यूज, फेक न्यूज, मीडिया प्रमाणन एवं चुनावी विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन विषयों पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने विचार रखते हुए नियमों की जानकारी दी। इस अवसर पर पत्रकारों की जिज्ञासाओं और प्रश्नों का समाधान करते हुए संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जतिन लाल ने कहा कि चुनावों के दौरान मीडिया की जिम्मेदारी कई गुना बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा कि चुनावों के समय में किसी भी जानकारी या समाचार को प्रसारित करने से पहले उसकी सत्यता को अवश्य जांच लें। इसके लिए आदर्श चुनाव संहिता एवं मीडिया प्रमाणन नियमों की जानकारी पत्रकारों को अवश्य होनी चाहिए। मीडिया ने सदैव अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए प्रशासन का सहयोग किया है। चुनावों के दौरान भी प्रशासन को मीडिया कर्मियों से ऐसी अपेक्षा रहेगी।

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर बिना प्री-सर्टिफिकेशन प्रकाशित न करें राजनीतिक विज्ञापन :** उपायुक्त जतिन लाल ने कहा है कि लोकसभा चुनावों एवं विधानसभा उपचुनावों में उम्मीदवारों की ओर से जारी किए जाने वाले विज्ञापनों का जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से प्री-सर्टिफिकेशन करवाना आवश्यक है। बिना प्री-सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन केबल नेटवर्क, ई-पेपर, टीवी, सोशल मीडिया में में जारी नहीं किया जा सकता है।

प्रिंट मीडिया में विज्ञापन के लिए सत्यापन की अनिवार्यता मतदान पूर्व और मतदान दिवस के दिन वाले 48 घंटों के लिए ही है।

जतिन लाल ने मीडिया कर्मियों से आग्रह किया कि वह बिना प्री-सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन प्रकाशित न करें। इसके अतिरिक्त सरोगेट विज्ञापन का भी प्रकाशन न करें। इस दौरान ऊना के वरिष्ठ पत्रकार, मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि, तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर सहित लोक संपर्क विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



ऊना जिले में चुनावों के दृष्टिगत मीडिया कर्मियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।

### सोशल मीडिया, टीवी चैनलों व समाचार पत्रों पर एमसीएमसी की नजर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि सभी समाचार पत्रों, टीवी चैनलों, ई-पेपर, सोशल मीडिया पर प्रकाशित एवं प्रसारित होने वाले विज्ञापनों और पेड न्यूज पर जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय में बनाए गए एमसीएमसी सेंटर के माध्यम से कड़ी नजर रखी जा रही है। यह सेंटर 24 घंटे क्रियाशील है। उन्होंने बताया कि रेडियो, सिनेमा हॉल और एलईडी आदि पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि बिना प्री-सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन प्रसारित न हो। एमसीएमसी द्वारा जारी प्री-सर्टिफिकेशन प्रमाण पत्र के बिना किसी भी प्रकार के बल्क संदेश और वॉयस संदेश के विज्ञापन भी प्रसारित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान यदि पेड न्यूज किसी उम्मीदवार द्वारा प्रकाशित की जाती है, तो इस संदर्भ में समिति द्वारा उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जाएगा तथा समिति के निर्णय पर उस पेड न्यूज को उम्मीदवार के खर्चे में जोड़ा जाएगा।

### अधिक से अधिक मतदान करवाने को जागरूकता गतिविधियां आयोजित

**इसके** अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता को लेकर जिला भर में चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से पूरे जिले में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों में चुनावों के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता कैंप, दिव्यांगजनों हेतु मतदान की उचित व्यवस्था, नए मतदाताओं का पंजीकरण, हस्ताक्षर अभियान, मतदान हेतु शपथ, गीत-संगीत एवं सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऊना जिला में अधिक से अधिक मतदान हो और लोग अपने मताधिकार का उपयोग करें, इसी उद्देश्य से इन सभी गतिविधियों को करवाया जा रहा है।

## 14 महीनों में मुख्यमंत्री को क्यों नहीं आई कुटलैहड़ की याद : राणा

**बंगाणा।** जिला युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष अभय सिंह राणा, कुटलैहड़ युवा मोर्चा के महामंत्री ईशु राणा ने संयुक्त बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पिछले 14 महीनों में कुटलैहड़ की याद क्यों नहीं आई। अब क्यों उन्हें कुटलैहड़ की याद आई है।

पिछले 14 महीने पहले पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह भुट्टो की ओर से उन्हें कई बारकुटलैहड़ आने का निमंत्रण दिया गया, लेकिन मुख्यमंत्री ने कुटलैहड़ की जनता को अनदेखा कर दिया। इसी कारण से ही देवेंद्र सिंह भुट्टो ने कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। ईशु राणा ने कहा कि पिछले 14 महीनों में कांग्रेस ने कुटलैहड़ के विकास को ग्रहण ही लगा दिया था।

पिछली सरकार के समय जो कोई भी जयराम ठाकुर जी व कंवर जी द्वारा विकास कार्य चले हुए थे, वह सब मुख्यमंत्री द्वारा रुकवा दिए गए। अब मुख्यमंत्री जी जितने मर्जी दौरे व जनसभाएं कर लें, अब कुटलैहड़ की जनता सब समझ चुकी है। कुटलैहड़ भुट्टो के साथ चल पड़ा है। कुटलैहड़ की जनता ने अब मन बना लिया है कि भुट्टो को अबकी बार 15 हजार से ज्यादा मतों से जितवा कर ही आगे भेजेंगे।

# कांग्रेस ने गलत नीतियों के कारण जनता का विश्वास खोया : बलबीर

**अनंत ज्ञान, अंब**

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बलबीर चौधरी ने ऊना सदर के पूर्व विधायक और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सतपाल रायजादा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जेपी नड्डा के चुनाव पर टिप्पणी करने से पहले पूर्व विधायक को यह भी देख लेना चाहिए कि उनकी पार्टी के बड़े नेताओं ने लोकसभा का चुनाव कब क्यों और कहां से लड़ा है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जैसे नेताओं को उत्तर प्रदेश छोड़कर केरल जैसे राज्यों का रुख करना पड़ा। इसका सीधा सा कारण कांग्रेस की गलत नीतियों के चलते जनता का उसमें विश्वास खोना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हारे नकारे नेता कंगना रनौत के घर को लेकर जिस तरह से टिप्पणियां कर रहे हैं, उन्हें यह भी बताना चाहिए कि राज्यसभा चुनाव के लिए अभिषेक मनु सिंघवी को कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव का प्रत्याशी बनाया, उनका हिमाचल प्रदेश में निवास कहां पर है। यह वही मनु सिंघवी है, जिसने आपकी सरकार के विरुद्ध वॉटर सैस का केस लड़ा। कांग्रेस के नेता बताएं आज तक मनु सिंघवी ने कौन सा चुनाव जीता क्योंकि वह आज तक पंच का चुनाव तो जीत नहीं पाए। जिला अध्यक्ष ने कांग्रेसी नेताओं को याद करवा दो कि यह वही नेता है, जिन्होंने भगवान राम मंदिर के विरोध कैसे किया था, उनका हिमाचल से कोई नाता नहीं है।



जगत प्रकाश नड्डा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के अध्यक्ष हैं, वे देश में कहीं भी चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन कांग्रेस के हारे-नकारे नेता यह बताएं कि हिमाचल प्रदेश की राज्यसभा सीट से पहले सोनिया गांधी को प्रत्याशी बनाने वालों को उन्हें राजस्थान क्यों शिफ्ट करना पड़ा। जनता सच्चाई जानती है और कांग्रेस के नेता जानबूझकर स्वामी भक्ति में सच्चाई से मुंह मोड़ रहे हैं। हिमाचल में जब भी चुनाव आते है, तब महिलाओं के फॉर्म भरवा कर उन्हें पेंशन के झूठे सपने दिखने का काम प्रदेश में कांग्रेस करती रही है। इस बार चुनावों में भाजपा को जिताकर कांग्रेस को मुंहतोड़ जवाब देने वाली हैं।

# लोगों को पितृ दोष से बचना चाहिए : आचार्य

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के पलोह में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस पर चिंतपूर्णी विस क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने शिरकत करके कथा का रसपान किया। वहीं, कथा व्यास एवं आयोजको की ओर से विधायक बबलू को सम्मानित किया गया। सुदर्शन बबलू ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करने पर आदरणीय किशन देव शर्मा एवं समस्त परिवार को बधाई देता हूं। बबलू ने कहा कि मैं आपका नेता नहीं, बल्कि बेटा हूं और बेटा बनकर आपकी सेवा में समर्पित रहूंगा

बबलू ने समस्त जनता को यह संदेश देते हुए भी कहा कि मेरे पास सीधे काम लेकर पहुंचें या मुझे फोन करें। मेरे लिए मेरे विधानसभा क्षेत्र की जनता सबसे खास है, जिनके प्यार और आशीर्वाद से मुझे चिंतपूर्णी विधानसभा की जनता की सेवा करने का मौका मिला है। इलाके के प्रसिद्ध समाजसेवी बाबू किशन देव के निवास स्थान पलोह में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य अतुल कृष्ण जी महाराज ने बताया कि श्रीमद भागवत के सुनने मात्र से जन्म-जन्म के पापों का नाश हो जाता है।

बुधवार को तीसरे दिन आचार्य श्री अतुल कृष्ण ने बताया कि भक्ति में बहुत शक्ति है और भगवान बैकुंठ में नहीं भक्तों के हृदय में बास करते हैं। उन्होंने रामायण के सभी पात्रों की भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्रभु राम की जो मर्यादा है, वह सनातन की मर्यादा है।

उन्होंने कथा में बहुत से गूढ़ रहस्यों से पर्दा उठाया। उन्होंने बताया कि पितृ दोष से बचना चाहिए। पितरों के स्वामी अरिमा के बारे में भी बताया। उन्होंने कथा के दौरान भगवान के चौबीस अवतारों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया व कहा कि क्लिक अवतार कलयुग का तारणहार होगा। कथा 11 से दोपहर 2 बजे तक होती है व इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाता है। कथा के तीसरे दिवस पर पवन शर्मा, सुभाष शर्मा, राम पाल, बंदना, सरोज, मीना, ममता, कमला, सुमन शर्मा, डॉ सुरेश गर्ग ने कथा का श्रवण किया।

प्रधान ग्राम पंचायत सूरी कुलदीप ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपनी सेवाएं प्रदान कीं। बताते चलें कि बाबू किशन देव इलाके के जाने-माने समाजसेवी अधीक्षक क्लास वन पोस्ट से सीनियर सेकेंडरी स्कूल टकोली से रिटायर्ड हुए थे, जिनके पिता स्व. कर्म चंद शर्मा महान ज्योतिषी रहे हैं। बीस वर्ष सूरी पंचायत के प्रधान रह चुके हैं और बेटा अमित शर्मा सरकारी स्कूल ठठल में भौतिक विज्ञान के प्रख्यात प्रवक्ता हैं, जो लेक्चरर यूनियन के अध्यक्ष हैं।



विधायक सुदर्शन बबलू कथा व्यास जी से आशीर्वाद लेते हुए।

**आयोजन** | कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ने कई स्थानों में चलाया जन संपर्क अभियान

# द्वेष भाव बिना किया कुटलेहड़ की जनता का काम : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बुधवार को बंगाणा, हटली, तुतड़ु, जसाना शिव नगर आदि बाजारों में तूफानी जन संपर्क अभियान के तहत केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और अपने लिए जनता से समर्थन मांगा। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र विकास के पथ पर आगे बढ़े, हर व्यक्ति की समस्या का समाधान हो और कुटलैहड़ के हर गांव हर घर को सड़क और पक्का रास्ता मिले, उस फलस्वरूप हमने काम करना है।

पहले हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से लगातार पांचवीं बार भारत सरकार में मंत्री बड़े भाई अनुराग सिंह ठाकुर को बड़े मार्जन से कुटलैहड़ से लीड देकर भेजना है और कुटलैहड़ की जनता के आशीर्वाद से कुटलैहड़ में भी भाजपा का कमल खिले। उन्होंने कहा कि हमने 14 माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ की जनता का बिना राजनीति द्वेष भाव के चलते काम किया है, तभी कुटलैहड़ विस क्षेत्र की देव तुल्य जनता का भाजपा को भारी समर्थन मिल रहा है। देवेंद्र ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में पूर्व जयराम सरकार में मंत्री रहे विरेंद्र कंवर के अथक प्रयासों से दर्जनों योजनाएं शुरू हुई थीं और जो योजनाएं प्रगति पर थीं, उनके कार्यों को पूरा करने के लिए हमने 14 माह में दर्जनों बार लिखकर मुख्यमंत्री सुक्खू को दिया, लेकिन 14 माह में हमें आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं मिला।

भुट्टो ने कहा कि बंगाणा उपमंडल में 6 करोड़ की सीवरेज योजना का कार्य युद्धस्तर पर शुरू गई और कार्य पूरा करने के लिए एक करोड़ की धनराशि चाहिए थी, लेकिन केवल आश्वासन मिले। बार-बार कहने और डीओ देने पर धन स्वीकृत नहीं हुआ। भुट्टो ने कहा कि बंगाणा से ग्रामीण विकास विभाग, थानाकलां से बिजली बोर्ड, बंगाणा में जाइका विभाग के साथ अन्य पशुपालन विभाग के अस्पताल और अन्य सरकारी विभाग बंद होने पर हमने मुख्यमंत्री के पास उन्हें खोलने के लिए कुटलैहड़ की जनता द्वारा लिखित शिकायत दर्जनों बार दी, लेकिन 14 माह में सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया।

उन्होंने कहा कि 14 माह में 20 बार राज्य के सीएम को कुटलैहड़ प्रवास का निमंत्रण दिया, लेकिन डेढ़ वर्ष सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कुटलैहड़ प्रवास पर नहीं आए। अब जब लोकसभा चुनावों के साथ कुटलैहड़ में उपचुनावों का डंका बजा है, तो मुख्यमंत्री चुनावी शंखनाद करने के लिए कुटलैहड़ में लाव लश्कर के साथ आ रहे हैं।

इस अवसर पर उपप्रधान अरुण मनकोटिया, युवा मोर्चा के अभय राणा, किसान मोर्चा के राज कुमार राणा, डॉ. किशन राणा, डॉ. कश्मीर राणा के अलावा युवा मोर्चा के सदस्य मौजूद रहे।



एक कार्यक्रम में दौरान गणमान्य व अन्य लोग।

### देश में मोदी की गारंटी नंबर वन

देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि सत्ता की कुर्सी तक पहुंचने के लिए हर कोई चुनावी समय में घोषणा पत्र में गारंटियां देता है और सत्ता की कुर्सी मिलने के बाद गारंटी पूरी होने की कोई गारंटी नहीं होती, लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पूरा होने की सौ प्रतिशत गारंटी होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों के आगे सभी गारंटियां फेल हो जाती हैं। मोदी की गअबकी बार 400 पार को पूरा होने की भी गारंटी है और देश में लगातार तीसरी बार भारत सरकार का नेतृत्व प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी करेंग, जिसकी भी पूरी गारंटी है।

# एक साल से मानदेय न मिलने पर नंबरदार महासंघ में ‘महारोष’



नंबरदार महासंघ के पदाधिकारी बैठक के बाद सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

हिमाचल प्रदेश नंबरदार कल्याण महासंघ की ब्लॉक गगरेट इकाई ने नंबरदारों को पिछले एक साल से मानदेय न मिलने पर गहरा रोष प्रकट किया है।

ब्लॉक इकाई के उपाध्यक्ष अनिल ठाकुर की अध्यक्षता में हुई प्रदेश नंबरदार कल्याण महासंघ की बैठक में महासंघ के सदस्यों ने नंबरदारों को पंचायत गतिविधियों के लिए भी अधिकृत करने की मांग उठाई। नंबरदार कल्याण महासंघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष अश्विनी ठाकुर ने कहा कि नंबरदार महासंघ प्रदेश सरकार का आभार प्रकट करता है कि प्रदेश सरकार ने नंबरदारों का मानदेय बढ़ाकर नंबरदारों की मांग को पूरा किया, लेकिन पिछले एक साल से नंबरदारों को मानदेय तक नहीं मिला है। इसे लेकर भी नंबरदारों में महा रोष है।

उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश सरकार हर माह नंबरदारों को मानदेय नहीं दे सकती, तो कम से कम तीन माह बाद नंबरदारों को उनका मानदेय दिया जाए। तहसील व उपतहसील कार्यालयों में नंबरदार कक्ष बनाने की मांग भी अभी लंबित है, इस पर भी प्रदेश सरकार विचार करे और पंचायत कार्यों में भी नंबरदारों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में नम्बरदार महासंघ के जिलाध्यक्ष कुंवर बृजपाल सिंह के भाई के निधन पर भी शोक प्रकट किया गया। इस अवसर पर नंबरदार महासंघ के महासचिव राकेश कुमार व दीपक दत्ता भोलू सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# आस्था से पर्यटन को संबल

देवभूमि हिमाचल में कुछ ही दिन में चैत्र नवरात्र शुरू होने वाले हैं। मां के भक्त देश-विदेश से हिमाचल के शक्तिपीठों में मां दुर्गा के दर्शन करने आएंगे। कुछ ने तो देवभूमि का रुख करना शुरू भी कर दिया है। ये नौ दिन देवभूमि हिमाचल के लिए बहुत खास होते हैं। ये दिन धार्मिक पर्यटन को भी कई गुना बढ़ा देते हैं। जब देश-विदेश से लोग हिमाचल पहुंचते हैं, तो यहां धार्मिक पर्यटन से जुड़े लोगों को भी काफी फायदा होता है। टैक्सी वाले, ढाबा और होटल संचालक या फिर मां की पूजा सामग्री से जुड़ी दुकानें सजाए बैठे दुकानदार सभी को अच्छे कारोबार की उम्मीद होती है। लोग ही नहीं, बल्कि इन दिनों में सरकार के राजस्व में भी कई गुना बढ़ोतरी होती है। हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें पूरी तरह से फुल होकर चलती हैं, जिससे परिवहन निगम की आय में इजाफा होता है। निगम की कमाई में बढ़ोतरी मतलब सरकार की आय में बढ़ोतरी।

यह सीजन हिमाचल में पर्यटन का सीजन भी होता है। गर्मी के सताए बाहरी राज्यों के लोग जब मां के दर्शन करने के लिए हिमाचल पहुंचते हैं, तो यहां की ठंडी वादियों में कुछ और समय गुजारना पसंद करते हैं। ऐसे में वे मंदिरों के साथ ही उन जगहों का भी रुख करते हैं, जो उन्हें तेज गर्मी और लू से निजात दिलाएं। हिमाचल में ज्यादातर श्रद्धालु पड़ोसी राज्यों से आते हैं। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के अलावा यूपी के भी काफी श्रद्धालु मां के दर्शनों के लिए यहां पहुंचते हैं। वे पूरे परिवार के साथ यहां आते हैं और कई-कई दिन यहीं रुक जाते हैं। मां के दर्शनों के साथ ही उन्हें बर्फ से ढकी धौलाधार की पहाड़ियों को भी निहारने का अवसर मिल जाता है। धौलाधार पर सफेद चादर सी बिछी बर्फ उन्हें रोमांचित कर देती है, मानों वे कुदरत की गोद में आ बैठे हों।

राज्य सरकार ने भी धार्मिक पर्यटन की व्यापक संभावनाओं को पहचानते हुए तीर्थयात्रियों की जरूरतों को पूरा करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। ऐसी ही एक योजना है ई-दर्शन योजना। इसके माध्यम से तीर्थयात्री मंदिर के पुजारियों से जुड़ सकेंगे, ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे या अनुष्ठानों के लिए स्लॉट बुक कर सकेंगे। योजना के तहत भक्तों को विशेष पूजा करने के लिए शुभ समय भी मिलेगा, जिससे उन्हें आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने में सुविधा होगी। अधिकारियों की मानें तो तीर्थयात्रियों के अनुभव को बढ़ाने में बुनियादी ढांचे के महत्व को पहचानते हुए सरकार प्रमुख मंदिरों के विकास पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है, जैसे कि बाबा बालक नाथ मंदिर, जो हमीरपुर जिले में स्थित है और दियोटसिद्ध के रूप में भी प्रसिद्ध है। यह मंदिर चकमोह गांव में एक पहाड़ी के ऊपर एक प्राकृतिक गुफा में स्थित है और इसका अत्यधिक महत्व है। संक्षेप में, ई-दर्शन योजना मंदिरों को भक्तों के करीब लाएगी और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगी।

हिमाचल न केवल भारत के भीतर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए भी एक सुरक्षित पर्यटन स्थल के रूप में पहचाना जाता है। राज्य सरकार पर्यटकों की सुरक्षा को प्राथमिकता में रखती है, ताकि सैलानी यहां आने से कतराएं नहीं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सूबे में कई परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जिनमें कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार, धर्मशाला में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन केंद्र का निर्माण, बनखंडी में एक प्राणी उद्यान की स्थापना, नगरोटा बगवां में एक ओल्ड एज वेलनेस रिजॉर्ट और हाई-एंड फाउंटेन का निर्माण शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य पर्यटकों के लिए राज्य की अपील को बढ़ाना है। यही नहीं राज्य सरकार ने पर्यटकों के लिए हाई-टेक बसें शुरू करने की योजना बनाई है, जो विदेशों में पाई जाने वाली बसों के समान हैं, ताकि पर्यटन स्थलों तक आरामदायक और सुंदर परिवहन प्रदान किया जा सके। वहीं, दूसरी ओर वर्तमान सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तो कांगड़ा जिले को राज्य की पर्यटन राजधानी बनाने का बीड़ा उठा रखा है।

# पीएचडी की बदलेगी अब सूरत और सीरत


लेखक : प्रो. श्याम सुंदर भाटिया
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पीएचडी करने की ख्वाहिश रखने वाले युवाओं के लिए यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन-यूजीसी से बड़ी खबर आ रही है। या यूं कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए, पीएचडी की चाह रखने वाले के लिए यूजीसी ने अब नई संजीवनी से लबरेज नायाब तोहफा दिया है। 2024-25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए अब केवल एक राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा 'नेट' देनी होगी। यह नई शिक्षा नीति-2020 का अहम हिस्सा है। उच्च शिक्षा के शीर्ष संस्थान के इस कदम से देशभर में कई प्रवेश परीक्षाओं की अब जरूरत नहीं रहेगी।

नेट परीक्षा प्रावधानों की समीक्षा के लिए नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। यूजीसी की हाल ही में हुई 578वीं बैठक के दौरान इस बड़े बदलाव को हरी झंडी दे दी गई। यूजीसी ने इसे जून से ही क्रियान्वित करने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है, एनईपी-2020 को लागू करने की सिफारिशों के संग केंद्र सरकार ने गैरजरूरी बताते हुए एम.फिल की विदाई कर दी थी। यूजीसी के इस फैसले के बाद देशभर में अब किसी भी सरकारी या प्राइवेट यूनिवर्सिटी में एमफिल की डिग्री नहीं दी जा रही है। नेट परीक्षा अब तक मुख्य रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप 'जेआरएफ' और सहायक प्रोफेसर्स की नियुक्तियों की पात्रता तय करने के लिए होती रही है। अब इसका दायरा बढ़ा दिया गया है। ऑल ओवर इंडिया पीएचडी में प्रवेश के लिए नेट परीक्षा ही पात्रता होगी। पीएचडी में एडमिशन के लिए रिजल्ट उम्मीदवार के प्राप्त अंकों के साथ परसेंटाइल में जारी किया जाएगा। बताते चलें, अभी तक पीएचडी रेग्यूलेशन एक्ट-2022 के तहत जेआरएफ पास स्टूडेंट्स को ही इंटरव्यू बेस पर पीएचडी में एडमिशन मिलता रहा है। यूजीसी की ओर से नए परिवर्तन की गाइडलाइंस का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। नए नियमों के मुताबिक जून, 2024 से यूजीसी नेट योग्य उम्मीदवारों की पात्रता तीन श्रेणियों में होगी। एक के तहत जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के संग-संग पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र होंगे। दो के तहत जो आवेदक जेआरएफ के बिना पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र हैं, लेकिन सहायक प्रोफेसर नियुक्ति चाहते हैं।

तीन के तहत वे पूरी तरह से पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के हकदार होंगे। नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के लिए दो और तीन श्रेणी में नेट स्कोर का वेटेज 70 प्रतिशत होगा, जबकि 30 प्रतिशत वेटेज इंटरव्यू के जरिए दिया जाएगा। यह इंटरव्यू आवेदक उम्मीदवार की चयनित यूनिवर्सिटी के अंतर्गत होगा। यह प्रमाण पत्र एक वर्ष के लिए वैध रहेगा। यदि आवेदक ने इस समयावधि में प्रवेश नहीं लिया तो इसके लिए वह अयोग्य हो जाएगा, ऐसे में अभ्यर्थी को पुन: नेट परीक्षा देनी होगी।

जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान में जय अनुसंधान का जुड़ाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शोध के प्रति समर्पण दर्शाता है, हमारी केंद्र सरकार वैश्विक रैंकिंग को लेकर कितनी संजीदा है। 2021-22 में पांच साल के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन एनआरएफ का बजट 50 हजार करोड़ आवंटित हो चुका है। उम्मीद है, शोध के क्षेत्र में तरक्की की नई राहें निकलेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि छात्रों को रिसर्च और इनोवेशन को जीने का तरीका बनाना होगा। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के फाइनल में शिरकत कर रहे छात्रों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा था, समाज में नवाचार को अब अधिक स्वीकृति मिल रही है।

जय अनुसंधान का जिक्र करते हुए बोले, स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के प्रतिभागी इसके ध्वजवाहक हैं। जाने-माने शिक्षाविद प्रो. यशपाल का मानना रहा है, जिन शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान और उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता है, न तो शिक्षा का भला कर पाती हैं और न ही समाज का। आत्मविश्वास से लबरेज यूजीसी के अध्यक्ष प्रो. एम जगदीश कुमार कहते हैं, यह बदलाव निसंदेह देश में शैक्षणिक खोज और विद्वतापूर्ण उन्नति के लिए अधिक अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने में अनमोल योगदान देगा। प्रो. कुमार कहते हैं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए अगले सप्ताह से मूर्त रूप देने जा रही है। इससे न केवल छात्रों को विभिन्न विश्वविद्यालयों की ओर से आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी से राहत मिलेगी, बल्कि इससे परीक्षा संसाधन और खर्चों का बोझ कम होगा। शिक्षाविद मानते हैं, यूजीसी नेट परीक्षा से न केवल आपके अंकों के आधार पर प्रतिष्ठि विश्वविद्यालयों के द्वार खुलेंगे, बल्कि आपको आकर्षक छात्रवृत्ति मिलने का रास्ता भी सुगम हो जाएगा।

अब आईआईटी, आईआईएम या दीगर किसी यूनिवर्सिटी में पीएचडी के एडमिशन के लिए अगल से इंट्रेंस एग्जाम देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि देश में अब वन पीएचडी इंट्रेंस एग्जाम फार्मूला लागू हो गया है। भारत दुनिया में सबसे तेजी बढ़ते अनुसंधान देशों में से एक है। क्यूएस रिसर्च वर्ल्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 2017-2022 के बीच भारत के अनुसंधान उत्पादन में लगभग 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वैश्विक औसत के दोगुने से भी अधिक है, जबकि वैश्विक औसत 22 प्रतिशत है। इसमें भारत के 66 विश्वविद्यालयों को शुमार किया गया था। चीन, अमेरिका और यूके के बाद दुनिया में भारत का रिसर्च चौथे पायदान पर है। क्यूएस के मुताबिक भारत ने 2017-2022 के बीच 1.3 मिलियन अकादमिक पेपर्स तैयार किए हैं। इस अवधि में करीब 15 प्रतिशत रिसर्च पेपर शीर्ष जर्नल में प्रकाशित हुए हैं।

यह खुलासा क्यूएस ने अपनी रैंकिंग में किया है। अकादमिक पेपर्स में यूनाइटेड किंगडम का आंकड़ा 1.4 मिलियन है। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, भारत निकट भविष्य में यूके को पीछे छोड़ देगा। यह बात दीगर है, साइटेशंस में 8.9 मिलियन उद्धरणों के साथ भारत की नौवीं रैंक है। क्यूएस रिसर्च वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग ने यह रैंकिंग निर्धारित करने के लिए भारत समेत दुनिया के 93 देशों के 1300 से अधिक विश्वविद्यालयों के डेटा का विश्लेषण किया। रैंकिंग निर्धारण में अनुसंधान आउटपुट, शिक्षण गुणवत्ता और नियोक्ता प्रतिष्ठा जैसे कारक शामिल थे। भारत में अनुसंधान का सबसे प्रचुर क्षेत्र इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी है। इसके बाद प्राकृतिक विज्ञान, जीव विज्ञान और चिकित्सा का स्थान आता है। भारत दो या अधिक मुल्कों के साथ अपने अनुसंधान उत्पादन का 19 प्रतिशत उत्पादन करता है। यह वैश्विक औसत पर 21 प्रतिशत है। इसमें कोई शक नहीं है, भारत दुनिया में सबसे तेज ग्रो करने वाला रिसर्च हब है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# नक्सलवाद पर मध्य प्रदेश की सरकार का ठोस प्रहार


लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

देश में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं, ऐसे में मध्य प्रदेश की मोहन सरकार शांति से मतदान संपन्न हों, इसके लिए अपने अथक प्रयास करती हुए नजर आ रही है। इसमें कि छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र राज्यों से लगे सीमावर्ती जिलों में नक्सली गतिविधि पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए कठोर कार्रवाई शुरू है। इसी का यह परिणाम है कि मध्य प्रदेश में या तो नक्सली मारे जा रहे हैं या फिर उन्हें राज्य छोड़कर भागना पड़ रहा है।

ताजा घटनाक्रम 29 लाख की इनामी महिला नक्सली डीवीसीएम सजंति उर्फ क्रांति, जो कि डिस्ट्रिक्ट कमांडेट थी, का मारा जाना है। इसके साथ ही एक 14 लाख का इनामी नक्सली रघु उर्फ शेर सिंह भी मारा गया है। रघु पर तीन राज्यों की पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा था। इससे पहले मध्य प्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स को एक और बड़ी सफलता मिली थी। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत चकरवाहा जंगल क्षेत्र में सर्चिंग कर रही कोबरा 207 और हॉकफोर्स की संयुक्त टीम की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें कोबरा 207 और हॉकफोर्स द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई से नक्सली घने जंगल में भाग गए थे । इस मुठभेड़ में कुछ नक्सली बुरी तरह से घायल हुए थे, जो सामान कोबरा 207 और हॉकफोर्स की संयुक्त टीम के हाथ लगा, सूचनाओं के नजरिए से फोर्स के लिए वह बहुत काम का साबित हुआ है।

इसी प्रकार से डॉ. मोहन यादव की भाजपा सरकार के गठन के वक्त भी एक बड़ी कार्रवाई नक्सलियों पर की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान भी नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाने में फोर्स को सफलता मिली थी। मध्य प्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 14 लाख रुपए के इनामी नक्सली मड़काम हिड़मा उर्फ चैतु (32) को मार गिराया था।

मध्य प्रदेश पुलिस के लगातार प्रयासों और अभियानों से नक्सली बैकफुट पर हैं। इसके लिए निश्चित ही प्रदेश की भाजपा सरकार को श्रेय दिया जाना चाहिए कि भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र पर पूरी तरह अमल करती हुई दिखाई दे रही है। नक्सलवाद का खात्मा करना उसके संकल्प पत्र का ही एक प्रमुख कार्य है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## सत्य के मेले में कपट का व्यापार


शेर सिंह, नाग मंदिर कॉलोनी, शमशी कुल्लू

*सच का अकाल है झूठ का समंदर*
*देखो पाखंड का कैसा जादुई मंजर।*
*जुबान पर शहद दिल में विष बेल*
*प्रेम की बोली रिश्तों का व्यापार।*
*साधु नहीं स्वादु हैं पद, मद का*
*शकुनि के वंशजों का देखो कैसा अनाचार।*
*कामदेव के रूप जाल की राह नहीं*
*गौरेया फटकारे पंखों को जल में डुबकी मार।*
*नजर नजर का धोखा नजरों का फेर*
*शातिर ऐसा रोशन दिल में भरे अंधकार।*
*लिपटे भुजंग चंदन तरू से होकर एकमएक*
*हो सत्य अवश मिथ्या का कैसा व्यवहार।*
*भेड़ की खाल में भेड़िया गाते दर्शन राग*
*सत्य के मेले में कपट का व्यापार।*
*है माया जाल में अटकी सबकी जान*
*क्या सन्यासी, क्या संसारी जीभ सबकी बाहर।*

# बच्चों में पढ़ाई के साथ खेलों में बराबर की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाए


लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो शरीर के साथ-साथ मानसिक विकास में भी हमारी मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार बच्चे तनाव में आ जाते हैं, ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम को भारत सरकार ने साल 2017 को भारत में खेल की भावना को जीवित करने के उद्देश्य से शुरू किया था। 'खेलो इंडिया' की पहल से भारतीय युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने के लिए एक नया मंच मिला है। इस कार्यक्रम से युवाओं ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया है। खेल हमारे स्वस्थ जीवन के लिए अत्यावश्यक हैं। खेलने से हमारा शरीर बिलकुल फिट रहता है और होने वाली कई बीमारियों से भी बचा रहता है।

वर्तमान समय में यह सोचने योग्य बात है कि कई स्कूलों में शिक्षा पर तो बहुत ध्यान दिया जाता है, लेकिन खेलों पर नहीं। कुछ स्कूल तो ऐसे हैं, जहां शिक्षा ही सब कुछ है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बराबर की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जानी चाहिए। ऐसे में अभिभावकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि जिस खेल में आपका बच्चा रुचि रखता हो, उन्हें उस खेल के लिए बच्चों को बढ़ावा देना चाहिए। आजकल के दौर में बच्चे मोबाइल, लैपटॉप और वीडियो गेम में ही खेल खेलते हैं, जो कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत हानिकारक है। लगातार मोबाइल गेम खेलने से या स्क्रीन देखने से बच्चों की आंखें भी खराब हो रही है और साथ ही उनका शारीरिक स्वास्थ्य भी दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है, जबकि बाहर खेलने से बच्चे के शरीर को बल, मांसपेशियों को मजबूती और आलस से चुस्ती-फुर्ती आती है। खेल खेलने से बच्चा संघर्ष करना सीखता है। हार-जीत को आनंदपूर्ण ढंग से लेने की आदत भी खेल खेलने से ही आती है।

खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा भी प्रदान करता है। जब हम किसी खेल में भाग लेते हैं, तो हमें नियमों और नियमितताओं का पालन भी करना पड़ता है। इससे हमारे जीवन में अनुशासन, संयम और नैतिक मूल्य विकसित होते हैं। स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम, योग, संतुलित आहार तो प्रमुख हैं ही, लेकिन इनके अलावा खेल भी महत्वपूर्ण है।

जिंदगी में खेलकूद का भी उतना ही महत्व है, जितना कि पढ़ाई-लिखाई का, इसलिए खेल सभी के लिए आवश्यक हैं, विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए, क्योंकि यह शरीर को स्वस्थ एवं तंदरुस्त रखता है और कोई अन्य बुरी आदत लगने से भी बचाता है। वर्तमान समय में खेल के क्षेत्र में भी रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इस कारण आज के समय में बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ खेलना भी अत्यंत आवश्यक है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# युवा आगे आएंगे तभी होगा राष्ट्र और समाज का कल्याण


लेखक : अरुण कुमार दीक्षित
हिंदुस्थान समाचार

राजनीति में युवाओं की अहम भूमिका है। युवा अपने विचारों से हर क्षेत्र को प्रभावित करते हैं। वे जिस विचार की ओर अग्रसर होते हैं, समाज उससे प्रभावित होता ही है। आज दुनिया में सर्वाधिक मांग युवाओं की है। भारत की राजनीति में सबसे अधिक मांग युवा विचारों के साथ युवाओं की ही रहती है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को युवाओं ने ही धार दी थी। युवाओं के आकर्षण का केंद्र राजनीति है, जो कि उन्हें आकर्षित करती है। भारत की राजनीति ने युवा मन को निराश किया है। राजनीति युवाओं में विराट लक्ष्य नहीं देखती। राजनीतिक दलों से जुड़े युवा कभी इस दल तो कभी उस दल के हाईकमान का जयघोष करते हैं। ऐसा कर वे एक तरह से अपने ही श्रम-समय का नुकसान करते हैं। युवा सपने देखते हैं और सफल होते हैं। विफल भी होते हैं, टूटते हैं। आज युवा बेरोजगारी से टकरा रहे हैं। युवाओं पर पढ़ाई के साथ परिवार वालों का भी दबाव होता है कि कुछ कर दिखाना है। अनेक युवा भारतीय राजनीति में आए। उन्होंने लगातार समाज के वंचितों के लिए काम किया। समाचार पत्र निकाले। समाज-राष्ट्र की समस्याओं के समाधान को अपने जीवन का मिशन बनाया। बड़े राजनेता, पत्रकार और अधिकारी बने। ऐसे युवाओं की बड़ी संख्या है कि वे पहले प्रशासनिक अधिकारी बने। बाद में सीधे राजनीति में कूदे। कुछ को सरकारों ने ही पुरस्कृत किया। कुछ आजीवन संघर्षरत रहे। सरकारों ने युवा नीति को लेकर अब तक क्या किया, यह भी समझना आवश्यक है। भारत में पहली बार युवानीति सन 1988 में संसद के दोनों सदनों में रखी गई। युवा मामलों और खेल विभाग को इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई। उद्देश्य था कि युवा नीति उनके व्यक्तित्व व कार्य क्षमता को मजबूत बनाए। वर्ष 2003 में फिर युवा राष्ट्रनीति पर चर्चा हुई। 2003 में 13 से 35 वर्ष के आयु के व्यक्ति को युवा के रूप में परिभाषित किया गया। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार ने युवाओं के समग्र विकास की वचनबद्धता दोहराई। वर्ष 2023 मे केंद्र सरकार ने युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह शिक्षा व्यावसायिक कौशल सिखाती है। समग्र विकास में सहायक है। इस नीति का उद्देश्य युवाओं को आत्मविश्वास से मजबूत करना है। उन्हें आर्थिक मजबूती देनी है और उन्हें शारीरिक और मानसिक स्तर पर सबल बनाना है। उनका समग्र विकास करना है। युवा नेतृत्व एवं विकास स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल आदि के विषय वर्ष 2023 से 2032 का मसौदा है और यह मसौदा वर्तमान में युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधीन विचाराधीन है। केंद्र सरकार ने मसौदा नीति पर सुझाव मांगे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की दृष्टि में युवावस्था को सामान्यत: परिवर्तन के तौर पर माना जाता है। युवा वयस्कता की सामाजिक कसौटियों, रोजगार, परिवार और एक उत्पादक नागरिक के रूप में प्रयास कर रहे हैं। युवा परिवर्तन के प्रतिनिधि हैं। युवा शब्द के लिए अंग्रेजी में एक शब्द है जियोंग। इसका अर्थ युवा, युवक नया है, वहीं संस्कृत का शब्द युवान है। इसका अर्थ युवा-युवक है। भारतीय राजनीति को महात्मा गांधी, डॉ. राम मनोहर लोहिया और अंबेडकर तीनों नेताओं ने सबसे अधिक प्रभावित किया है। युवा गांधी दक्षिण अफ्रीका में प्रिटोरिया से डरबन जाते समय रेल में रंगभेद का शिकार हुए। गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में इंडियन ओपिनियन अखबार निकाला। भारतीयों की ज्वलंत समस्याओं को उठाया। पूरी दुनिया में रंगभेद के विरुद्ध वातावरण बनाने में जुटे रहे। गांधी भारत आए। भारत में अंग्रेजी सत्ता की गुलामी के विरुद्ध बिगुल फूंका। लाखों नौजवान उनके साथ खड़े हो गए। लड़ाई बढ़ गई, फिर आंदोलन का दौर चला।

गांधी के आह्वान पर जिस तरह भारतीय नौजवान छात्र जुटे, ऐसा विश्व इतिहास में परतंत्र भारत में पहली बार था। गांधी बैरिस्टर से महात्मा होने की यात्रा पर चल पड़े। नमक आंदोलन, असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, दांडी मार्च, जैसे बड़े आंदोलन खड़े कर दिखाए। इस सब के पीछे युवा शक्ति थी। वह युवा शक्ति अपने राष्ट्र के लिए जागृत हो चुकी थी। आज कोई कुछ भी कहे, मगर बैरिस्टर से गांधी महात्मा की यात्रा युवाओं के कारण अद्‌भुत अकल्पनीय बनी। वह युवाओं के साथ दुनिया के प्रेरणास्रोत रहेंगे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विदेश से पढ़ाई पूरी कर लौटे तो उन्हें भारतीय समाज में ऊंच-नीच की सड़ी-गली व्यवस्था ने झकझोर दिया। स्वामी विवेकानंद भी युवा थे। वह भारत की संस्कृति को विश्व में स्थापित करने का स्वप्न लेकर अमेरिका गए। साथ ही अनेक देशों की यात्राएं इसी उद्देश्य से कीं। वहां अपनी भारत की वैदिक सांस्कृतिक अनुभूति को पूरे विश्व के सामने रखा। अरविंद घोष भी युवा थे। उन्होंने भी भारतीय स्वाधीनता, योग और संस्कृति के लिए विलक्षण काम किया। सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु, युवा ही थे। दूसरी तरफ आज आधुनिकता के नाम पर सारे बंधन युवा तोड़ रहे हैं। आज युवा क्या कर रहा है? राजनीतिक भागीदारी कितनी है? युवा प्रश्न नहीं उठा रहा? यह अपने आप में बड़ा सवाल है। भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए युवाओं को ही आगे आना होगा, तभी राष्ट, और समाज का कल्याण होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जो सबका मित्र होता है, वह किसी का मित्र नहीं होता


लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

अरस्तु ने कहा था कि जो सबका मित्र होता है, वह किसी का मित्र नहीं होता। वर्तमान परिपेक्षय में यह बात चरितार्थ हो रही है। कुछ लोग सबके साथ मित्रता रखते हैं, लेकिन किसी के भी सच्चे मित्र नहीं हैं। सबको बेबकूफ बनाते हैं, लेकिन ऐसा ज्यादा दिन नहीं चलता है, एक दिन ऐसे लोगों का पर्दाफाश हो जाता है। ऐसे लोग गिरगिट प्रजाति के होते हैं। ये इधर की बातें, ऐसे लोग मौकापरस्त होते हैं, ऐसे लोगों का विश्वास नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसे लोगों का कोई दीन-अमान नहीं होता।

ये अपने निजी स्वार्थ के लिए किसी की भी बलि दे सकते हैं, ऐसे दोहरी मानसिकता वाले लोगों से समय रहते किनारा कर लेना चाहिए। ऐसे लोग बहुत ही घातक होते हैं। ये दोस्तों में दरार डालते हैं। दोस्ती बराबर की न हो तो टूट जाती है। एक विचारक ने कहा था कि दोस्ती बराबर की होनी चाहिए, अगर दोस्ती बराबर की न हो तो टूट जाती है। आजकल दोस्ती हैसियत देखकर की जाती है कि उसका जीवन स्तर कितना ऊंचा है, स्टेटस क्या है, क्या जॉब करता है। क्या उसके पास गाड़ी और बंगला है। आलीशान मकान है। यह दोस्ती का पैमाना है। गरीब अमीर की दोस्ती बहुत कम होती है क्योंकि अमीर अपनी पैसे की धोंस जमाते हैं और गरीबों को दबाते हैं, इग्नोर करते हैं और नीचा दिखाते हैं। कहते हैं सच्चे व पक्के दोस्त नसीब वालों को ही मिलते हैं। आज सच्चे मित्र मिलना बहुत ही कठिन है। वास्तव में सच्चा मित्र वह होता है, जो हमेशा हर दुख-सुख व मुसीबत में हमारे साथ खड़ा रहता है। सुख-दुख जीवन की धूप-छांव होते हैं और जीवन में इनका आना-जाना एक सतत प्रक्रिया है।

जीवन मे एक ही मित्र काफी होता है, जो हर संकट मे कंधे से कंधा मिला कर चले और कहे दोस्त कोई बात नहीं मैं हूं, घबराओ मत। अंतिम सांस तक साथ निभाउंगा। आधुनिक इंटरनेट युग में ऐसे दोस्त विलुप्त हो चुके हैं। आज मतलबी दोस्त हो गए हैं, मतलब खत्म तो दोस्ती खत्म हो जाती है। दोस्ती निस्वार्थ होनी चाहिए। स्वार्थ नहीं होना चाहिए। अक्सर देखा गया है कि आज मतलबी दोस्तों की संख्या बढ़ती जा रही है ऐसे उदाहारण बहुत हैं कि जो लोग कभी सच्चे दोस्त थे, आज अच्छी जॉब पर लग गए तो अपने दोस्तों को भूल गए। इतिहास साक्षी है कि जो अपनी औकात भूल जाते हैं, वक्त उनको तहस-नहस कर देता है। नए-नए दोस्त जब बन जाते हैं, तो पुराने दोस्त भुला दिए जाते हैं।

एक शायर ने कहा था कि जिंदगी में हर चीज अच्छी होती है, लेकिन दोस्त पुराने ही अच्छे होते हैं, जो हर परिस्थिति से वाकिफ होते हैं। नए दोस्त सिर्फ नौ दिन चलते हैं, जबकि पुराने ताउम्र चलते हैं। आज कुछ लोग अमीर बन जाएं तो पुराने दोस्तों को अनदेखा करते हैं। अपना समय भूल गए हैं। गरीब के साथ रिश्ता छुपाते हैं। गरीब का स्वाभिमान बहुत बड़ा होता है, जो कि स्वाभिमान से जीता है। किसी को इग्नोर नहीं करता। दिन-रात बिना स्वार्थ के तत्पर रहता है, लेकिन लोग उसका आदर नहीं करते। गरीब आदमी बेइमान नहीं होता है। नमक से रोटी खा लेता है, लेकिन किसी के आगे हाथ नहीं फैलाता। भाग्य अपना-अपना है।

कोई झोंपड़ी में खुश है तो कोई महलों में भी रोता है। कर्म से भाग्य को बदला जा सकता है, इसलिए अच्छे कर्म करते रहिए। भाग्य एक पल में किसी को कंगाल बना दे, यह किसी को पता नहीं होता। दो जून की रोटी को तरसने वाले आज अपना समय भूल चुके हैं। अच्छे कर्म जीवन को स्वर्ग बना देते हैं और बुरे कर्म जीवन को नर्क बना देते हैं। आज कुछेक तथाकथित लोग तिगड़म करके ऐसे पदों पर विराजमान हैं, जिसके वे काबिल नहीं है, लेकिन सिफारिश के बलबूते स्थान हासिल करने वालों को एक दिन वक्त जरूर धूल चटाता है। मानव को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि मुसीबत में अपने ही काम आते हैं, बाहर के तमाशा देखते हैं। आज अपनों को नीचे गिराया जाता है और बाहर के लोगों को ऊपर उठाया जाता है। आज कितने ही प्रतिभावान लोग हैं, जिन्हे दरकिनार कर अयोग्य लोगों को मौका दिया जाता है। अनुभवहीन लोग आज इतने बड़े बन जाते हैं कि दूसरों को पाठ पढ़ाने लगते हैं कि कौन काम सही है और कौन गलत, मगर सच्चाई सौ परदे फाड़ कर बाहर आती है, तब ऐसे लोग खाक में मिल जाते हैं। वक्त एक ऐसा तराजू है जिसके एक पलड़े में जिंदगी और दूसरे पलड़े में मौत होती है। जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है। जब इंसान जिंदा होता है, तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता, लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**जब** आप किसी अस्पताल में जाते हैं तो डॉक्टर अक्सर आपसे मरीज की मेडिकल हिस्ट्री के बारे में पूछते हैं। कुछ विवरण याद रखना आसान होता है, जबकि कुछ विवरण याद रखना कठिन हो जाता है। लेकिन आजकल, सब कुछ डिजिटल हो गया है, जिसमें आपका मेडिकल इतिहास भी शामिल है। आश्चर्य है कैसे? सरकार ने 'आभा' नामक एक प्लेटफॉर्म लांच किया है, जो प्रत्येक पंजीकृत भारतीय नागरिक के चिकित्सा इतिहास को बनाए रखता है। 'आभा' कार्ड का पूर्ण रूप आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता है। इस कार्ड का प्रबंधन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत किया जाता है, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की एक डिजिटल स्वास्थ्य सेवा पहल है। इसका उद्देश्य भारत के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बनाना, विकसित करना और मजबूत करना है। इस मिशन के तहत, 'आभा' देश भर में स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सुविधाजनक बनाने के प्रमुख कदमों में से एक है। 'आभा' कार्ड के लिए आवेदन प्रक्रिया काफी सरल है। आप 'आभा' आईडी कार्ड का उपयोग करके गुणवत्तापूर्ण डॉक्टरों, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, सलाहकारों या परीक्षकों से जुड़ सकते हैं। -**मीनाक्षी शर्मा, नगरोटा बगवां**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बग्गा रूंगडी नाला के पास हो रहा डंगे का निर्माण

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर बग्गा रूंगडी नाला के पास हो रहे भूस्खलन की जगह जेएसडब्ल्यू विद्युत कंपनी ने अपनी मिलर गाडियों को भेजकर यहां पर लगाए जा रहे डंगे का निर्माण किया जा रहा है। बुधवार को जेएसडब्ल्यू विद्युत परियोजना ने यहां पर कंक्रीट से लदे करीब आधा दर्जन मिलर गाड़ियां भेज कर इस डंगे को जल्द से जल्द पूरा करने का भरसक प्रयास किया गया।

गौरतलब है यहां पर करीब पिछले एक महीने से सड़क में हुए भूस्खलन के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही खतरे से खाली नहीं है। यहां पर हर रोज बड़े वाहनों को जान जोखिम में डालकर वाहन चालक आर पार करवा रहे हैं।

लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण यहां पर विद्युत परियोजनाओं की बड़ी गाड़ियां भी क्रॉस नहीं हो रही है। हालांकि विभाग द्वारा भी यहां पर लगातार सड़क बनाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन धीमी रफ्तार व संसाधनों की कमी के कारण इसमें काफी देरी लग रही है। लिहाजा बुधवार को जेएसडब्ल्यू कंपनी ने यहां पर अपनी मशीनरी वी कंक्रीट से भारी गाड़ियां भेज कर इस सड़क को जल्द से जल्द बनाने का प्रयास किया गया है। विद्युत कंपनी के इस प्रयास को लेकर सभी ने उनकी प्रशंसा की है।

लोगों का कहना है कि यहां पर विद्युत परियोजना नहीं होती तो शायद हाल के दिनों में हुए सड़क की बदहाली अभी तक भी ठीक नहीं हो सकती थी। जानकारी के अनुसार जेएसडब्ल्यू विद्युत परियोजना ने पिछले करीब 1 महीने से यहां पर अपने लोडर व जेसीबी मशीनरी को सड़क ठीक करने के लिए लगातार पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे पर लगा रखा है।

जिसके कारण भारी नुकसान होने के बावजूद भी पठानकोट भरमौर-नेशनल हाईवे जल्द बहाल हुआ है। लोगों का कहना है की बग्गा में रूंगरी नाला की समीप अगर जल्द से जल्द डंगे का निर्माण हो जाता है तो काफी हद तक सड़क खराब होने की समस्या खत्म हो जाएगी। हालांकि इस जगह पर आए दिन बीच रास्ते में गाड़ियां फंस रही थी जिसके कारण घंटो जाम व रास्ता खराब हो रहा था।


कंक्रीट से लदे मिलर डंगे का निर्माण करते हुए।

# भरमौर से उलांसा तक एचआरटीसी की बस सेवा पिछले 6 महीने से बंद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर से उलासा तक एचआरटीसी की बस सेवा बंद होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क ठीक होने के बावजूद यहां पर पिछले करीब 6 महीने से एचआरटीसी प्रबंधन द्वारा इस रूट पर बस नहीं भेजी जा रही है, जिसके कारण लोगों को मजबूरी में टैक्सी व प्राइवेट गाड़ियों की जरिए एक-जगह से दूसरी जगह पर पहुंचना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी एवं पंचायत समिति सदस्य पवन शर्मा ने कहा है कि विभाग द्वारा यहां पर बार-बार सूचना देने पर भी पिछले 6 महीनों से एचआरटीसी द्वारा इस रोड पर बस नहीं चलाई जा रही है। इससे पहले यहां पर विभाग द्वारा छोटा टेंपो ट्रैवलर बस चलाई जा रही थी। जिसे भी अब एकाएक बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि लोग निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क को पूरी तरह से बस योग्य चलने के लिए बना दिया गया है, बावजूद इसके विभाग द्वारा यहां पर बस नहीं चलाई जा रही है।

हैरानी की बात यहां पर यह है कि एचआरटीसी प्रबंधन द्वारा जो बसें जनजातिय क्षेत्र के ग्रामीण रूटो पर चलने के लिए खरीदी गई थी उन बसों को चंबा-भरमौर रूट पर दौड़ाया जा रहा है।



## न्यूज ब्रीफ

### महादेव टैक्सी यूनियन ने महाशिवरात्रि के तहत लोगों को प्रसाद वितरित किया

**चंबा ।** महादेव टैक्सी यूनियन बालू की ओर से महाशिवरात्रि के तहत लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इसमें महादेव टैक्सी यूनियन के सदस्यों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर दोपहर को भंडारे का आयोजन भी शिव मंदिर बालू में किया जाएगा। महादेव टैक्सी यूनियन बालू के कोषाध्यक्ष सोमनाथ ने बताया कि इस भंडारे का आयोजन हर वर्ष महाशिवरात्रि के बाद किया जाता है।

### चुराह में गांव-गांव जाकर किया जा रहा मतदाताओं को वोट के प्रति जागरूक

**तीसा ।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की सहभागिता में वृद्धि के लिए जिले में निर्वाचन विभाग की ओर से निरंतर जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्वीप टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें ऐसे क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं जहां पर पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान 60 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है। इसी कड़ी में चुराह विधानसभा क्षेत्र में भी 'स्वीप टीम' की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में लगातार क्षेत्रवासियों को मतदान के प्रति जागरूक और प्रेरित किया। यह जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम चुराह शशि पाल शर्मा ने दी। इस दिशा में 'स्वीप टीम' के माध्यम से शुरू किए गए प्रयासों को निरंतर जारी रखते हुए पांच अप्रैल को 67-ज्यूरी मतदान केंद्र में, 9 अप्रैल को 26-साहू मतदान केंद्र, 23 अप्रैल को 86-करेरी मतदान केंद्र, 25 अप्रैल को 68-देहरा मतदान केंद्र, जबकि 28 अप्रैल को 66-मौआभरनी मतदान केंद्र में क्षेत्रवासियों को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।




### पुखरी फीडर के तहत 4 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विद्युत सप्लाई रहेगी बंद

**चंबा।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल कोठी अमित ठाकुर ने बताया कि पुखरी फीडर के जरूरी रखरखाव व पुखरी फीडर में नवनिर्मित चार पोल स्ट्रक्चर छननी में तारे जोड़ने के कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्र पुखरी, करोड़ी, भूमणी, हमल, टिकरी, कियानी, राजनगर, सिडकुंड शक्तिदे, रा साल इत्यादि गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### तुन्नूहट्टी में 176 ग्राम चरस सहित 35 वर्षीय बस यात्री गिरफ्तार, मामला दर्ज

**डलहौजी।** प्रदेश पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत तुन्नूहट्टी चेक पोस्ट पर चौकी प्रभारी राकेश धीमान की अगुवाई में नाकाबंदी दौरान चंबा से पठानकोट जा रही बस में एक यात्री से 176 ग्राम चरस बरामद की। आरोपी की पहचान 35 वर्षीय नसीम खान पुत्र नूर मोहम्मद निवासी गांव सरदौरा डाकघर भंजराडू तहसील चुराह जिला चंबा के रूप में हुई है।

### प्लासी सत्संग घर के पास तीखा मोड, लेकिन लोक निर्माण विभाग नहीं दे रहा ध्यान

**मंडी ।** उपमंडल बलद्वाड़ा के अंतर्गत आने वाले गांव नरोला की गांव की आवाज कमेटी के सदस्यों ने कुछ समय पहले लोक निर्माण विभाग बलद्वाड़ा के सहायक अभियंता से बात करके निवेदन किया था कि सरकाघाट- बलद्वाड़ा घुमारवीं सड़क पर प्लासी में सत्संग घर के पास तीखा मोड है और आए दिन वाहन नीचे नाले में गिर जाते हैं और इस तरह के हादसे आम होते रहते हैं, लेकिन अभी तक लोक निर्माण विभाग बलद्वाड़ा ने इस तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया। नरोला गांव की आवाज कमेटी के सदस्यों कैप्टन जगदीश वर्मा, बालकराम, बलदेव सिंह वर्मा महंत राम आदि ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा की इस मोड़ पर हमेशा ज्यादातर रात के समय वाहन पलट जाते हैं और नीचे गिर जाते हैं। इस बारे में लोक निर्माण विभाग बलद्वाड़ा को कई बार बता चुके हैं।

नवजात के अदला-बदली करने के आरोपों के बाद मेडिकल कॉलेज चंबा में शुरू हुई नई व्यवस्था

# नवजात शिशुओं को जन्म के उपरांत लगेंगे 'टैग'

**आरके रांगड़ा, चंबा**

मेडिकल कॉलेज में पहली बार अब नवजात शिशुओं के जन्म के उपरांत हाथों में टैग लगाए जाएंगे। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने ये व्यवस्था नवजात के अदला-बदली करने के आरोपों के बाद की है। इसके लिए बाकायदा चिकित्सा अधीक्षक की ओर से लिखित आदेश जारी किए गए हैं। इस प्रकार की व्यवस्था हो जाने के बाद अब अस्पताल में नवजात शिशुओं की अदला-बदली नहीं होगी। साथ ही यहां पर पहुंचने वाली गर्भवती महिलाओं समेत उनके परिजनों को भी किसी प्रकार की कोई शंका नहीं रहेगी।

गौरतलब है कि संस्थागत प्रसव करवाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कई प्रकार के कार्यक्रम क्रियान्वित किए गए हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण अब ये है कि गर्भवती महिलाएं और उनके परिजन घरों में ही दवाइयों या अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से प्रसव करवाने के बजाय स्वास्थ्य चल संस्थानों को ही तवज्जो दे रहे हैं। आलम यह है कि बीते एक वर्ष के आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में हर 80 से 100 तक महिलाओं के सुरक्षित प्रसव होते आ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज चंबा समेत सिविल अस्पताल तीसा, भरमौर, पांगी, चुवाड़ी, डलहौजी, बाथरी में हैं। यहां पर संस्थागत प्रसव करवाने वाली महिलाओं की साल दर साल बढ़ोतरी हो रही हैं। इसके अलावा कई महिलाओं के निजी अस्पतालों में भी सुरक्षित प्रसव होते हैं। ऐसे में अब मेडिकल कालेज चंबा में जन्म लेने वाले नवजातों को टैग लगाए जाएंगे।




**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

मेडिकल कॉलेज चंबा में प्रसव के बाद नवजात बच्चों की टैगिंग की जाएगी, जिसके लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं।



**- डॉ. विपन ठाकुर, मेडिकल कॉलेज चंबा के चिकित्सा अधीक्षक**

# बनीखेत का ईको पार्क रो रहा अपनी बदहाली के आंसू


ईको पार्क बनीखेत में फैली गंदगी का आलम।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

इको पार्क बनीखेत इन दोनों अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है। पार्क के टूटे झूले, जगह-जगह शरारती तत्वों द्वारा तोड़फोड़ एवं गंदगी के ढेर देखने को मिल रहे हैं।

बताते चलें की ग्राम पंचायत बनीखेत से पहले ईको पार्क एनएचपीसी के अधीन था, जिसमें साफ-सफाई व्यवस्था एवं रखरखाव एनएचपीसी द्वारा ही किया जाता था, लेकिन जब से पार्क का जिम्मा ग्राम पंचायत बनीखेत को मिला है, तब से पार्क में जो झूले, फव्वारे एवं मूर्तियां लगाई गई थी, उनमें भारी तोड़फोड़ देखने को मिल रही है।

पार्क के एक और बिजली की हाई एक्सटेंशन तारें नंगी दिखाई देती है, जो किसी भी वक्त छोटे बच्चों को अपना शिकार बना सकती हैं तो वहीं दूसरी और पार्क में शहीद मोहन सिंह स्मारक के एक और गंदगी का ढेर साफ दिखाई दे रहा है। लोगों ने स्थानीय प्रशासन एवं ग्राम पंचायत से मांग है कि बनीखेत की एकमात्र ईको पार्क को साफ सफाई व्यवस्था पर उचित ध्यान दिया जाए ताकि बाहर से आने वाले लोगों को एक सकारात्मक संदेश मिले।

# जल शक्ति विभाग चंबा हुआ एक्टिव

## आगामी एक माह तक हटनाला व जनसाली वार्डों में पेयजल की होगी निगरानी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा के हटनाला और जनसाली मोहल्ले में सीवरेज युक्त पेय जल आपूर्ति होने का मामला सामने आते ही जल शक्ति विभाग एक्टिव मोड पर आ गया है। विभागीय अधिकारी लगातार पेयजल पाइपों का निरीक्षण करने के साथ-साथ लोगों के घरों से पानी के सैंपल भी एकत्रित कर रही है। बुधवार को जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता दीपक भारद्वाज की अगवाई में विभागीय दल ने जनसाली और हटनाला मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपों का निरीक्षण किया।

उनके साथ नगर परिषद चंबा की उपाध्यक्ष सीमा कश्यप की मौजूद रही। इस दौरान न केवल पाइपों का निरीक्षण किया गया बल्कि विभिन्न घरों से पानी के सैंपल भी एकत्रित किए गए। हालांकि विभाग द्वारा इससे पहले भी जिनकी रिपोर्ट गुणवत्ता की मानकों पर सही पाई गई है। लेकिन इस मामले में विभाग कोई कोताही नहीं बरतनाना चाहता। जल शक्ति विभाग चंबा सहायक अभियंता दीपक कुमार ने स्पष्ट किया है कि आगामी 1 महीने तक इन दोनों मोहल्ले में लोगों के घरों से पानी के सैंपल एकत्रित कर जांच की जाएगी।


निरीक्षण के दौरान जल शक्ति विभाग की टीम।

# एचआरटीसी की बसों में होगा क्यूआर कोड स्कैन से किराए का भुगतान

**अनंत ज्ञान चंबा**

हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में सफर करने वाले यात्री अब कयूआर कोड स्कैन कर किराया चुका सकेंगे। यात्री यूपीआई के अलावा गूगल-पे, पे-टीएम, फोन-पे स्कैन से किराए का भुगतान कर सकेंगे। एचआरटीसी की सभी बसों में परिचालकों को क्यूआर कोड की मशीन दी जाएगी।

यह व्यवस्था चंबा डिपो में अप्रैल के अंतिम सप्ताह से आरंभ हो सकती है। इसमें खास बात यह रहेगी कि किराए के लिए खुले पैसों को लेकर भी नोक-झोंक नहीं होगी। निगम की वोल्वो और साधारण बसों में यह सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।



# तेज तर्रार अधिकारी ओशिन शर्मा के बाद भाई ने भी बढ़ाया गद्दी समुदाय का सम्मान

## बहन के नक्शे कदम पर चलकर भाई ने पास की तीन बैंकों की प्रतियोगी परीक्षाएं

**ओपी शर्मा, छतराड़ी**

भरमौर विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले हिमाचल प्रदेश की तेज तर्राल एचएएस अधिकारी ओशिन शर्मा के बाद उसकी चचेरे भाई ने भी एक साथ नामी बैंकों की तीन परीक्षा पास कर गद्दी समुदाय का नाम रोशन किया है।

ओशिन शर्मा के चचेरे भाई अर्णव शर्मा ने एक साथ भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण बैंक और केनरा बैंक की परीक्षाए पास की है। बेटे की इस उपलब्धि पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। अर्णव शर्मा के दादाजी पेशे से भेड़पालक थे। अर्वण शर्मा के पिताजी 28 साल फौज में नौकरी करने के बाद रिटायर हो गए हैं जबकि माता गृहिणी है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा आर्मी स्कूल योल केंट धर्मशाला में हुई है।

अर्णव शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता वह अपनी बहन एचएएस अधिकारी ओशिन शर्मा को दिया है। उन्होंने अपनी बहन की सफलता को देखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा ली, जिसके परिणाम स्वरूप आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। (अनंत ज्ञान)



अर्णव शर्मा तथा (दाएं) एचएएस अधिकारी ओशिन शर्मा

# चार गांवों का रास्ता भूस्खलन से क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के पंचायत साहो क्षेत्र के तहत अधीन सराहन, लचौड़ी, उआहणा व मैलोह गांवों के लिए जाने वाला पैदल रास्ता भूस्खलन की चपेट में आने लगभग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस मार्ग पर लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर हैं।

अगर खतरे भरी जगह पर जरा भी चूक हो जाए, तो नीचे गहरी खाई में गिर सकते हैं। मार्ग पर महिलाओं व बच्चों का गुजरना तो काफी मुश्किल है। जिला परिषद सदस्य मनोज मनु सहित स्थानीय लोगों ने कहा कि इस रास्ते में जलशक्ति विभाग की नहर है।

नहर के रिसाव से कुड्डी मोड़ पर डंगा धंस गया था जिस वजह से रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। चंबा सदर के विधायक नीरज नैयर के सराहन पंचायत के दौरे के दौरान लोगों ने विधायक के समक्ष भी इस मांग को रखा था। लोगों ने प्रशासन सहित विधायक से रास्ते को ठीक करवाने की गुहार लगाई है।

## सूडोकु 0022

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0021 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

4 अप्रैल, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** दशमी (04:17) **: नक्षत्र :** श्रवण (8:12), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** सिद्ध (01:14) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), राहुकाल (01:58 - 03: 32)।

**विशेष दिन**

- 4 अप्रेल दशामाता व्रत आज।
- 5 अप्रेल पापमोचिनी एकादशी कल।

**मेष :** आज अटका पैसा आपको मिल सकता है। कार्यस्थल पर आ रही समस्या के निदान के लिए कार्यस्थल पर वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें । हवाई यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृषभ:** बेहतर उन्नति के लिए अपने व्यवहार और कार्य प्रणाली में बदलाव की जरूरत। एक समय पर एक ही काम करें। अधिकारी वर्ग प्रभावित होगा।

**मिथुन:** ग्रह अनुकूल हैं। आज के दिन आपके कार्यो में गति आएगी। मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सफलता मिल सकती है। समय रहते जरूरी कार्य पूर्ण करें।

**कर्क :** आप की सफलता के पीछे आप के परिश्रम के साथ कई लोगों की दुआ भी है। स्वास्थ्य पर धन खर्च होगा। पारिवारिक आयोजन से दूरियां मिट सकती है। शत्रु वर्ग सक्रिय होगा।

**सिंह :** कानूनी अड़चनें आ सकती हैं। किसी बात से बैचैन रहेंगे। तेल व्यापारी आज ज्यादा मुनाफा कमा सकेंगे। विदेश जाने के योग है। नया व्यापार शुरू हो पाएगा।

**कन्या :** जीवन बहुत छोटा है। समय रहते अपनी गलतियां सुधार करें। कई दिनों से अटके मसले आज सुलझ सकते हैं। किसी प्रभावकारी व्यक्ति से मुलाक़ात हो सकती है।

**तुला :** व्यिर्थ सोचना बंद करें। आप के वाक् चातुर्य से कार्य बन जायेंगे। आप के शत्रु नुकसान पहुँचा सकते है, सतर्क रहें। हनुमान जी के सेवा से लाभ होगा।

**वृश्चिक:** पड़ोसियों से आज विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य में सुधार के लिए डॉक्टर बदलना पड़ सकता है। मौज-मस्ती पर धन खर्च होगा।

**धनु :** पारिवार में आई समस्या का निदान होगा। रंगमंच से जुड़े जातकों के मान में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर खुशनुमा माहौल रहेगा।

**मकर:** किसी अनजान पर भरोसा न करें। खान-पान पर पूर्ण नियंत्रण रखें। आकस्मात आये खर्च से बजट प्रभावित होगा। किसी से अकारण विवाद हो सकता है।

**कुंभ :** व्यापारिक उन्नति के अवसर है। कार्यों में आ रही परेशानी से सहज ही निकल जाएंगे। बर्तन व्यापारियों के लिए समय उपयुक्त है। परोपकारी बनें।

**मीन :** धैर्य रखें, जल्दबाजी में नुकसान हो सकता है। कानूनी कार्यों में उलझ सकते है। मामूली बात पर विवाद संभव है। भाई बहनों के साथ समय व्यतीत होगा।

**मिसाल** — पैदल चलने योग्य रास्ता करीब 3 महीने पहले बारिश के चलते हुआ था खराब

# पंचायत ने नहीं सुनी तो लोगों ने खुद ही बना दिया रास्ता

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

ग्राम पंचायत ब्रेही में पंचायत द्वारा रास्ते का निर्माण न करवाने के बाद ग्रामीणों ने खुद ही अपना रास्ता बनाकर पंचायत को आईना दिखाया है। बार-बार पंचायत को शिकायत करने के बावजूद पंचायत इस रास्ते का निर्माण नहीं कर पाई थी।

जानकारी के अनुसार ब्रेही के अधीन आने वाले रास्ता डुग सकराल भरैला सहित एक दर्जन गांवों के लोगों को पैदल आने-जाने के लिए जान जोखिम में डालकर पहुंचना पड़ रहा है।

पंचायत प्रशासन विभाग से गौर न होने के बाद लोगों ने इस रास्ते का निर्माण स्वयं करने का जिम्मा उठाया। जानकारी के अनुसार यह पैदल चलने योग्य रास्ता करीब 3 महीने पहले भारी बारिश के चलते खराब हुआ था। लेकिन 3 महीने बीत जाने के बाद भी पंचायत और संबंधित विभाग अभी तक इस रास्ते का निर्माण नहीं कर पाए हैं। इसके कारण यहां के लोगों को आने जाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी जोगेंद्र कुमार ने कहा है कि वह बाहर रहते हैं, लेकिन जैसी वह गांव आए तो उन्हें हैरानी हुई है कि गांव में इस तरह के रास्ते हैं और मवेशियों और आदमियों को आर पार करना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। यहां से हर रोज दर्जनों लोग व स्कूली बच्चे आते-जाते हैं, अगर उनके साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो इसका जिम्मेवार कौन होगा।



### 15 दिन बाद होगा डंगे का निर्माण : प्रधान राकेश

इस संबंधी जब ग्राम पंचायत ब्रही के प्रधान राकेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि रास्ता खराब है, लेकिन यह रास्ता स्कूल प्रबंधन द्वारा मैदान के निर्माण के दौरान लगाई गई मशीन के कारण खराब हुआ है। अभी 15 दिन बाद मस्ट्रोल इशू होगा और तब इस डंगे का निर्माण कर दिया जाएगा।

# उद्यान प्रसार केंद्र गुशैनी में नहीं पहुंची पर्याप्त दवाइयां

## 40 बागवानों को मिली दवाई, 60 से अधिक वंचितों ने जताया रोष, स्थानीय पंचायतों में करीब 2500 परिवार करते हैं सेब की खेती

अनंत ज्ञान, तीर्थन



तीर्थन घाटी के उद्यान प्रसार केंद्र गुशैनी में नहीं पहुंची पर्याप्त दवाइयां, जिस कारण लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं।

जिला कुल्लू उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी के केंद्र बिंदु गुशैनी में आठ पंचायतों के लिए उद्यान विभाग की ओर से दवा वितरण केंद्र खोला गया।

हजारों की आबादी वाली इन स्थानीय पंचायतों में करीब 2500 परिवार सेब की खेती करते हैं, जो कि उद्यान विभाग के पास पंजीकृत कार्ड होल्डर हैं। इन बागवानों को समय और शेड्यूल के मुताबिक विभाग की ओर से अनुदान पर मिलने वाली कीटनाशक दवाएं और स्प्रे उपलब्ध नहीं हो रही है, जिस कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है। सेब उत्पादक संघ बंजार के अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर से जब यह मुद्दा उठाया गया, तो विभाग की ओर से गुशैनी केंद्र में दवा पहुंचाई गई। सुबह नौ बजे से ही घाटी के सैकड़ों बागवान गुशैनी में पहुंचे थे। इस दौरान वितरण केंद्र में मात्र 40-50 बागवानों को ही विभाग की ओर से दवाइयां उपलब्ध हो पाई, जबकि दूरदराज गावों से दवा लेने आए करीब 60 बागवानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। अपने व्यस्त समय में से दिन निकालकर दवा लेने गुशैनी पहुंचे कई बागवानों को निराशा हाथ लगी, जिस कारण लोगों ने शासन प्रशासन के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की। बागवानी विभाग शेड्यूल के मुताबिक ग्रीन टिप अवस्था पर डोडीन या जीराम और हॉर्टिकल्चर मिनरल ऑयल की स्प्रे होती है, लेकिन विभाग की ओर से गुशैनी केंद्र में मात्र 40 बागवानों को मैनकोजेब और अलांटो दी गई, जो कि पिंक वर्ल्ड स्टेज की दवा है। ग्रीन टिप अवस्था की दवा बागवानों को महंगे दामों पर बाजार से खरीदनी पड़ी। इस दौरान स्थानीय बागवानों रीत राम, रनजीत मेहता, जीवनलाल, दीवान चंद, चुन्नीलाल, मेहर चंद, ओम दत्त, कमल सिंह, हमेश चौहान, संगत राम और आलम चंद आदि ने कहा कि सुबह नौ बजे ही दवा वितरण केंद्र गुशैनी में पहुंच गए थे, लेकिन दवा का वितरण करीब 12 बजे शुरू हुआ। इस दौरान भी मात्र 40-50 किसानों को ही दूसरे स्टेज पिंक वर्ल्ड की दवा उपलब्ध हो सकी, जबकि अभी तक पहले स्टेज ग्रीन टीप की दवा नहीं मिली है। इसके अलावा यहां पर पहुंचे करीब 60 बागवानों को खाली हाथ ही अपने घर लौटना पड़ा। लोगों का कहना है कि पिछले साल सेब की फसल खराब रहने की वजह से इस समय बागवानों के आर्थिक हालात ठीक नहीं हैं।

### शेड्यूल के मुताबिक उपलब्ध करवाई जाएं दवाइयां

लोगों ने शासन प्रशासन से गुहार लगाई कि यहां की पंचायत मशियार, शिल्ही, तुंग, शरची, नोहंडा, पेखड़ी, कंडीधार, कलवारी व श्रीकोट के सैकडों बागवानों को गुशैनी केंद्र में समय और शेड्यूल के मुताबिक दवाइयां उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।

### पांच को दी जाएंगी दवाइयां

उधर, उद्यान प्रसार अधिकारी बंजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार पांच अप्रैल शुक्रवार को दवा वितरण केंद्र गुशैनी में स्थानीय पंचायतों के कार्डधारकों को पुनः दवाइयां बांटी जाएंगी, जो भी बागवान दवा लेने से वंचित रह गए हैं वह इस दिन गुशैनी में आकर दवाइयां और कीटनाशक ले सकते हैं।

### मामला नहीं ध्यान में

एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने बताया कि इनके ध्यान में अभी यह मामला नहीं आया है। तीर्थन घाटी के बागवानों को प्रसार केंद्र गुशैनी में समय-समय पर कीटनाशक दवाइयां मिलती रहे इस बारे उद्यान विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिया जाएगा।

### सभी प्रकार की दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

उपनिदेशक बागवानी विभाग कुल्लू बीएम चौहान ने बताया कि इनके स्टॉक में सभी प्रकार की दवाइयां पर्याप्त मात्रा उपलब्ध हैं। हर ब्लॉक के उद्यान प्रसार केंद्रों में बागवानों को समय और शेड्यूल के तहत ही वितरण किया जा रहा है। पहली ग्रीन टिप स्टेज की दवाएं बंजार ब्लॉक के तीनों प्रसार केंद्रों में भेज दी गई हैं, जबकि कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दूसरी स्टेज पिंक वर्ल्ड की दवा भी वितरित की गई है।

# 16580 फुट ऊंचे दर्रे को बहाल कर लेह को मनाली से जोड़ा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

बीआरओ की योजक परियोजना ने 16580 फुट ऊंचे दर्रे को बहाल कर पददुम व निम्मू होते हुए लेह को मनाली से जोड़ दिया है। शिंकुला दर्रे के बहाल होने से अब सीमावर्ती क्षेत्र कारगिल में पहुंचना भी आसान हो गया है। बीआरओ ने अब नए मार्ग का निर्माण कर पददुम को निम्मू से जोड़ दिया है।

निम्मू पहले ही लेह से जुड़ी हुई है। ऐसे में अब लेह पहुंचने के लिए एक नया रास्ता मिल गया है। पददुम निम्मू सड़क बनने से पहले दारचा से पददुम व पददुम से कारगिल होते हुए लेह पहुंचते थे, लेकिन अब कारगिल जाने के बजाए पददुम से निम्मू व निम्मू से लेह पहुंचा जा सकेगा। बीआरओ ने इस सड़क का निर्माण कर लेह आने-जाने के लिए तीसरे आरामदायक मार्ग का विकल्प दे दिया है। मनाली सरचू लेह मार्ग पर बारालाचा, नकीला, लाचुंगला और तागलंगला चार दर्रे हैं, जबकि इस मार्ग में एकमात्र शिंकुला दर्रा ही सर्दियों में रुकावट डालने वाला है। इस पर भी जल्द ही बीआरओ टनल का निर्माण करने जा रहा है। बीआरओ ने पददुम निम्मू सड़क को इस साल ही तैयार किया है, लेकिन सड़क के पक्का होते ही पर्यटक भी इस सुहाने सफर का आनंद ले सकेंगे। दूसरी ओर मनाली बारालाचा से बाया सरचू लेह मार्ग की बहाली भी युद्धस्तर पर जारी है। बीआरओ की दीपक परियोजना के जवान बारालाचा दर्रे से पांच किमी पीछे पहुंच गए हैं। इस मार्ग के भी अप्रैल महीने के आखिर तक बहाल होने की उम्मीद है।

### सड़क बहाली की करेंगे घोषणा

बीआरओ योजक परियोजना के डायरेक्टर कर्नल विकास ने बताया कि बीआरओ ने शिंकुला दर्रे को बहाल कर लिया है। वीरवार को योजक परियोजना के चीफ इंजीनियर रविंद्र कुमार साह विधिवत आधिकारिक तौर पर सड़क बहाली की घोषणा करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सात को जिला राजपूत संघ की मासिक बैठक

**कुल्लू।** जिला राजपूत संघ की मासिक बैठक सात अप्रैल को शीतला माता मंदिर परिसर सरवरी में होगी व इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुदर्शन पठानिया करेंगे। इसके अलावा चेयरमैन ज्ञान चंद चंबयाल भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। सुदर्शन पठानिया ने कहा कि इस बैठक में राजपूतों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से अपील की है कि बैठक में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि राजपूतों से जुड़ी विभिन्न मांगों व समस्याओं पर चर्चा की जा सके और सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाकर उनका समाधान किया जा सके।

### तीन जगह नष्ट किए 2720 अवैध अफीम के पौधे

**बंजार।** उपमंडल बंजार के अंतर्गत तीन अलग-अलग स्थानों में 2720 अफीम के पौधे नष्ट किए हैं। बंजार पुलिस ने बताया कि करीब 2170 अफीम के पौधों को पुलिस गश्त के दौरान एक व्यक्ति के खेत में नष्ट किया गया। दूसरे मामले में परवाटी थाच में एक व्यक्ति के खेत से बरामद 1560 अवैध अफीम के पौधों को खेत के अंदर नष्ट किया गया। तीसरी जगह पर भी 400 अवैध अफीम के पौधे बरामद कर नष्ट किए। वहीं डीएसपी बंजार शेर सिंह ठाकुर ने कहा कि उक्त तीनों अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### डीसी ने रामबाई जेल परिसर का किया निरीक्षण

**कुल्लू।** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कोठी-सारी पंचायत के रामाबाई में निर्माणाधीन जेल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल परिसर के निर्माण कार्य कर रही एजेंसियों को वर्ष 2026 तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने हिमुडा के अधिकारियों को जेल परिसर व रामाबाई गावं के लिए सड़क निर्माण का प्राकलन तैयार करने को कहा। इस अवसर सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी, पुलिस व हिमुडा के अधिकारी उपस्थित थे।

### युवाओं के लिए खेल बहुत लाभदायक : नेतर

**पतलीकूहल।** घुड़दौड़ मेला जौला पधरू में गणेश युवक मंडल ने क्रिकेट कप का आयोजन किया है। यहां स्थानीय क्रिकेट ग्राउंड वानखड़े स्टेडियम में सभी मैच खेले जाएंगे। इस कप में मुख्यातिथि नेतर सिंह गुलेरिया ने इस कप की शुरुआत रिबन काट कर की। उन्होंने युवक मंडल को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं के लिए खेल बहुत लाभदायक होते हैं और क्रिकेट कप का आयोजन मेले के दौरान करवाना उत्तम है।

### फाइटर जेट की ध्वनि से हिली कुल्लू घाटी

**कुल्लू।** कुल्लू घाटी में बुधवार को एक जोरदार धमाके की आवाज से पूरी घाटी हिल उठी। दोपहर बाद करीब दो बजे बहुत ही जोर का धमाका हुआ, जिससे लोगों के घरों की खिड़कियां, दरवाजे, शीशे हिल गए और डर के मारे लोग घरों से बाहर निकल गए। इस धमाके से जिला मुख्यालय कुल्लू सहित मौहल, शमशी, भुंतर, कलैहली, बजौरा, शाढ़ाबाई, दियार, गड़सा, खराहल, पीज, भेखली क्षेत्र में मकान हिले और लोग सहम उठे। पुलिस ने जानकारी दी कि शहर के आस-पास के इलाकों में एक जोरदार धमाके की आवाज हुई है वह धमाके की आवाज भारतीय वायु सेना के सुपर सोनिक फाइटर जेट की आवाजाही के कारण उतपन्न हुई थी। उधर, एएसपी संजीव चौहान ने कहा कि एयरफोर्स का अभ्यास चल रहा है। इस कारण फाइटर जेट के उड़ने से यह धमाका हुआ है।

### भाजपा शहरी निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने चमन

**मनाली।** नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष चमन को प्रदेश भाजपा शहरी निकाय प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। संसदीय सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत को टिकट देने के बाद भाजपा अब उन दावेदारों को भी एकजुट करने में जुट गई है, जो टिकट की दौड़ में सबसे आगे थे। टिकट के प्रवल दावेदारों में शामिल रहे चमन कपूर को पार्टी ने बड़ा दायित्व सौंपा है। चमन कपूर ने पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का आभार जताया है।

### सिस्सू के पास सुधरेगी खस्ताहाल सड़क

**केलांग।** मनाली-केलांग मार्ग में सिस्सू स्थित सेल्फी प्वाइंट के पास सड़क की खस्ताहालत जल्द ही सुधरने वाली है। बुधवार को बीआरओ के अधिकारियों ने सिस्सू का दौरा कर सड़क का जायजा लिया और शीघ्र समाधान निकालने को लेकर चर्चा की। बीआरओ के साथ स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सड़क की हालत देखते हुए लाहुल स्पीति पुलिस ने वहां पुलिस जवान तैनात किए हैं और वाहनों की आवाजाही को भी एक तरफा किया हुआ है। सड़क की हालत को देखते हुए लोगों ने बीआरओ से जल्द सड़क सुधारने का आग्रह किया था।

### एकजुट होने लगा लाहौल-स्पीति भाजपा का कुनबा

**केलांग।** विधानसभा उपचुनाव को लेकर लाहौल-स्पीति भाजपा का कुनबा अब धीरे-धीरे रवि ठाकुर के पक्ष में एकजुट होता नजर आ रहा है। चुनाव के लिहाज से यह रवि ठाकुर के लिए बड़ी राहत की बात है। कांग्रेस के बागी विधायक को भाजपा का टिकट मिलने पर पहले लाहौल-स्पीति भाजपा में हड़कंप मच गया था। पूर्व मंत्री डॉ. मार्कंडेय की अगुआई में टिकट आवंटन के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी से सामूहिक त्यागपत्र देने का ऐलान किया था, लेकिन अब लाहौल-स्पीति भाजपा का कुनबा धीरे-धीरे एकजुट होकर रवि ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतरने की तैयारी में है।

### जंगल में महिला ने लगाया फंदा, मौत

**कुल्लू।** बंजार उपमंडल के करेड़ के साथ लगते जंगल में एक महिला ने पेड़ से लटक कर फंदा लगा लिया है, जिस कारण महिला की मौत हो गई है। मृतक महिला की पहचान 22 वर्षीय दीपा देवी पत्नी हुक्म चंद निवासी करेड़ डाकघर व तहसील बंजार के रूप में हुई है।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार मौके पर न तो किसी तरह का सुसाइड नोट पाया गया है और न ही शरीर पर अन्य जगह किसी तरह की चोट के निशान पाए गए हैं। केवल गले में फंदे का निशान वी आकार में नीला रस्सी से बना पाया गया है। पुलिस ने महिला के मायके पक्ष के भी बयान लिए हैं। महिला ने यह कदम क्यों उठाया है इसका अभी तक पता नहीं चल पाया हैं। पुलिस के अनुसार अब पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बंजार अस्पताल लाया है, जहां पोस्टमार्टम करने के बाद शव को परिजनों को सौंपा जाएगा।

# कुल्लू में स्थापित की जाए लालचंद प्रार्थी की प्रतिमा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

शेरे कुल्लू स्व. लाल चंद प्रार्थी की 108वीं जयंती पर उन्हें याद किया। बुधवार को ढालपुर स्थित प्रदर्शनी मैदान में ब्राह्मण जनकल्याण सभा कुल्लू ने मोहनी के वृक्ष के नीचे मनाई। यहां पर मंत्रोच्चारण के साथ ही प्रार्थी के चित्र पर फूल अर्पित किए गए साथ ही जनकल्याण के लिए हवन पाठ किया गया।

इस मौके पर ब्राह्मण जनकल्याण सभा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन गौतम ने कहा कि हर साल ब्राह्मण जन कल्याण सभा की ओर से ढालपुर स्थित प्रदर्शनी मैदान में स्व. लालचंद प्रार्थी की जयंती समारोह का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में इस बार भी जहां उनके चित्र के पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहीं, मोहिनी के वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना और हवन भी किया गया। यह वृक्ष 15 अगस्त, 1947 में स्व. लालचंद प्रार्थी ने रोपित किया था, इसलिए इसी पेड़ के नीचे हर साल जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। वहीं, मनमोहन गौतम व अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि जल्द ही यहां पर स्व. लालचंद प्रार्थी की स्मृति में प्रतिमा को स्थापित किया जाए। लालचंद प्रार्थी को याद करते हुए कहा कि प्रार्थी जी ने सारा जीवन साहित्य, जनसेवा व समाजसेवा में समर्पित किया। लालचंद प्रार्थी ने यहां की संस्कृति को देश-विदेश में पहुंचाया।


स्व. लालचंद प्रार्थी की जयंती के अवसर पर ढालपुर स्थित मोहनी के वृक्ष के नीचे पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

### पारंपरिक परिधानों को हमेशा दी तरजीह




**कुल्लू।** स्व. लालचंद प्रार्थी की जंयती बुधवार को भुट्टिको के सभागार में मनाई गई। भुट्टिको के अध्यक्ष एंव पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर सभा निदेशक मंडल के सदस्यों व कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ने कहा कि स्व. लालचंद प्रार्थी 1966 में प्रदेश सरकार में पहले लोक संस्कृति व सहकारिता मंत्री बने। उन्होंने लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। स्व. प्रार्थी कुल्लू जिले ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में एक दूरदर्शी जनसेवक के रूप में याद किए जाते हैं। लोक कला, संस्कृति और पहाड़ी सभ्यता के लिए उनके योगदान को आज पूरा प्रदेश याद करता है। जन सेवक के रूप में कुल्लू, मनाली के विकास की पराकाष्ठा कलाकेंद्र, अस्पताल, कॉलेज निर्माण, और पर्यटन विकास आदि के रूप में आज हम सब के सामने है। समाज के लिए अंग्रेजों की वैगार प्रथा को समाप्त करने में आजादी से पूर्व उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। कुल्लू में प्रदेश का सबसे बड़ा खुला लोक संस्कृति मंच (लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र) एक अनूठा उदाहरण है। यह मंच आज कुल्लू ही नहीं, अपितु पूरे प्रदेश की शान है। कुल्लू के पारंपरिक परिधानों को उन्होंने हमेशा तरजीह दी है।

# पेड न्यूज पर रखी जा रही नजर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग



आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव-2024 की तैयारियों के संदर्भ में विधानसभा क्षेत्र-21 (अनुसूचित जनजाति) लाहौल-स्पीति में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति एमसीएमसी के सदस्यों की बैठक आयोजित की।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने इसकी अध्यक्षता की व निर्वाचन तहसीलदार ने मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति एमसीएमसी के सदस्यों को कार्यकलापों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डीसी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन एवं विधानसभा के उपचुनाव-2024 के तहत सभी राजनीतिक दलों, समूह अथवा प्रत्याशियों को अनिवार्य रूप से मीडिया में विज्ञापन जारी करने से पहले मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से अनुमति प्राप्त करनी होगी।

जिला लोकसंपर्क अधिकारी के कार्यालय में मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का कार्यालय शुरू किया गया है। आदर्श-आचार संहिता के लागू होने के पश्चात मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की ओर से कार्य भी आरंभ कर दिया गया है। समिति की ओर से विज्ञापनों के प्रारुप एवं पेड न्यूज का सूक्ष्म अवलोकन किया जा रहा है। विज्ञापनों के प्रमाणन का मूल आधार आदर्श आचार संहिता के पालन से जुड़ा है। सामाजिक समरसता बिगड़ने की आशंका हो अथवा तनाव बढ़ाने वाला, नैतिकता, सदाचार के विपरीत तथा किसी भी धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले विज्ञापन का प्रमाणीकरण भी किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात प्रिंट मीडिया इकाई के केवल ई-संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इकाई, सोशल मीडिया इकाई, एफएम, स्थानीय रेडियो इकाई, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों एवं पेड न्यूज पर समिति द्वारा नजर रखी जा रही है

### शिक्षण संस्थानों में मनाया जाएगा आपदा जागरूकता दिवस

**कुल्लू।** कुल्लू के सभी शिक्षण संस्थानों में चार अप्रैल को आपदा जागरूकता दिवस मनाया जाएगा।

डीसी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तोरुल एस रवीश ने जानकारी देते हुए कहा कि चार अप्रैल 1905 को प्रदेश के कांगड़ा क्षेत्र में विनाशकारी भूकंप आया था। इस भूकंप की तीव्रता 7.5 से 7.9 थी तथा तकरीबन छह किलोमीटर की अनुमानित गहराई पर आया था। इस दिन को आपदा जागरूकता दिवस के रूप में याद किया जाता है, ताकि भविष्य में भी ऐसी आपदाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जा सके। इस संबंध में आज विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जैसे भूकंप से पहले, दौरान और बाद में क्या करें क्या न करें इस बारे बताया जाएगा।

# सूत्रधार परिवार ने सुमित चौहान के रूप में खोया अपना अहम सदस्य


सूत्रधार कला संगम के सदस्य स्व. सुमित की आत्मा की शांति के लिए मौन रखते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

सूत्रधार कला संगम संस्था कुल्लू की बैठक जिला अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में सूत्रधार भवन में आयोजित हुई।

बैठक में संस्था के पूर्व सदस्य एवं पत्रकार सुमित चौहान को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिनेश ने बताया कि 90वें के दशक में सूत्रधार कला संगम के सदस्य बनने के बाद लगभग दो दशकों तक सुमित चौहान सूत्रधार कला संगम में नाटक व गीत-संगीत के विभिन्न कार्यक्रमों में संस्था के एक अहम कलाकार के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे हैं। उन्होंने जंगल तंत्रम, गधे की बारात, कहो रिपुदमन आदि नाटकों में एक रंगकर्मी के रूप मे मुख्य भूमिका निभाई है। सुमित न केवल एक बेहतरीन कलाकार बल्कि एक खिलाड़ी, पत्रकार और समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे हैं। गत दिनों 20 मार्च को उनके आकस्मिक निधन से सूत्रधार परिवार ने अपने एक अहम सदस्य को खोया है।

# बंजार स्कूल को पीएम श्री का दर्जा

शीला कौल, बंजार



देशभर में 14500 विद्यालयों को आधुनिक नई तकनीक व स्मार्ट शिक्षा से जोड़ने बाली नई शिक्षा नीति के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंजार का नाम भी आया है।

रावमापा बंजार जिले भर में उन प्रमुख विद्यालयों में एक है, जो अपनी स्थापना के 140 वर्ष पूरे कर चुका है। इस स्कूल की स्थापना-1884 में अंग्रेज सरकार की ओर से की गई थी। वर्तमान में इस स्कूल में लगभग 800 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। शिक्षा ग्रहण करके कई विद्यार्थी विभिन्न पदों पर असीन रह चुके हैं और वर्तमान में भी देश-प्रदेश में सेवाएं देते हुए स्कूल का गौरव बढ़ा रहे हैं। प्रधानाचार्या सुनिता ठाकुर ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के दायरे में आए इस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी अब नई शिक्षा नीति से जुड़कर एक समान, समावेशी व आनंदमय स्कूल वातावरण में उच्च गुणवत्तापूर्ण तथा विविध पृष्ठभूमि, बहुभाषी जरुरतों और विभिन्न शैक्षणिक क्षमताओं के साथ-साथ स्वयं सीखने की प्रक्रिया में भी भागीदार बनेंगे। (अनंत ज्ञान)

**बदलाव** बुवाई के लिए खेतों में जमी बर्फ पर मिट्टी फेंक रहे हैं स्पीति के ग्रामीण

# मिट्टी फेंकने के बाद जल्द पिघल जाएगी बर्फ

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू


खुरिक गांव के ग्रामीण खेतों में जमी बर्फ पर मिट्टी फेंकते हुए।

लाहौल-स्पीति की स्पीति घाटी में इस साल जम कर बर्फबारी हुई है, जिस कारण समूचा इलाका बर्फ की सफेद वादियों में तब्दील हो चुका है। इन दिनों स्पीति के गांवों में मौसम में आए बदलाव के बाद ग्रामीणों ने खेतों में जमी बर्फ की मोटी परतों को पिघलाने के लिए मिट्टी फेंकना शुरू कर दिया है।

खुरिक गांव के ग्रामीण टशी छेरिंग ने बताया कि इस साल घाटी में उम्मीद से ज्यादा बर्फबारी हुई है, जिससे खेतों में अब भी बर्फ की मोटी चादर बिछी हुई है। टशी छेरिंग के अनुसार खेतों में अब भी दो फुट मोटी बर्फ की परत जमी हुई है और अब मौसम के बदलते ही ग्रामीणों ने बर्फ को पिघलाने के लिए मिट्टी फेंकना शुरू कर दिया। मिट्टी फेंकने से बर्फ जल्द पिघलने लगेगी और बर्फ के पिघलते ही ग्रामीण खेतों में बुवाई का काम शुरू कर देंगे। लोगों का कहना है कि बर्फबारी होने के कारण पीने की पानी और सिंचाई के लिए पानी की कोई कमी नहीं होगी और खेतों को भी पर्याप्त नमी मिल पाएगी। (अनंत ज्ञान)

### उपयुक्त नमी बन जाएगी

खुरिक गांव के अलावा सुमलिंग, हल, मोरंग, पांगमो व रंगरिक गांव में भी ग्रामीणों ने अपने खेतों में मिट्टी फेंकने का काम शुरू कर दिया है। मिट्टी फेंकने के बाद करीब एक या डेढ़ हफ्ते के अंदर बर्फ पिघल जाएगी और ऐसे में खेतों में बुवाई के लिए उपयुक्त नमी भी बन जाएगी। खुरिक गांव के नवांग जिमेट, छेरिंग तंडुप, टशी छेरिंग, सांगे, लोबजांग ओर सोनम के अनुसार सभी ग्रामीण अपने-अपने खेतों में हर रोज मिट्टी फेंकने कने का कार्य करेंगे, ताकि सभी ग्रामीण समय पर अपनी बुवाई का कार्य शुरू कर सकें।



# भपराल में दिखा तेंदुआ, लोगों में फैली दहशत

## घटना सीसीटीवी में कैद, लोगों की विभाग से उचित कदम उठाने की मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भराड़ी उपतहसील के तहत भपराल गांव में रिहायशी घर के बाहर आंगन में तेंदुए की चहलकदमी देखी गई है, जो सीसीटीवी कैमरे कैद हो गई है। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

भपराल गांव के चमन जसवाल ने बताया कि वह प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। मंगलवार रात को घर के आंगन में तेंदुआ पहुंच गया था। बुधवार को जब सीसीटीवी कैमरों को देखा गया तो पता चला कि रात करीब एक बजे तेंदुआ आंगन में घूम रहा था। चमन ने बताया कि उनके घर के नजदीक आधा दर्जन अन्य परिवार रहते हैं। घरों में छोटे छोटे बच्चे हैं। आंगन में बच्चे खलते रहते हैं। ऐसे में गांव के लोगों में भय का माहोल है।



आंगन में चहलकदमी करता तेंदुआ।

गौर हो कि भपराल व इसके साथ लगते अन्य गांव में पिछले काफी समय से तेंदुए की चहलकदमी देखी जा चुकी है। कई रिहायशी गांव में शाम के समय तेंदुए के गुरराने की आवाजें सुनाई देती हैं। लोग बच्चों को अकेले घरों से बाहर भेजने से डरते हैं। विभाग द्वारा भी जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

अब ऐसे में लोगों ने विभाग से मांग की है कि रिहायशी कस्बों में बढ़ रही तेंदुए कि चहलकदमी से निजात दिलाई जाए। ताकि कोई जानी नुक्शान न हो सके।

### भपराल गांव में लगाया जाएगा पिंजरा : मदन

इस संदर्भ में आरओ भराड़ी मदन लाल ने कहा कि तेंदुए को ट्रैप करने के लिए भपराल की नजदीकी पंचायत मरहाणा में कैमरा लगाया गया है, जबकि तडोंन में एक पिंजरा लगाया गया है। अब सूचना भपराल गांव में तेंदुआ होने की मिली है तो वहां पर भी पिंजरा लगाया जाएगा।

# बॉक्सर पुष्कर नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

साईं होस्टल बिलासपुर के बॉक्सर पुष्कर अब नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बॉक्सिंग की बारिकियों को सीखेंगे। पुष्कर का चयन खेलों इंडिया नेशनल यूथ गेम्स में बेहतर प्रदर्शन करते हुए यह चयन हुआ है। बुधवार को हास्टल उसके चयन का पत्र पहुंच गया है। अब पुष्कर एनसीओई रोहतक में प्रशिक्षण हासिल करेगा।



शिमला के जुब्बल निवासी पुष्कर का दो साल पहले 2022 में साई हॉस्टल बिलासपुर में चयन हुआ है। वह 80 किलोग्राम भार वर्ग के मुक्केबाज हैं।

दो सालों में पुष्कर ने राष्ट्रीय खेलों में दो मेडल जीते हैं। पिछले साल 2023 में भोपाल में हुई यूथ नेशनल गेम्स में कांस्य पदक जीता था। वहीं इस 19 से 31 जनवरी तक तमिलनाडू में हुई खेलो इंडिया नेशनल गेम्स में पुष्कर ने कांस्य पदक जीता है। खेलो इंडिया गेम्स में उनके प्रदर्शन के आधार पर ही पुष्कर का चयन रोहतक के लिए हुआ है। साई हास्टल बिलासपुर प्रभारी विजय नेगी ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि हास्टल का खिलाड़ी नेशनल अकादमी एवं प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयनित हुआ है। पिछले तीन चार सालों से हास्टल के खिलाड़ियों की अच्छे परिणाम आ रहे हैं।

अब तक हास्टल के दो खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में न केवल भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, बल्कि पदक भी जीते हैं।

# सुईं सुरहाड़ में 406 अफीम के पौधे पकड़े, घर में की जा रही थी खेती



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

### पुलिस को गुप्त रूप से मिली सूचना के बाद की कार्यवाही

बिलासपुर पुलिस की टीम ने जिला के सुईं-सुरहाड़ क्षेत्र में एक व्यक्ति को अफीम की खेती करते हुए पकड़ा है। पुलिस को गुप्त रूप से मिली सूचना के बाद सुई-सुरहाड़ क्षेत्र में छापामारी की गई, जिसमें सुरहाड़ गांव के संजय कुमार के मकान की दीवार के साथ सड़क से करीब 20 मीटर उपर लुहसून और धनिया की खेती के बीच अफीम के पौधे लगाए हुए थे।

पुलिस ने मौके पर ही व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है छानबीन जारी है। खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि पुलिस को गुप्त रूप से सूचना थी कि व्यक्ति घर में ही अफीम की खेती कर रहा है। वहीं, बरमाणा थाना के तहत आने वाली खारसी चैकी की टीम ने छापामारी की और मौके पर अफीम की खेती करते हुए व्यक्ति को पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि व्यक्ति ने 406 अफीम के पौधे लगाए हुए थे। पुलिस ने अफीम के पौधों को जब्त कर लिया है। पुलिस ने व्यक्ति को गिरफतार कर लिया है, छानबीन जारी है।

# हिमाचली कलाकारों के नाम रही जिला स्तरीय अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

भराड़ी में शुरू हुए तीन दिवसीय जिलास्तरीय अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या हिमाचली कलाकारों के नाम रही। पहाड़ी गायिका शारदा शर्मा व कुरपीत कुप्पी ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। पहली सांस्कृतिक संध्या में विनायिका पब्लिक स्कूल की चेयरमेन शगुन चड्डा ने मुख्याथिति से शिरकत की।

मेला कमेटी की तरफ से मुख्यातिथि को शाल टोपी पहनाकर समानित किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृति को संजोए रखते हैं। लोक कलाकारों को प्राथमिकता देना मेला कमेटी का सराहनीय कार्य है। वहीं मेला कमेटी ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी के प्रयासों से मेले का आयोजन किया जा रहा है। आज मेला 14वें वर्ष में प्रवेश कर गया है जिसके लिए समस्त क्षेत्रवासी बधाई के पात्र हैं। दीप प्रज्ज्वलन से सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत हुई । इसके बाद कुरपीत कुप्पी ने बोलो तारा रा रा, बापू साडा करदा ब्लैक नी, सावन में लग गई आग दिल मेरा आदि पंजाबी गाने प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया।



सांस्कृतिक संध्या के दौरान गाना गाती हिमाचली कलाकार, साथ नाचते मुख्यातिथि व अन्य।

वहीं पहाड़ी गायिका शारदा शर्मा ने पहाड़ी गीतों पर दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा सुशील शर्मा ने पुराने हिंदी गानों से मंत्रमुग्ध किया। निम्मो जसवाल द्वारा इस गरायें देया लंवडा ओ इन्ना छोरुआ जो लेयां समझाई, धारा पारा रेया पिपलुआ, लच्छी लच्छी लोक गलांदे, रोहड़ू जाणा मेरी आमिये रोहड़ू जाणा ओ आदि पहाड़ी गीत गाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। इस मौके पर मेला कमेटी के प्रधान करतार सिंह चौधरी,व समस्त मेला कमेटी सदस्यगण, पंचायतों के चुनींदा प्रतिनिधियों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विजय ठाकुर फिर बने बार संघ बिलासपुर के प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

वरिष्ठ अधिवक्ता विजय ठाकुर को एक बार फिर से बिलासपुर बार संघ का प्रधान निर्वाचित किया गया है। उनका निर्वाचन सर्वसम्मति से हुआ। यह जानकारी देते अधिवक्ता अमित शर्मा ने बताया कि बिलासपुर बार संघ की बैठक बार रूम बिलासपुर में हुई, जिसमें पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।



इस बैठक में सभी अधिवक्ताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। उन्होंने बताया कि सभी अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति और सहमति से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय ठाकुर को दोबारा बार एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त किया। जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता आरके रघु को उपाध्यक्ष व अधिवक्ता विजय कुमार को सचिव, नेहा चौहान को सहसचिव और विजय जालप को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि सभी अधिवक्ताओं ने कहा कि पहले इस कार्यकारणी का कार्य बहुत ही अनुशासित और सराहनीय रहा, जिसके कारण अधिवक्ता विजय ठाकुर को सबकी सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद की कमांन सौंपी गई। सभी अधिवक्ताओं नेविजय और उनकी सारी टीम को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की। वहीं नवनियुक्त प्रधान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विजय ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि सभी अधिवक्ताओं द्वारा दी गई जिम्मेवारी को सहर्ष स्वीकार करते हुए विश्वास दिलाया कि वे अधिवक्ताओं की हितों की रक्षा के लिए दिन रात तत्पर रहेंगे।

# डीपीआरओ बोले-शत प्रतिशत करें मतदान

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में बतौर जिला लोक संपर्क अधिकारी सेवाएं दे रहे और जाने-माने अभिनेता संजय सूद ने आज जिला बिलासपुर के सभी मतदाताओं से 1 जून 2024 को शत प्रतिशत मतदान का अपील किया। संजय सूद ने 3 इडियट्स, में ऐसा ही हूं,मदारी, तमाशा, हो गया दिमाग का दही, करीब, द म्यूजिक टीचर द जर्नी जैसे कई बॉलीवुड फिल्मों में कार्य किया है । उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर में किसी कारणवश किसी भी पत्र मतदाता का वोट नहीं बना हो तो वह व्यक्ति भी 4 मई 2004 से पूर्व अपना वोट बना सकते हैं और देश के सबसे बड़े पर्व यानी मतदान में भाग ले सकते हैं।



# कर्मियों को लाभ नहीं पहुंचा पाई सरकार: गोपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

### बोले- मंडी लोकसभा सीट पर कंगना जीतेगी प्रतिभा हारेगी

हिमाचल प्रदेश राज्य सर्व कर्मचारी पेंशनर बेरोजगार श्रमिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल दास वर्मा ने दावा किया है कि मंडी लोकसभा सीट पर कंगना रावत की भारी बहुमत से विजय होगी और रानी प्रतिभा सिंह की इस चुनाव में हार होगी। वह बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार के उस निर्णय का समर्थन किया जिसमें भ्रष्टाचार से किसी प्रकार का समझौता न करने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि इस समय देश के बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे हैं। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और इसके शीर्ष नेतृत्व से प्रश्न किया कि हिमाचल प्रदेश के मामले में ई डी और सीबीआई की कार्यवाही ठंडी क्यों पड़ी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भी कई ऐसे घोटालेबाज नेता कांग्रेस में है जो कि सरेआम घूम रहे हैं। लेकिन उनके ऊपर मामले चले होने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही ।



उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार पूरी तरह से विफल रही है और कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का लाभ यह सरकार देने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारियों को उनके मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। जबकि ओ पी एस देने का राग अलाप रही सरकार पूरी तरह से ओ पी एस तक भी नहीं दे पाई है। क्योंकि ना तो लीव एनकैशमेंट दी जा रही है ना ही ग्रेच्युटी दी जा रही है। इस तरह से कर्मचारियों को बेवकूफ बनाया जा रहा है । उन्होंने कहा कि बेरोजगारी इस कदर बढ़ चुकी है कि प्रदेश में 12 लाख युवक बेरोजगार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की चारों और विधानसभा की 6 सीटों के परिणाम भाजपा के खाते में जाएंगे और हिमाचल प्रदेश में शीघ्र ही सत्ता परिवर्तन भी होगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी जिस भी सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनरों से पंगा लिया वह सरकार टिक नहीं पाई है यह हिमाचल का इतिहास है।

# कल बनाए जाएंगे दिव्यांग प्रमाण पत्र

**बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला बिलासपुर प्रवीण कुमार ने बताया कि आगामी 5 अप्रैल को 10:00 बजे दिव्यांग जनों के लिए चिकित्सा जांच क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर के नई ओपीडी परिसर के कमरा नंबर 203 में की जाएगी, ताकि उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए जा सकें। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत डॉ. सतीश शर्मा शिशु रोग, डॉ. भूपेंद्र शर्मा आंख नाक गला, डॉ. रविंद्र ठाकुर सर्जन, डॉ. तरुण कुमार हड्डी रोग सर्जन, डॉक्टर ईशानी गुप्ता आंखों की सर्जन, डॉ. नरेश चैहान मेडिसिन तथा डॉ. नीलम कुमारी व मनोचिकित्सक ज्योत्सना गौतम आदि शामिल होंगे।

# जिले में 85 व 100 वर्ष की आयु की महिला मतदाता पुरुषों की अपेक्षा अधिक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 85 वर्ष एवं इससे अधिक तथा 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं में महिला मतदाताओं की तादाद अधिक है।

जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 4248 मतदाता शामिल हैं, जिनमें 2603 महिला मतदाता और 1645 पुरुष मतदाता है, जबकि 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में कुल 92 मतदाता जिला में है जिनमें से 22 पुरुष व 70 महिलाएं शामिल है। जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 40 झंडुता, (आ जा.)निर्वाचन क्षेत्र में 392 पुरुष तथा 595 महिला, 47 घुमारवीं निर्वाचन क्षेत्र में 453 पुरुष, जबकि 920 महिला, 48 बिलासपुर में 438 पुरुष तथा 653 महिला, 49 श्री नैना देवी जी निर्वाचन क्षेत्र में 340 पुरुष तथा 365 महिला मतदाता इस बार लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करेंगे। 100 वर्ष अथवा इससे अधिक आयु वर्ग में 46 झंडुता (आ जा)निर्वाचन क्षेत्र में 03 पुरुष 16 महिलाएं, 47 घुमारवीं निर्वाचन क्षेत्र में पांच पुरुष 24 महिलाएं, 48 बिलासपुर में 9 पुरुष 17 महिलाएं तथा श्री नैना देवी जी निर्वाचन क्षेत्र में पांच पुरुष व 13 महिला मतदाता शामिल हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान 85 वर्ष से अधिक आयु, दिव्यांग जो 40 प्रतिशत से अधिक निशक्तता रखता हो एवं कोविड-19 से ग्रसित मतदाताओं को घर पर ही पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

# सुक्खू सरकार आज वेंटिलेटर पर : महेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राज्यसभा चुनाव हारने के बाद अल्पमत में आई सुक्खु सरकार आज वेंटिलेटर पर है। ये बात कहते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कहा कि डेढ़ साल पहले झूठी गारंटियों के सहारे सरकार बनाने वाली कांग्रेस सरकार अपनी कार्यप्रणाली से अपलमत में आ गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन और सरकार की आपसी खींचतान के कारण 43 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत वाली सरकार 34 सीटों पर आकर सिमट गई है।

धर्माणी ने कहा कि कांग्रेस छोड़कर आए 6 पूर्व विधायकों द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री व उनकी कार्यप्रणाली पर खड़े किए प्रश्न यह साबित करते हैं कि सुक्खु सरकार ने आम जनता तो क्या चुने हुए प्रतिनिधि भी संतुष्ट नहीं हैं । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता प्रदेश की वर्तमान स्तिथि के लिए अपने आप दोषी है । जिस कारण प्रदेश में आज राजनीतिक अस्थिरता का वातावरण बना है। सुखु सरकार अपनी 15 माह की सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा न करके भाजपा की आलोचना करने में व्यस्त है। ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस भजपा का विरोध करते करते सनातन और प्रभु राम का विरोध करने पर उतारू है। कांग्रेस नेता प्रदेश के कोने कोने में जाकर नरेंद्र मोदी और भाजपा का विरोध कर रहे है, लेकिन विधानसभा चुनाव में दी गई गारंटिया के बारे में ये नेता मौन क्यों है ।

धर्माणी ने कहा कि प्रदेश की 4 लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के साथ-साथ भाजपा विधानसभा के उपचुनावों में जीत दर्ज करके मोदी सरकार भी के संकल्प को पूरा करेगी, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर मोदी सरकार बन सके और भारत आने वाले समय मे विकसित भारत बन सके ।

# गंगा भी नहा लेंगे तब भी बागियों के पाप नहीं धुलेंगे: राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

तकनीकी शिक्षा एवं नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने बिलासपुर में कहा कि पश्ताचाप करने के बाद भी बागियों के पाप नहीं धुलेंगे। चाहे गंगा में सौ डुबकियां भी लगा लें। इन्होंने घोर पाप किया है। उनके पास पश्ताचाप के सिवाए कोई चारा नहीं है।

धर्माणी ने काह कि जिस निशान पर उन्होंने चुनाव लड़ा था। जिस विश्वास के साथ लोगों ने उन्हें विधानसभा भेजा था। उन्होंने मतददाताओं के साथ विश्वासघात किया है। उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई है। व्यक्तिगत सम्मान महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि मतददाताओं के हित महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने जितना सम्मान दिया जाना चाहिए था। उतना दिया गया। इस मामले के मुख्य कर्णधार रहे लोगों को मंत्री पद रहीं दिया गया। इसलिए उन्होंने इस कुकृत्य को अंजाम दिया है।



जिला कांग्रेस की बैठक में मंच पर मौजूद मंत्री राजेश धर्माणी व अन्य नेता।

मंत्री राजेश धर्माणी जिला कांग्रेस की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जिला कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान राजेश धर्माणी ने और जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान ने संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए राजेश धर्माणी ने कहा कि बीते वर्षो में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर का संसदीय क्षेत्र के विकास में कोई खासा योगदान नहीं रहा है। चुनाव आते ही भाजपा नेता भावनाओं को भुनाकर मतददाताओं को गुमराह करते हैं।

बैठक में पीसीसी महासचिव विवेक कुमार, जिला पार्षद गौरव शर्मा, पीसीसी सचिव सुनील शर्मा व जिला महासचिव अनुराग पंडित सहित अन्य ब्लाकों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मिनर्वा स्कूल 20 वर्षों से दे रहा बेहतर सेवाएं

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ता जा रहा है और प्रदेश को शिक्षा हब बनाने में कई सरकारी व निजी शिक्षण संस्थान अग्रणी भूमिका अदा कर रहे हैं। इन्ही नामी शिक्षण संस्थानों में शुमार है मिनर्वा सीनियर सेकंडरी स्कूल घुमारवीं बीते 20 वर्षों से अधिक समय से अपनी बेहतरीन शिक्षा पद्धति के आधार पर कई छात्रों को ऊंचे मुकाम पर पहुंचाने वाले मिनर्वा पब्लिक स्कूल घुमारवीं में नए सत्र को लेकर प्रवेश परीक्षाओं का अलग अलग चरणों में आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अभ्यार्थी बढ़चढ़ कर भाग ले रहें हैं। एडमिशन लेकर पढ़ाई करने के लिए बच्चों में घुमारवीं का मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहली पसंद बन है।



मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं नए सत्र को लेकर प्रवेश परीक्षा देते स्टूडेंट्स।

इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि स्कूल में एडमिशन के लिए जहां 24 मार्च व 31 मार्च को दो चारणों में आयोजित प्रवेश परीक्षा में प्रदेशभर से 1300 से अधिक अभ्यार्थियों ने भाग लिया था तो वहीं 450 अभ्यार्थियों का नए सत्र के लिए स्कूल प्रबंधन ने चयन किया है।

वहीं बुधवार 03 अप्रैल को मिर्नवा स्कूल में तीसरे चरण में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है जिसमें अभ्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया है। वहीं नए सत्र के लिए चयनित छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए मिनर्वा स्कूल के प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने कहा कि प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्र 6 अप्रैल तक एडमिशन जरूर ले लें ताकि किसी क्लास में वेकैंसी रहने पर 8 अप्रैल को अंतिम चरण प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा सके। साथ ही उन्होंने नए सेशन को लेकर जानकारी देते हुए स्कूल में प्रवेश पाने वाले सभी छात्रों को अपनी शुभकामनाएं भी दी हैं।

# झंडा मंदिर परिसर में पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जुखाला इकाई की बैठक

**श्री नयना देवी जी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जुखाला इकाई की द्विमासिक बैठक बुधवार को झंडा मंदिर परिसर में इकाई के अध्यक्ष संतराम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनरों ने मांगों को लेकर चर्चा की। बैठक में पहले इकाई के साथ जुड़े नए सदस्यों डॉ. प्रेम लाल, कृपा राम, बाबू राम और बृज लाल का स्वागत किया गया।

पेंशनरों ने 15, 18, 20 और 35 फीसदी पेंशन एरियर पेंशनर एक्ट में डालने के लिए सरकार का आभार जताया। इस दौरान पेंशनरों ने सरकार से मांग की है कि पेंशनरों के बकाया मेडिकल बिलों का शीघ्र भुगतान किया जाए। पेंशनर के कार्ड बनाकर कैशलेस ट्रीटमेंट की व्यवस्था की जाए। इकाई के संस्थापक सदस्य धनी राम शर्मा ने इकाई की स्थापना से लेकर वर्तमान तक उपलब्धियों की जानकारी दी। वयोवृद्ध पेंशनर प्रेम लाल शास्त्री ने सभी के स्वास्थ्य की मंगलकामना की और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इकाई के अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को ब्लॉक, जिला और राज्य कार्यकारिणी की गतिविधियों से अवगत करवाया।

# भाजपा नैना देवी अपर मंडल कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारतीय जनता पार्टी मंडल श्री नयनादेवी जी अप्पर के अध्यक्ष लेखराम ठाकुर ने श्री नयनादेवी जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा व अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के उपरांत अप्पर मंडल कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया।

उन्होंने जामली से फूला देवी, क्यारन से ऋशि राम शर्मा, सायर से सीता राम, गसौड अमर सिंह ठाकुर, धूणी पंजैल से बुद्धि सिंह ठाकुर, जुखाला से सुच्चा सिंह, सोलधा से पूर्व प्रधान हरि राम, छडोल से पूर्व प्र्धान प्रेम लाल, सोलधा से पूर्व प्रधान सुश्मा शर्मा, निहारखण वासला से दया राम भडोल, मैहथी से पूर्व प्रधान राम लाल, क्यारन से कर्मचन्द महाजन, तलसरी से शंकर सिंह, बडडू से मदन लाल, पलोग से रूप लाल, सुईं से देश राज, चंदपुर से गणपत राम, छकोह से चमेल सिंह, जुखाला से बालक राम कटवाल, सिकरोहा से सुरेश कुमार, सगिरठीं से धर्मपाल, सुईं से ज्ञान चंद, स्योहला से गोपाल ठाकुर, भोली से बृज लाल भाटिया, डोबा से रणजीत सिंह, छडोल से कमलेष, पलाह से राजू राम, भजूण से ष्याम लाल, चिल्ला से बिटटू राम, कोठीपुरा से चमेल सिंह, काहली से राजेन्द्र सिंह, रानीकोटला से एडवोकेट पंकज पाठक तथा डडोग से भूपेन्द्र शर्मा को मंडल कार्यकारिणी का सदस्य बनाया।

मंडल अध्यक्ष लेखराम ठाकुर ने बताया कि छकोह से बृज लाल वर्मा को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, छकोह से रमेश महाजन को चिकित्सक प्रकोष्ठ, जामली से अरूण महाजन को परिवहन प्रकोष्ठ, घेरटा से धर्मपाल ठाकुर को सहकारिता प्रकोष्ठ, गसौड से देव राज षर्मा को व्यापार प्रकोश्ठ, रानीकोटला पंचायत के पूर्व प्रधान मनोहर लाल को गौ सम्वर्घन प्रकोष्ठ, रानीकोटला से परस राम को सेवानिवत्त प्रकोष्ठ, मैहथी से सूबेदार प्रेम सिंह मिन्हास को भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ, जुखाला से एडवोकेट नितिन कौंडल को विधि प्रकोष्ठ, कोटला से प्रदीप शर्मा को खेल प्रकोष्ठ, डडोग कोटला से ऋषिराम शर्मा को देव समाज प्रकोष्ठ, दयोथ से मुकेश कुमार को सॉस्कृतिक प्रकोष्ठ, खारसी ब्राह्मणा से आत्मदेव को पंचायती राज प्रकोष्ठ, नम्होल से जगदीष ठाकुर को प्रशिक्षण प्रकोष्ठ एवं घ्याल से संत राम वैद्य को वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया गया।

# एमसी में विलय क्षेत्रों में जारी होंगे पानी के बिल

## तीन वर्ष से पेंडिंग हैं बिल, दो किस्तों में चार हजार से अधिक उपभोक्ताओं को करना होगा बिल का भुगतान

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम बनाने के लिए 50 हजार आबादी की शर्त को पूरा करने के उद्देश्य से तीन वर्ष पहले सोलन शहर में विलय किए गए ग्रामीण क्षेत्रों में चार हजार से अधिक उपभोक्ताओं को अब पेंडिंग पेयजल बिल का भुगतान करना पड़ेगा।

ऐसे में आने वाले समय में बिल जारी होने की स्थिति में उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए निगम ने दो किश्तों में बिल देने की तैयारी की है। बता दें कि अक्तूबर, 2020 में सोलन नगर परिषद को नगर निगम में अपग्रेड करने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से विलय किया गया था। विलय किए गए क्षेत्रों के निवासियों को विलय के बाद तीन साल प्रॉपर्टी टैक्स की छूट दी गई थी पर बिजली और पानी पर कोई छूट नहीं थी। नए विलय क्षेत्रों में देउघाट, पावर हाउस, बेर गांव जराई, पड़ग, आंजी, रबोन, शामती, सलोगड़ा, कथेड़, नड़हो, डमरोग, कायलर, न्यू कैथर व समलेच आदि क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल किया गया था। (अनंत ज्ञान)


सोलन शहर से सटा निगम में विलय क्षेत्र रबोन।

### निगम को हस्तांतरित हो चुके हैं कनेक्शन

जल शक्ति विभाग ने इन कनेक्शनों को नागरिक निकाय में विलय के बाद एमसी को स्थानांतरित कर दिया है, जिसके चलते विभाग अब बिल जारी नहीं कर रहा है। विभाग ने एमसी को पत्र लिखकर स्टाफ से पानी बांटने और बिल जारी करने के लिए स्टाफ नियुक्त करने का अनुरोध भी किया पर अब तक बिल जारी नहीं हुए। वर्ष 2021 से पहले जेएसडी इन क्षेत्रों को पानी उपलब्ध करा रहा था।

### भ्रम की स्थिति में लोग

उपभोक्ताओं को सीधे जल शक्ति विभाग की पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति की जा रही है, जबकि वितरण का जिम्मा निगम के कर्मचारियों के पास है। ऐसे में लोगों में अभी भ्रम की स्थिति है। ऐसे में लोग अब बिल किस्तों में जारी किए जाने की मांग कर रहे हैं, ताकि इस वर्ग पर आर्थिक बोझ न पड़े। साथ ही एमसी को बिल बनाने के लिए अतिरिक्त स्टाफ की जरूरत भी है।

नए विलय किए गए क्षेत्रों को जल्द पानी के बिल जारी किए जाएंगे। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन बिल पे करने की प्रक्रिया पर काम किया जा रहा है।

**उषा शर्मा, नगर निगम सोलन मेयर।**

# रामशहर में सिंचाई योजना की सप्लाई मोटर से तारें चोरी कर फरार हुए चोर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

रामशहर थाना के तहत सिंचाई योजना में लगी मोटर की तारें चोरी का मामला सामने आया। पुलिस ने चोरी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में संजीव निवासी मनलोगकलां ने बताया कि इनके गांव मनलोग कलां में गंबर खड्ड से जमीन सिंचाई के लिए सिंचाई जलाशय योजना के तहत पानी लिफ्टिंग होता है, जिसकी देखरेख यह और कमेटी के सदस्य करते हैं। बीते दिनों ऑपरेटर नरेश कुमार गांव रिड़ोग तहसील रामशहर सुबह के समय नौ बजे सिंचाई जलाशय में गया, तो वहां देखा की कमरे का ताला टूटा हुआ था और अंदर मोटर से लगी तारें चोरी कर ली गई थी। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बद्दी पुलिस एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि मोटर की तारें चोरी का मामला सामने आया है और मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### सिंचाई सप्लाई प्रभावित

सिंचाई योजना के तहत चल रही मोटर की तार चोरी के चलते एरिया में सिंचाई के लिए पानी की सप्लाई प्रभावित चल रही है, जिससे कई बीघा जमीन को पानी नहीं मिल पा रहा है। गांववासियों ने जल्द सिंचाई योजना को शुरू करने की मांग उठाई है।

### बद्दी सुराज माजरा से शराब बरामद

पुलिस थाना बद्दी के तहत पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से सात बोतलें देसी शराब बरामद की हैं। पुलिस टीम जब देवी दयाल निवासी मध्य प्रदेश से वार्ड नंबर चार सुराज माजरा गुजरां में बंद पड़ी दुकान में गए, तो वहां उन्हें सात बोतलें शराब देसी बरामद हुई। इस पर मुकदमा दर्ज रजिस्टर करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### जो राम को लाए, उन्हें फिर सत्ता में लाना है : कश्यप

**कसौली/सोलन।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप ने कसौली विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय आने के बाद राम मंदिर बना। इस निर्णय का पूरी दुनिया और सभी धर्मों ने भी स्वागत किया। कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण हमारे लिए दीपावली मनाने का अवसर फिर से आया। आज देश भर में एक ही आवाज है जो राम को लाए हैं, उनको फिर सत्ता में लाना है।

### नाहन में लोगों को लगाई बीसीजी वैक्सीन

**नाहन।** सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में आज स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीसीजी वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिक्षिका कृष्णा राठौर ने बताया कि नाहन के धगेडा ब्लॉक में लगातार बीसीजी वैक्सीनेशन का कार्य चल रहा है और अभी तक इस ब्लॉक में 3085 लोगों का अडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन हो चुका है। इस टीकाकरण अभियान के तहत 60 साल से ऊपर की आयु के चिन्हित लोगों के साथ-साथ धूम्रपान करने वाले लोगों का वेक्सिनेशन किया जा रहा है। ऐसे सभी लोगों को भी वैक्सीनेशन के लिए चिन्हित किया गया है, जो पिछले पांच सालों के दौरान टीबी से ग्रसित रहे हैं। सिरमौर में कुल 35, 243 चिन्हित लोगों को बीसीजी की वैक्सीन लगाई जानी है।

### 1500 मीटर रेस में पंकज कुमार रहे प्रथम

**पांवटा साहिब।** आईटीआई पांवटा साहिब में चल रही 16वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) 2024 के चौथे दिन आईटीआई नाहन ने कबड्डी में एमडी आईटीआई नौहराधार को हराया। वहीं, आईटीआई बोगधार ने एमडी आईटीआई नौहराधार को वॉलीबाल में हराया। एथलैटिक्स 1500 मीटर रेस में आईटीआई माइना का पंकज कुमार प्रथम रहा, हाई जंप में सागर आईटीआई नाहन व पार्थ आईटीआई बोगधार दोनों प्रथम रहे, लांग जंप में गैलेक्सी प्राइवेट आईटीआई के प्रखर राणा ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ट्रिपल जंप में आईटीआई (महिला) नाहन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### वोट के महत्व के बारे में किया जागरूक

**सोलन।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत सोलन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एलआर संस्थान ओच्छघाट में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपनिदेशक (उच्चतर शिक्षा), सोलन डॉ. जगदीश चंद नेगी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। जगदीश ने उपस्थित स्टूडेंट्स को लोकसभा निर्वाचन के दौरान शत-प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प दिलवाया। नोडल ऑफिसर स्वीप हेमेंद्र दत्त शर्मा ने बीएलओ तथा वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से वोट बनाने पर प्रकाश डाला।

### स्टूडेंट्स को मतदान का महत्व समझाया

**नाहन।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नाहन में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदाता जारूगता अभियान और शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में निर्वाचन विभाग की ओर से उपलब्ध करवाए गए सेल्फी प्वाइंट में स्टूडेंट्स ने अपने-अपने फोटो खिंचवाए और मतदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। डाइट के डीपीओ हिमांशु भारद्वाज ने बताया कि डाइट में गठित सृजन इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब द्वारा वोटर जागरूकता का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डीएलएड प्रशिक्षुओं की ओर से मतदान जागरूकता से संबंधित विभिन्न क्रिया-कलाप करवाए गए।

### कांग्रेस पार्टी में जाने से असमर्थ : वीरेंद्र

**नाहन।** दो बार शिमला के संसदीय क्षेत्र से सांसद रहे वीरेंद्र कश्यप ने बताया कि उनके पास कुछ कांग्रेस के नेता आए थे और कांग्रेस पार्टी से शिमला संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की खबर थी। कांग्रेस के नेता यह भी चाहते थे कि कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करूं, मगर उन्होंने इनकार कर दिया। भाजपा के साथ उनके संबंध बहुत पुराने हैं और उन्हें भाजपा में रहते हुए काफी इज्जत मिली है, जिस कारण उनकी जमीर इजाजत नहीं देती कि पार्टी से बेवफाई करूं। कांग्रेस के नेता जो भी प्रचार उनके बारे में कर रहे हैं, वह आधारहीन है और उन पर कभी भी विश्वास नहीं किया जाए।

### सभाओं के लिए लेनी होगी अग्रिम स्वीकृति

**नाहन।** लोकसभा चुनाव-2024 में लागू आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत सभी पंजीकृत राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को चुनावी रैली, मीटिंग व चुनावी सभाओं आदि के आयोजन के लिए अग्रिम स्वीकृति लेना अनिवार्य है। यह स्वीकृति ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से ली जा सकती है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम नाहन सलीम आजम ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों के अनुरूप नाहन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी राजनीतिक दल और प्रत्याशी चुनावी सभाओं के आयोजन के लिए अग्रिम स्वीकृति लेना सुनिश्चित बनाएं।

### राज्य स्तरीय टेली लॉ कार्यशाला का आयोजन

**सोलन।** न्याय विभाग, भारत सरकार की ओर से जन-जन तक अपनी जनहित सेवाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए एकदिवसीय स्टेट लेवल टेली लॉ कार्यशाला एवं मेले का आयोजन रायत बाहरा यूनिवर्सिटी वाकनाघाट में किया गया। इसका शुभारंभ डॉ. निपुण जिंदल ने किया। इस मौके पर विजय लक्ष्मी अतिरिक्त सचिव हिमाचल लीगल सर्विस अथॉरिटी ने विशेष रूप से शिरकत की।

# शातिराना तरीके से चुराए सरिये के दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर की कालाअंब पुलिस ने शातिराना ढंग से चुराए गए सरिये का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**6 दिन पहले कालाअंब से भावानगर भेजी गाड़ी से की थी चार टन सरिये की चोरी**

ट्रक चालक को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इन दो आरोपियों की पहचान स्क्रैप डीलर सूरज उर्फ बदलू, निवासी गांव मंझावा, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और नीरज कुमार, मकान नंबर 213, काजेडी सेक्टर 52 चंडीगढ़ के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक, लगभग छह दिन पहले कालाअंब की सरिया कंपनी जय भारत से भावानगर के लिए सरिये का ट्रक भेजा गया था। शातिरों ने ट्रक चालक से मिलकर करीब चार टन सरिया चंडीगढ़ के पास उतार लिया। सरिया उतारने के बाद ट्रक चालक लवप्रीत ट्रक को चंडीगढ़ ही छोड़कर चला गया। लिहाजा ट्रक मालिक को गाड़ी लेकर भावानगर जाना पड़ा। भावानगर पहुंचने के बाद ट्रक का औचक भार किया गया, जिसमें चार टन सरिया कम पाया गया। चोरी की आशंका के मद्देनजर 29 मार्च को पुलिस थाना कालाअंब में मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने शीघ्र कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक लवप्रीत को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया और बाकी आरोपियों की तलाश में जाल बिछाया। दोनों आरोपियों को पुलिस ने जीतपुर बहेड़ी (ऊना) से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उधर, एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

## 28 पेटी देसी शराब बरामद

**राजगढ़।** राजगढ़ थाने के तहत पड़ने वाली पुलिस चौकी पझोता के एक दल ने एक गाड़ी से अवैध देसी शराब पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने उपतहसील पझोता के शमौण गांव में तलाशी के दौरान एक गाड़ी से से लगभग 28 पेंटी (336 बोतल ) अवैध देसी शराब बरामद की है। झाल कवाल संपर्क सड़क पर एक्स यूं बलेरो गाड़ी एच पी 16-9858 आई, जिसमें केवल चालक मौजूद था और पुलिस से पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम ओम प्रकाश गांव शमौण बताया। यह वही व्यक्ति था जिसकी गोशाला में कल ही 130 पेंटी अवैध देसी शराब पकड़ी गई थी। पुलिस ने उसके बाद उसकी गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें 28 पेंटी (336 बोतल) अवैध देसी शराब बरामद की गई। उपपुलिस अधीक्षक वीसी नेगी के अनुसार राजगढ़ पुलिस द्वारा नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है, जिसके तहत यह कार्रवाई अमल में लाई गई है ।

# भवनों की रिपेयर पर जानकारी की साझा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिरमौर की ओर से नाहन में संभावित आपदा के दृष्टिगत भवनों की रिपेयर और रेट्रोफिटिंग पर एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एडीसी एलआर वर्मा ने कार्यशाला की अध्यक्षता बतौर मुख्यातिथि की।

एलआर वर्मा ने इस अवसर पर केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे एकदिवसीय कार्यशाला से सिरमौर जिले में विस्तृत संभावित आपदा के दृष्टिगत नए भवनों के निर्माण और पुराने भवनों की रेट्रोफिटिंग पर मूल्यवान जानकारी साझा की। हिमाचल आज भी चार अप्रैल 1905 को कांगड़ा में आया भूकंप नहीं भूला है, जिसमें करीब 20 हजार लोगों की जानें गई थी, इसके साथ ही लगभग 50,000 मवेशी तथा एक लाख से अधिक घर पूरी तरह से नष्ट हो गए थे व लाखों रुपए का नुकसान आंका गया था। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से इस कार्यशाला का लाभ उठाने का आग्रह किया तथा सभी से इस बहुमूल्य जानकारी को अपने सहयोगियों एवं विभाग के विशेषज्ञों के साथ भी साझा करने का आग्रह किया। केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की के विशेषज्ञ आर्किटेक्ट एसके नेगी, डॉ. अजय चौरसिया, आशीष कपूर ने आपदा के दृष्टिगत नए भवनों की निर्माण प्रक्रिया के विभिन्न तकनीकी स्तरों जैसे प्लान, मैटीरियल, आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।


भवनों के रिपेयर और डीपीआर को लेकर आयोजित कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी।

### पुराने भवनों की रेट्रोफिटिंग के बारे में बताया

उन्होंने पुराने भवनों की रिपेयर और रेट्रोफिटिंग के बारे में भी विस्तार से बताया। इसके साथ ही उन्होंने भूकंप के दृष्टिगत जिले में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने के संबंध में भी तकनीकी ज्ञान प्रतिभागियों को प्रदान किया, ताकि एक अच्छी एवं प्रभावशाली विस्तृत परियोजना रिपोर्ट जिले में तैयार की जा सके। जिला राजस्व अधिकारी चेतन चौहान ने कार्यशाला का संचालन करते हुए विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की।

# कमल ने 81वीं बार किया महादान

## लायंस क्लब सोलन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लायंस क्लब सोलन ने यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फोरेस्ट्री नौणी के यूथ रेड क्रॉस और एनएसएस विंग के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. राजेश्वर चंदेल की ओर से इस शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. भल्ला के अतिरिक्त क्लब अध्यक्ष लायन रजनीश कतना, कोषाध्यक्ष लायन धीरज चौधरी, प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन राकेश ठाकुर को चेयरपर्सन लायन समदर्श सूरी, लायन डॉ. अशोक हांडा, डॉ. सपना कतना, लायन सुभाष बावा, लायन विकास दता, लायन हरेंद्र कंवर और जनपद चेयरपर्सन लायन कमल विग सक्रिय रहे। इस अवसर पर लायन कमल विग की ओर से रिकॉर्ड 81वीं बार रक्तदान किया गया। ब्लड बैंक सोलन की टीम की ओर से 65 यूनिट रक्त एकत्रित किए गए।


रक्तदान शिविर में लायंस क्लब सोलन के सदस्य मुख्यातिथि के साथ।

# सोलन में बिजली आपूर्ति बाधित, एक्स-रे मशीन ठप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

बिजली लाइनों के रखरखाव के चलते सोलन शहर में बुधवार को बिजली आपूर्ति बाधित की गई। इस दौरान सुबह 9:30 से शाम पांच बजे तक पूरे सोलन शहर में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

बिजली की आपूर्ति बाधित होने के कारण क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मरीजों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। इससे सोलन अस्पताल में एक्स-रे मशीन भी ठप रही। इसके चलने लोगों के एक्स-रे नहीं हो पा रहे हैं। मरीज सुबह से ही एक्स-रे करवाने अस्पताल पहुंचे, लेकिन बिजली न होने के कारण उन्हें बिना एक्स-रे करवाए ही घर वापस लौटना पड़ा।


सोलन अस्पताल में बिजली नहीं होन से ठप पड़ी एक्स-रे मशीन।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**राजगढ़।** गिरीपार क्षेत्र की शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के ठोंठा जाखल में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

कलश यात्रा में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रदीप सारस्वत श्री मद भागवत की महिमा का व्याख्यान करेंगे। इस भागवत कथा के आयोजन का उद्देश्य देश व प्रदेश की प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा एवं विश्व शांति के साथ-साथ क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं सुख शांति है। इस धार्मिक अनुष्ठान क्षेत्र की जनता के सहयोग से किया जा रहा है।

## 10.03 ग्राम हेरोइन बरामद

**नाहन।** सिरमौर के मुख्यालय नाहन पुलिस की टीम ने पांवटा निवासी एक युवक को चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान रितिक निवासी वार्ड न. 10, देवी नगर, पावंटा साहिब, सिरमौर के रूप में हुई है। अदालत ने आरोपी को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। जानकारी के अनुसार नाहन पुलिस की टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक युवक के पास से नशीला पदार्थ बरामद हो सकता है। गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रितिक नामक युवक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 10.03 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। लिहाजा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# अलोपा ने जीती शूलिनी 'एक्सटेंपोर'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय के यंग कम्युनिकेटर्स क्लब (वाईसीसी) ने एक एक्सटेंपोर ऑन द स्पॉट प्रतियोगिता 'शूलिनी स्नैप स्पीक' प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया।

प्रतियोगियों को विषय दिए गए थे जिनके आधार पर उन्हें मौके पर बोलना था। एक्सटेंपोर प्रतियोगिता की विजेता स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन की छात्रा अलोपा वर्मा रही। उन्होंने मैनिफेस्टेशन विषय पर बात की, जिसे उन्होंने बहुत अच्छे से प्रस्तुत किया। उन्हें 500 रुपए के अमेजॅन वाउचर के साथ विजेता प्रमाण पत्र दिया गया। दूसरा पुरस्कार दो छात्राओं स्तुति शर्मा और शेरी सिंगला ने जीता, जबकि तीसरा पुरस्कार सलोनी ठाकुर ने जीता।

निर्णायकों में प्रोफेसर नासिर दश्त, डॉ. प्रकाश चंद और प्रोफेसर गीतांश शामिल थे। इस कार्यक्रम में स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन के निदेशक और शूलिनी वाईसीसी के मेंटर प्रोफेसर विपिन पब्बी और पीआरसीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह उपस्थित थे। इस जीवंत प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के 30 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।


शूलिनी विश्वविद्यालय के यंग कम्युनिकेटर्स क्लब की तरफ से आयोजित प्रतियोगिता।

# विधायकों की अनदेखी के चलते कांग्रेस की हुई यह हालत : मेलाराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं के उन बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की है, जिसमें कांग्रेसी नेता बार-बार कह रहे हैं कि भाजपा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को कमजोर करने और सत्ता से बाहर करने का षड्यंत्र रचा है।



आज तक के इतिहास में जितने भी मुख्यमंत्री प्रदेश में सत्तासीन हुए, उन्होंने कभी भी अपनी पार्टी के विधायकों की अनदेखी नहीं की और न ही पार्टी के चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ इस तरह का भेदभाव किया जैसा मुख्यमंत्री सुक्खू ने पिछले लगभग 14 महीनों के कार्यकाल में किया। सीएम के तानाशाहा रवैये के कारण उनके विधायक उनकी पार्टी छोड़कर भाग गए और अपने क्षेत्र के विकास और लोगों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए भाजपा का दामन थाम लिया।

यह बात समाज के किसी भी वर्ग को हजम नहीं हो रही है कि भाजपा ने सुक्खू सरकार को कमजोर करने की साजिश रची। पूरा हिमाचल जानता है कि पहली बार मुख्यमंत्री बने सुक्खू को सत्ता संभालने का बिलकुल भी अनुभव न होने के कारण भारी बहुमत के बावजूद भी अपने वरिष्ठ विधायकों को नहीं संभाल पाए और अपने चुने हुए विधायकों की वरिष्ठता को दरकिनार कर ऐसी मित्र मंडली की ताजपोशी करने में लगे रहे, जिन्होंने कभी पंचायत सदस्य का चुनाव भी न लड़ा हो।

**परेशानी** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लगाए स्टॉल, नगर निगम की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# महिलाओं को शौचालय के समीप आवंटित की दुकानें

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

होली मेला पांवटा साहिब में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत दुकानें तो आवंटित की गईं, मगर महिलाओं का कहना है कि उन्हें शौचालय और गंदगी के समीप दुकानें दी गई हैं।

जहां कोई ग्राहक नहीं आ रहे हैं। राधा, सुमन राणा, कमलेश, गीता आदि ने बताया कि अक्सर महिलाओं के आत्मनिर्भर होने की बातें की जाती हैं। मगर नगर परिषद शायद इस बात को नहीं मानती है। लोग हस्त निर्मित पारंपरिक व्यंजन और ऑर्गेनिक चीजें ज्यादा पसंद करते हैं। मगर उनके स्टॉल पर ग्राहक कम आ रहे हैं। इस बारे में प्रशासन व नगर परिषद भी गंभीर नहीं हैं। इस वर्ष उन्हें बैकसाइड में स्टॉल दिए गए हैं। यहां गंदगी है और बदबू भी आती है, जिससे यहां ग्राहक काफी कम आ रहे हैं और जो आते हैं वो पैक करवाकर सामान ले जाते हैं।



होली मेले के शौचालय के समीप दुकानें आवंटित होने से वहां पर गंदगी का आलम है।

### महिलाओं को अच्छी व स्वच्छ जगह दिए जाएं स्टॉल

स्टॉल पर खड़े होना भी दुश्वार हो गया है। आने वाले समय में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत कार्य करने वाली महिलाओं को अच्छी और स्वच्छ जगह पर स्टाल दिए जाएं अन्यथा महिलाएं स्टॉल नहीं लगाएंगी। उन्होंने कहा कि अपने स्टॉल पर उन्होंने विभिन्न पारंपरिक पकवान लगाए हैं। मगर बिक्री नहीं हो रही है। वहीं, स्टॉल पर पहुंचे ग्राहक निरंजन सिंह ने बताया कि हम स्टॉल पर पहाड़ी पारंपरिक पकवान खाने आए मगर यहां गंदगी और बदबू के कारण वहां खड़े रहना भी मुश्किल हो गया। उन्होंने पारंपरिक व्यंजन पैक करवाए और वहां से चले गए।

## आज बिजली की आपूर्ति रहेगी बंद

**नाहन।** जिला सिरमौर के नाहन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुछ क्षेत्रों में आज यानी (वीरवार) को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-एक ने जानकारी देते हुए बताया कि जड़जा, बनोग, नजदीक गायत्री मंदिर, यशवंत विहार, सैन-की-सेर आदि क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस अवधि के दौरान आवश्यक मरम्मत व रखरखाव का कार्य किया जाना है। इस दौरान उन्होंने आमजनता से सहयोग की अपील की। शट-डाउन पूर्ण रूप से मौसम के अनुकूल होने पर ही प्रभावी रहेगा।



## न्यूज ब्रीफ

### भाजयुमो 6 अप्रैल को निकालेगा बाइक रैलियां

**शिमला।** भाजपा के 45वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर भाजयुमो द्वारा 6 अप्रैल को प्रदेश भर में मंडल स्तर पर बाइक रैलियां निकाली जाएंगी। भाजयूमो प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज ने कहा कि देश में भाजपा के शासन में विकास, सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली का एक अविरल सफर तय किया है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश के सभी मंडलों पर 6 अप्रैल को भाजयुमो बाइक रैलियां निकाली जाएगी। इस बाइक रैली के माध्यम से कार्यकर्ता सुशासन का हर्षित संदेश लेकर जनता के बीच जाएंगे। तिलक राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दस वर्षों में देश हर क्षेत्र में विश्व शक्ति की दिशा में उभरा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की चारों सीटें भाजपा भारी मतों से जीतेगी और नरेंद्र मोदी जी को तीसरी मर्तबा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करेंगे।

### राज्यपाल ने किया प्रो. प्रमोद की पुस्तक का विमोचन



**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बुधवार को राजभवन में प्रो. प्रमोद शर्मा द्वारा लिखित 'इंडियाज जी20 प्रेजीडेंसी' पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक वर्तमान में उभरते हुए भारत की तस्वीर बयां करती है। प्रो. प्रमोद शर्मा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टेऊशन विभाग में कार्यरत हैं और यह उनकी 16वीं पुस्तक है। इस पुस्तक में भारत के व्यापार, प्रौद्योगिकी तथा भू-राजनीति इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों का बारीकी से उल्लेख किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

### किन्नौर में चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**रिकांगपिओ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर सैक्टर मेजिस्ट्रेट व सैक्टर अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में मतदान कर्मियों की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने ई.वी.एम, वी.वी.पेट, मतदान केंद्रो में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं तथा मतदान प्रक्रिया के दौरान सैक्टर अधिकारियों की कार्यशैली पर विस्तृत जानकारी प्रदान की और उपस्थित अधिकारियों से सीधे संवाद के माध्यम से उनके संशय दूर किए। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्ता ने मतदान के दौरान अधिकारियों को विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया और उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के नियमों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर तहसीलदार पूह कुलवंत सिंह, जिला के विभिन्न सैक्टर अधिकारियों, तहसीलदार निर्वाचन जी.एस राणा, अधीक्षक निर्वाचन जी.आर सक्सेना, कानून-गो निर्वाचन तारा चन्द नेगी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### चांद कुल्लवी के जन्मदिवस पर साहित्यिक कार्यक्रम

**शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में लाल चंद प्रार्थी के जन्मदिवस पर राज्य स्तरीय साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में राकेश कंवर, सचिव भाषा-संस्कृति उपस्थित रहे। अकादमी द्वारा प्रकाशित प्रार्थी जी का उर्दू गजलों का संग्रह बुजुदो अदम पुस्तक के द्वितीय संस्करण का लोकार्पण किया। कंवर ने कहा कि पुस्तक में वजनदार शेर हैं जिनमें से उन्होंने चुनिंदा शेर पढ़ी। कुल्लू की देव संस्कृति पर भी सभी को अभिभूत करने वाला वक्तव्य दिया। संयुक्त निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग मनजीत शर्मा ने इस अवसर पर सभी उपस्थित साहित्यकारों का स्वागत किया। बुजूदो अदम पुस्तक का संपादन तथा हिन्दी लिप्यंतरण प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार एवं उर्दू विशेषज्ञ जाहिद अबरोल द्वारा किया गया है। समारोह में दो सत्रों का आयोजन किया गया।

# घर बैठे लें खाली पार्किंग की जानकारी, नगर निगम ने तैयार की ऐप

**आशिमा वैरागी, शिमला**

राजधानी शिमला में अब खाली पार्किंग का पता घर बैठे ही लगा सकेंगे। नगर निगम शिमला ने एक ऐसी ऐप तैयार की है जो खाली पार्किंग का पूरा ब्यौरा दे देगी। बाहरी राज्यों से आए पर्यटकों समेत अब शिमला के स्थानीय निवासी भी इस ऐप के जरिए फायदा उठा सकते हैं।

शिमला शहर में पार्किंग को स्मार्ट बनाया जा रहा है। लोगों को अब पार्किंग ढूंढने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। शिमला शहर में पार्किंग की समस्या आम हो गई है। कहीं न कहीं पार्किंग ट्रैफिक का कारण बना हुआ है। यदि शहर में ऑनलाइन पार्किंग की सुविधा मिलती है तो ट्रैफिक कम होने की संभावना है। पार्किंग में लगे सीसीटीवी कैमरे को से जोड़ा जाएगा। एप के माध्यम से पार्किंग की जानकारी मिल



सकेगी कि उसमें जगह है या नहीं है। पर्यटक यदि कालका या फिर शहर में प्रवेश करने के दौरान पार्किंग के लिए कोई भी लोकेशन डालेगा तो उसे तुरंत जानकारी मिलेगी। पार्किंग में जगह होने या फुल होने की जानकारी मिल

**शहर में पार्किंग को बनाया जा रहा स्मार्ट, घर बैठे कर सकेंगे बुकिंग**

सकेगी। स्थानीय लोग घर बैठे ही ऑनलाइन ऐप के माध्यम से भुगतान भी कर सकेंगे। नगर निगम लोगों की दी जानी वाली सुविधाओं को ऐप के माध्यम से ऑनलाइन करने जा रहा है।

लोगों को पूरे शहर में पार्किंग की तलाश के लिए वाहन नहीं घुमाना पड़ेगा। इससे एक तो सैलानी व स्थानीय लोगों का समय बचेगा और दूसरा शहर में पर्यावरण को भी कम नुकसान होगा। ट्रैफिक जाम की स्थिति भी पैदा नहीं होगी। पर्यटन सीजन में भी ट्रैफिक जाम से राहत प्रदान होगी। शिमला शहर में घूमने आ रहे पर्यटकों व स्थानीय लोगों को अब पार्किंग तलाशने के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

### शहर की 11 पार्किंग की मिलेगी डिटेल

शिमला शहर की 11 पार्किंग की डीटेल एप में डाली जाएगी और लोगों को इसकी सुविधा मिल सकेगी। घर से निकलते ही वे शहर में पार्किंग की बुकिंग करवा सकेंगे। ऑनलाइन एप के माध्यम से पार्किंग की बुकिंग की सुविधा मिल सकेगी। बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को जल्द स्मार्ट पार्किंग की सुविधा मिलेगी। शहर की 11 बड़ी पार्किंग में लोग घर बैठे ही पार्किंग में खाली जगह को तलाश कर जगह बुक कर सकते हैं।

### नगर निगम को मिलेंगे तीन करोड़

स्मार्ट पार्किंग के लिए तीन करोड़ रुपये नगर निगम को मिलेंगे। शहर में स्मार्ट पार्किंग की सुविधा नगर निगम यूरोपियन यूनियन प्रोजेक्ट की मदद से देने जा रहा है। प्रोजेक्ट को बनाने के बाद शहर की बड़ी पार्किंग में इसका पहले ट्रायल के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। नगर निगम एप के जरिए इसका ट्रायल कर लोगों को इस सुविधा को प्रदान करेगा।

"शिमला शहर में स्मार्ट पार्किंग की सुविधा लोगों को जल्द दी जाएगी। नगर निगम ने ऐप तैयार कर ली है । प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद ट्रायल किया जाएगा। उसके बाद लोगों को इसकी सुविधा मिलेगी।
**-सुरेंद्र चौहान, महापौर, नगर निगम शिमला**

# पाकिस्तान की सरहद से चिट्टा लेकर शिमला पहुंच रहे तस्कर

## आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में कबूला; चिट्टे के आदी बने युवा, पुलिस ने कसी कमर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

सेब विख्यात जिला शिमला चिट्टे की जाल में फंसता जा रहा हैं। इसका खुलासा पुलिस द्वारा पकड़े जा रहे तस्करों से हो रहा है। पुलिस हर दूसरे या तीसरे दिन चिट्टा तस्कर को पकड़ रही है। यहां पर सबसे बड़ा खुलासा यह हुआ है कि पुलिस ने शिमला के महली में कुछ दिन पहले जो तस्कर पकड़े है उन्होंने पुलिस की पूछताछ में यह कबूला है कि पाकिस्तान की सरदह से चिट्टा लेकर शिमला पहुंचे थे, लेकिन शिमला पहुंचते ही शिमला पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



शिमला पुलिस ने चिट्टा तस्करी के मामलों में अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। शिमला पुलिस की स्पेशल सेल की टीम के प्रभारी अंबी लाल ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए मैहली के पास एक पंजाब नंबर की टैक्सी में चिट्टे की खेप लेकर जा रहे पांच अरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से 63.87 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। जांच के दौरान मनदीप सिंह निवासी जीरकपुर जिला मोहाली, मनदीप सिंह उर्फ मन्नी निवासी गांव भावत जीरकपुर, पिंकी अनेजा निवासी मंगलनगर पंजाब, परमजीत कौर निवासी सीड फर्द फाजलिका और टैक्सी ड्राइवर जसविंद्र सिंह निवासी गांव भसोर तहसील धूरी जिला संगरूर को गिरफ्तार किया था।

आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में कई अहम खुलासे किए हैं। चिंता का विषय यह है कि हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में अब चिट्टे की तस्करी बढ़ गई है। इसको लेकर जिला पुलिस चिंतित है और नशे की कमर तोड़ने के लिए गश्त तेज कर रही है। जिससे आए दिन पुलिस चिट्टा तस्करों को पकड़ रही है। चिट्टा तस्करी में अब महिलाएं भी शामिल हैं और आए दिन पुलिस महिलाओं को भी चिट्टे के साथ पकड़ रही है। (अनंत ज्ञान)

### 20.64 ग्राम चिट्टे संग तीन काबू

**वहीं,** मंगलवार देर रात को स्पेशल सेल जिला शिमला की टीम ने दुर्गा गैस गोदाम संजौली के पास गाड़ी नंबर डीएल 10 सीएस-5434 को रोककर चेक किया। जिसमें शिवा, बलबीर व गौरव दीप कुमार के कब्जे से 20.64 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इनसे भी पुलिस की पूछताछ जारी है।

### चिट्टा तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा : संजीव गांधी



**इसको** लेकर एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि पुलिस चिट्टा माफिया पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने चिट्टा तस्करी में दो महिलाओं सहित पांच अंतरराज्जीय तस्करों को पकड़ा था। इनसे हम पूछताछ कर रहे है और पता लगा रहे है कि आखिर चिट्टा कहां से आया है। हमें कुछ जगह का भी पता चला है कि कहां से हो रही है। पुलिस की इस पर जांच जारी है। चिट्टा तस्करों को बिलकुल भी बक्शा नहीं जाएगा।

# प्रदेश में मोटर वाहन नियम लागू करने से घटी सड़क दुर्घटनाएं

## तीन माह में हादसों में आई 14 प्रतिशत की कमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में सड़क दुर्घटनाएं अब कम हो रही है। 1 जनवरी से 31 मार्च 2023 की अवधि के आंकड़ों की तुलना 2024 की इसी अवधि से करने पर सड़क घटनाओं में भारी गिरावट दर्ज हुई है।

पुलिस प्रमुख संजय कुंडू ने कहा कि हिमाचल पुलिस ने राज्य भर में सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने के लिए एक व्यापक रणनीति बनाई है। एक उल्लेखनीय उपलब्धि में हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं और मौतों में काफी कमी देखी गई है, जो जमीनी स्तर पर मोटर वाहन नियमों और कानूनों को लागू करने की प्रभावशीलता को उजागर करती है। एक जनवरी से 31 मार्च 2023 की अवधि के आंकड़ों की तुलना 2024 की इसी अवधि से करने पर सड़क घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट का पता चलता है। हम वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 के दौरान राज्य में दुर्घटनाओं में 14 प्रतिशत, मृत्यु दर में 27 और चोटों में 18 की कमी लाने में सफल रहे हैं।

पुलिस महानिदेशक ने लाइव सड़क दुर्घटना डेटा का प्रभावी ढंग से विश्लेषण करने में यातायात, पर्यटक और रेलवे विंग के मेहनती प्रयासों की सराहना की। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और मौतों को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाने के लिए जमीनी स्तर पर पुलिस




अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता कार्यक्रमों के साथ कानून प्रवर्तन एजेंसी के इन ठोस प्रयासों ने इस सकारात्मक परिणाम में योगदान दिया है। विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित एचपी राज्य सड़क परिवर्तन परियोजना (एचपीएसआरटीपी) के माध्यम से प्रदान किए गए नए तकनीकी उपायों और आधुनिक उपकरणों के कार्यान्वयन के कारण, हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं और मौतों में कमी देखी गई है। परियोजना, कुल प्रायोजित राशि रुपए 47.79 करोड़ रूपए का 5-वर्षीय कार्यक्रम यातायात, पर्यटक और रेलवे पुलिस के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है जो हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग की ओर से नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। यह परियोजना हिमाचल प्रदेश में सड़क सुरक्षा बढ़ाने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# एक लाख 75 हजार की पेंटिंग को बनाने में लगा अढ़ाई महीने का समय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,शिमला**

शिमला के गेयटी थिएटर में एक लाख पचहतर लाख रुपए की पेंटिंग को प्रदर्शनी में लगाया गया है। इस पेंटिंग को बनाने में अढ़ाई महीने का समय लगा है।

चित्र बनाने वाले कलाकार बलदेव पंवार का कहना है कि पेंटिंग बनाने का उनका पेशा है। शिमला हिमाचल प्रदेश की राजधानी है। यहां पर लोग अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। इस पेंटिंग में कुल्लवी शॉल, पहाड़ियों की शान पाहाड़ी टोपी, फूलदान और कलम बनाई गई है। इस चित्र



बलदेव पंवार की पेंटिंग।

को नेशनल अवॉर्ड भी दिया गया है। पेंटिंग को आकर्षित बनाने के लिए बाहर से लकड़ी की फ्रेम बनाई गई है। शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में बुधवार से चित्रकला प्रदर्शनी की शुरुआत हुई।

**शिमला के गेयटी थिएटर में लगाई चित्रकला प्रदर्शनी**

यह प्रदर्शनी तीन दिन तक चलेगी। शिमला में हर साल इस प्रदर्शनी को लगाया जाता है।

यहाँ 80 के करीब पेंटिंग लाई गई है। यह सभी बेचने के उद्देश्य से लगाई गई है। दो चित्रकारों ने इस अपनी कला का प्रदर्शन किया है। इसके शुरुआती दाम 8000 से 1 लाख 75 हजार तक अंतिम दाम है। कलाकारों का कहना है कि वह दिन के दस घंटे पेंटिंग को देते है। तब जाकर यह तैयार की जाती है।

# शहर में इस हफ्ते शुरू होगा सड़कों की मरम्मत का कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर में सड़कों की हालत बहुत दयनीय है, जिससे लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं।

नगर निगम शिमला द्वारा सड़कों की टायरिंग कार्य इसी सप्ताह से शुरु किया जाएगा। शहर में सड़कों की टायरिंग का कार्य होने से लोगों की समस्या दूर हो जाएंगी। इन दिनों मौसम भी अनुकूल है और टायरिंग का कार्य करने के लिए वक्त है। शहर में बीते वर्ष बरसात के दौरान आपदा के कारण सड़कों की मरम्मत का कार्य नहीं हो पाया था। उस समय नगर निगम शिमला को करोड़ों का नुकसान हुआ था। शहर में टायरिंग के कार्य के लिए बीते वर्ष अढ़ाई करोड़ रुपए के टेंडर अवार्ड किए गए थे। ऐसे में इस कार्य को शुरू करने के लिए निर्वाचन आयोग से मंजूरी की जरूरत नहीं पड़ेगी। नगर निगम ने टारिंग का कार्य करने के लिए ठेकेदारों को निर्देश भी दे दिए हैं। मौसम के साफ रहने से अब जल्द ही सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरु हो जाएगा। नगर निगम शिमला के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने बताया कि शहर में सड़कों की टायरिंग कार्य इसी सप्ताह से शुरु किया जाएगा। बीते वर्ष सड़क की मरम्मत के लिए टेंडर अवार्ड कर दिया गया था।

# रचना शर्मा बनीं किसान मोर्चा की राज्य सोशल मीडिया सह-प्रभारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल भाजपा किसान मोर्चा ने अपनी प्रदेश से कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए किसान बागवान परिवार से जुड़ी पार्षद व भारतीय जनता पार्टी की महिला नेत्री पार्षद रचना शर्मा को किसान मोर्चा भाजपा का राज्य सोशल मीडिया सह-प्रभारी नियुक्त किया है। संजीव देष्टा ने पार्टी नेतृत्व से चर्चा करने के बाद यह नियुक्ति की है।

संजीव देष्टा ने कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य रचना शर्मा जो कि किसान बागवान परिवार से हैं, उन्हें राज्य सोशल मीडिया सह प्रभारी का जिम्मा दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों व बागवानों की आवाज बुलंद ढंग से उठे और तार्किक विषयों को लेकर जनता के बीच किसान मोर्चा की आवाज जाए इसके लिए रचना शर्मा की नियुक्ति की गई है। रचना ने अपनी नियुक्ति के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व में जो विश्वास जताया है उसे पर खड़ा उतरूंगी और पार्टी के निर्देश अनुसार किसान मोर्चा की नीतियों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान मोर्चा बेहतरीन काम कर रहा है और किसान बागवानों की आवाज को मांगों को बेहतर ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा उनका की केंद्र की सरकार ने किसानों का बागवानों को प्राथमिकता दी है केंद्र की योजनाओं को भी किसानों का बागवानों तक पहुंचाने का काम किया जाएगा।

# प्रदेश में घाटे की खेती बन रहा सेब उत्पादन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सेब उत्पादन हिमाचल प्रदेश में अब घाटे की खेती बन गया है। शिमला में सेब उत्पादक संघ के सम्मेलन में प्रदेश के 18 ब्लॉक के 300 सेब उत्पादकों ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है।

सेब बागवानी में आ रही समस्याओं को लेकर शिमला में सेब उत्पादक संघ का मंथन हुआ जिसमें बागवानों की समस्याओं को लेकर

**सेब उत्पादक संघ ने कहा-केंद्र व राज्य सरकार की गलत नितियों के चलते बागवानी करना हुआ मुश्किल**

विचार किया गया। इस दौरान सेब उत्पादक संघ ने 15 से 30 अप्रैल तक 18 ब्लॉक में जाकर बागवानों के सम्मेलन करने के बारे में रणनीति तैयार की। सेब उत्पादक संघ के राज्यसचिव पूर्ण ठाकुर ने कहा कि आज खाद और कीटनाशक दवाएं मंहगी हो गई हैं इसमें सरकार नियंत्रण नहीं कर पा रही है। दुकानदार मनमाफिक दामों पर कीटनाशक दवाएं बेच रहे हैं, जबिक एमआरपी कुछ अलग लिखा होता है।

आयात शुल्क को 100 फीसदी करने की बागवान लंबे अरसे से मांग कर रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार इसे कम कर रही है जिससे प्रदेश के सेब को अच्छा दाम नहीं मिल रहा। यूनिवर्सल कार्टन सरकार का अच्छा निर्णय है इसे अनिवार्य रूप से लागू किया जाना चाहिए।

### मंडी मध्यस्थता योजना के तहत खरीदे सेब का नहीं हुआ भुगतान

**मंडी** मध्यस्थता योजना के तहत खरीदे गए सेब की दो वर्ष से अदायगी नहीं की गई है। इसका जल्द बागवानों को भुगतान होना चाहिए। स्वामीनाथन आयोग की रिपोंट को लागू करने को लेकर सरकारें गंभीर नहीं है इसलिए सेब बागवान केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा करने की तैयारी में है।

# 'डलहौजी थ्रू माई आइज' पुस्तक का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन में डॉ. किरण चड्ढा द्वारा लिखित पुस्तक 'डलहौजी थ्रू माई आइज' यात्रा मार्गदर्शिका का विमोचन किया। राज्यपाल ने लेखिका के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यटन की दृष्टि से हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला के डलहौजी शहर की अपनी विशिष्ट पहचान है।

उन्होंने कहा कि लेखिका ने पुस्तक के माध्यम से शहर के



पुस्तक का विमोचन करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, साथ हैं अन्य।

बदलते स्वरूप के बारे में विस्तार से वर्णन किया है। पुस्तक में डलहौजी शहर के विरासत भवनों, स्कूलों, चर्चों, होटलों, छावनी और पर्यटकों की रुचि के स्थानों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इसमें डलहौजी के 150 से अधिक वर्षों के इतिहास को सचित्र दर्शाया गया है। डॉ. चड्ढा विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण पर संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों से जुड़ीं थीं। उन्होंने कई शोधपत्र लिखे हैं और द्वितीय विश्व युद्ध पर उनका आलेख वर्ष 2001 में प्रकाशित हुआ था। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा उन्हें वर्ष 2002 में श्रेष्ठ पुत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वर्ष, 2014 से एक एनजीओ 'स्वच्छ डलहौजी' भी चलाती हैं और समाज सेवा से संबंधित कई कार्य करती हैं।

इस मौके पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित है।

# आदित हेड ब्वॉय व अतिका बनी हेड गर्ल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के सेंट थॉमस स्कूल में बुधवार को विद्यार्थी परिषद का हुआ गठन। आदित शर्मा स्कूल का हैड बॉय और अतिका कासमी हैड गर्ल बनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य विधुप्रिया चक्रवर्ती ने की।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि एडीएम प्रोटोकॉल ज्योति राणा ने की। विद्यालय की प्रधानाचार्य और मुख्य अतिथि के सामने परिषद के सदस्यों ने शपथ लेकर पदभार ग्रहण किया। इस साल सेंट थॉमस स्कूल अपने 100 वर्ष पुरे कर रहा है। स्कूल काउंसिल के सदस्यों की सूची में आदित शर्मा को स्कूल का हेड ब्वॉय और अतिका कासमी को हेड गर्ल चुना गया। शगुन सूद को सांस्कृतिक प्रमुख व मुस्कान सिंह



विद्यार्थी परिषद के गठन के दौरान स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी सामूहिक चित्र में।

को पर्यावरण प्रमुख चुना गया।

इसके साथ ही अमीषा पटयाल को चिनार सदन का कप्तान, प्रिया राशटा को उप-कप्तान और जूनियर सदन कप्तान शौर्य चनालिया को चुना गया। वहीं, श्रुति शर्मा को कस्तूरी सदन कप्तान, शगुन राजोरा उप-कप्तान और जूनियर सदन कप्तान सक्षम ठाकुर को चुना गया। आरुषि चौहान को को शिपकिला सदन का कप्तान, गौरी भारद्वाज उप-कप्तान व जूनियर सदन कप्तान कशिश भारद्वाज को चुना गया। तोशकी सदन की कप्तान न्यासा, उप-कप्तान कृतिका और जूनियर सदन कप्तान रूही कुमारी को चुना गया।

### विद्यार्थी परिषद में सदस्यों की सूची

जूनियर हेड ब्वॉय-विविक्ष शर्मा
जूनियर हेड गर्ल-वामिका सिंह
वाइस हेड गर्ल-अंकिता चौहान
वाइस हेड ब्वॉय-ध्रुव ठाकुर
एनसीसी हेड-स्वास्तिका प्रीमटा
स्पोर्ट्स कप्तान छात्रा-वंशिका खिरटा
स्पोर्ट्स कप्तान छात्र-जेम्स विशोधया

## खेल

### संजीवनी सहारा समिति के सौजन्य से लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# खशाधार ने अढ़ाल की टीम को हरा 36 रन से जीता मैच

**अनंत ज्ञान, रोहडू**

संजीवनी सहारा समिति रोहडू के तत्वावधान में आयोजित पंचायत स्तरीय लैदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम (समाला) रोहडू में शुभारंभ हो गया है। लीग आधार पर आयोजित होने वाली स्पर्धा में निर्धारित 48 टीमें ही शामिल की गई है। शुभारंभ अवसर पर गर्वमेंट कांट्रैक्टर टिनू औक्टा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

इस अवसर पर जतिन चौहान विशेष अतिथि के रुप में मौजूद रहे। समिति द्वारा प्रतियोगिता से एकत्र होने वाली धनराशि को जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए खर्च किया जाएगा। स्पर्धा का पहला मैच खशाधार व अढ़ाल की टीम के मध्य खेला गया। खशाधार की टीम ने टास जीतकर पहले



लैदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर मौजूद खिलाड़ी व अयोजक।

बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में 130 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अढ़ाल की टीम तीन विकेट खोकर 94 रन ही बना सकी। खशाधार ने मैच 36 रनों से जीता। खशाधार के मोनू मैन आफ दा मैच चुने गए। दूसरा मैच कांसाकोटी व लाकाकयाणी टीम के मध्य खेला गया। जिसमें कांसाकोटी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर दस ओवरों में 58 रन बनाए। लाकायाणी की टीम छह विकेट खोकर 56 रन ही बना सकी। कांसाकोटी ने दो रनों से मैच जीता। कांसाकोटी के वीरेंद्र ठाकुर को मैन आफ दा मैच बने। तीसरा मैच शेखल व खशकंडी टीम के मध्य खेला गया। जिसमें शेखल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में तीन विकेट खोकर 90 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी खशकंडी की टीम चार विकेट गवाकर 52 रन ही बना सकी। शेखल ने 38 रनों से मैच जीता। शेखल के राजकुमार को मैन आफ दास मैच चुना गया।

इस मौके पर संजीवनी सहारा समिति के अध्यक्ष गोपाल चौनि भी उपस्थित रहे। स्पर्धा में सभी टीमों को लीग आधार पर तीन तीन मैच खेलने होंगे। समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले दुधिया रोशनी में दिन रात्रि में खेले जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### इशांत ने गति से समझौता नहीं करने को कहा : मयंक यादव



**बेंगलुरु।** प्रतिभाशाली तेज गेंदबाजों को अक्सर अपनी गेंदबाजी में विविधता जोड़ने के लिए गति कम करने की सलाह दी जाती है लेकिन अपनी तूफानी गेंदबाजी के कारण चर्चा में चल रहे मयंक यादव को दिल्ली के उनके सीनियर साथी इशांत शर्मा ने अतिरिक्त कौशल जोड़ने के लिए गति से समझौता नहीं करने की सलाह दी है। मयंक ने रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की जो आईपीएल के वर्तमान सत्र में सबसे तेज गेंद है। मयंक ने इसके बाद भारत की तरफ से 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने वाले इशांत और एक अन्य तेज गेंदबाज नवदीप सैनी से मिली सलाह के बारे में जिक्र किया।उन्होंने कहा, ''दिल्ली में मैंने जितने भी गेंदबाजों से बात की उनमें इशांत भाई और सैनी भाई ने मुझसे कहा कि अगर मैं कुछ नया जोड़ना चाहूं, तब भी इसी गति से गेंदबाजी करना।''

### हार्दिक को कप्तानी सौंपते समय स्पष्ट संवाद होना चाहिए था : शास्त्री



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि अगर हार्दिक पांड्या को कप्तान नियुक्त करते समय मुंबई इंडियंस ने संवाद में स्पष्टता दिखाई होती तो इस ऑलराउंडर के प्रति प्रशंसकों की कड़ी प्रतिक्रिया से बचा जा सकता था। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, ''यह भारतीय क्रिकेट टीम नहीं है जो खेल रही है। यह फ्रेंचाइजी क्रिकेट है। उन्होंने मोटी धनराशि खर्च की है। वह मालिक हैं और कप्तान नियुक्त करना उनका अधिकार है। मेरा मानना है कि इस मामले को संवाद में स्पष्टता के साथ बेहतर तरीके से निपटा जा सकता था।'' शास्त्री ने कहा, ''अगर आप चाहते थे की हार्दिक पांड्या कप्तान बने तो यह कह सकते थे कि हम भविष्य को ध्यान में रखकर ऐसा कर रहे हैं।

### क्या रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस को कहेंगे अलविदा?

**नई दिल्ली।** इस समय आईपीएल का महाकुंभ जारी है। जहां हार्दिक पांडया की कप्तानी में मुंबई इंडियंस संकट में फंसी हुई है। मुंबई लगातार तीन मैच हार चुकी है जिस वजह से अंकतालिका में अभी वह सबसे नीचे है। मुंबई इंडियंस का कप्तान बदलने से हार्दिक पांड्या को काफी ट्रोल भी किया जा रहा है, तो वहीं फैंस वापस रोहित शर्मा को कप्तान बनाने की मांग कर रहे है, लेकिन इस बीच, अब रोहित शर्मा से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। माना जा रहा है कि अगले सीजन में रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस को छोड़कर अन्य टीम से खलेते हुए दिखाई देंगे। बता दें कि रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई ने पांच आईपीएल खिताब भी जीते।

### बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी को कैंसर की बीमारी



**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सुशील मोदी कैंसर की बीमारी से लड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर बुधवार को उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा- 'पिछले 6 महीने से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। मैंने पार्टी हाईकमान को सब कुछ बता दिया है। देश, बिहार और पार्टी का सदा आभार और सदैव समर्पित।'

### यूपी पुलिस पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार



**लखनऊ।** यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक का असली मास्टरमाइंड राजीव उर्फ राहुल मिश्रा गिरफ्तार कर लिया गया है। यूपीटीईटी पेपर लीक मामले में भी मिश्रा ही मास्टरमाइंड था। यह खबर परीक्षा पत्रों के परिवहन के लिए जिम्मेदार कंपनी टीसीआई एक्सप्रेस के तीन कर्मचारियों को गाजियाबाद के विजयनगर पुलिस थाना क्षेत्र से पकड़े जाने की खबर के तुरंत बाद आई है। यूपी की योगी सरकार ने इस परीक्षा को रद्द कर दिया है।

### राजीव गांधी हत्याकांड के तीन आरोपी अपने देश श्रीलंका लौटे

**चेन्नई।** राजीव गांधी हत्याकांड के तीन पूर्व आरोपी बुधवार को अपने देश श्रीलंका लौट गए। तीनों की पहचान मुरुगन उर्फ श्रीहरन, जयकुमार और रॉबर्ट पायस के तौर पर की गई है, जो श्रीलंका के रहने वाले थे। एक अधिकारी ने बताया कि तीनों श्रीलंकाई वाहक से रवाना हुए। सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2022 में उन तीनों को बाकी के सात आरोपियों के साथ रिहा कर दिया था। उनकी रिहाई के बाद उन्हें तिरुचिरापल्ली में एक विशेष शिविर में रखा गया था। वे मंगलवार की रात में चेन्नई पहुंचे और बुधवार की सुबह कोलंबो के लिए रवाना हो गए।

# वॉलीबाल में भराड़ू गर्ल्स स्कूल व जोगिंद्रनगर कॉलेज बने विजेता

## राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अंडर-14 छात्र वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराडू पहले तथा नव ज्योति पब्लिक स्कूल भराडू दूसरे स्थान पर रहा। इस वर्ग में छात्राओं की वॉलीबाल प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की ए टीम विजेता तथा बी टीम उपविजेता रही।

इसी तरह वॉलीबाल में महिला वर्ग में राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर विजेता तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर उपविजेता बने। दोनों टीमों को विजेता व पुरुष वर्ग की खो-खो में राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर विजेता तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा उपविजेता बने। तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा ने वॉलीबाल व खो-खो प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीमों को इनामी राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस मौके पर खेल आयोजन समिति के सदस्य खजान सिंह सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।





लघु शिवरात्रि मेले में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भराड़ू गर्ल्स स्कूल व जोगिंद्रनगर कॉलेज की विजेता टीमें सामूहिक चित्र में।

# लॉरेट शिक्षण फार्मेसी के स्टूडेंट्स वॉलीबाल और हैंडबाल में प्रथम



लॉरेट शिक्षण फार्मेसी के विजेता खिलाड़ियों के साथ शिक्षक व अन्य।

**अनंत ज्ञान, जवालामुखी**

हिमाचल प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इंटर-कॉलेज खेलों का आयोजन गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी में किया गया। इस दौरान बैडमिंटन वॉलीबाल, हैंडबॉल, कबड्डी, चैस आदि प्रतियोगिताएं करवाई गईं।

इस अवसर पर लॉरेट शिक्षण फार्मेसी संस्थान के स्टूडेंट्स ने वॉलीबाल और हैंडबॉल में प्रथम स्थान हासिल किया। समापन समारोह पर प्राचार्य एवं निर्देशक डॉ. एमएस आशावत एवं डॉ. सीपीएस वर्मा मौजूद रहे। इस उपलब्धि पर डॉ. आशावत ने स्टूडेंट्स का मनोबल बढ़ाया। कॉलेज के प्रबंधक एवं निर्देशक डॉ. रण सिंह ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

इस उपलब्धि को प्राप्त करने मैं स्पोर्ट्स इंचार्ज एसोसिएट प्रो. शिव कुमार खुशवा, डॉ. स्वाति, सहायक प्रोफेसर अक्षय ठाकुर, प्रो. केशव धीमान का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी निखिल शर्मा द्वारा दी गई।

### पाक के खिलाफ टी-20 सीरीज में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे ब्रेसवेल



**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी-20 सीरीज के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है। यह पहला अवसर होगा जबकि 33 वर्षीय ब्रेसवेल न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया।

### श्रीलंका ने मेजबान टीम को किया 'क्लीन स्वीप'

# तीसरे टेस्ट में भी ढेर बांग्लादेश के शेर

**एजेंसी, चट्टगांव**

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की सीरीज में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा। श्रीलंका ने इससे पहले टी-20 सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे सीरीज में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था।



बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए। उसकी इस पारी में छह बल्लेबाजों ने अर्द्धशतक लगाए। इस तरह से किसी भी बल्लेबाज के शतक लगाए बिना सर्वोच्च स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम दर्ज हो गया।

### हमने भारत में अच्छी क्रिकेट खेली : ओली रॉबिंसन



**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिंसन का मानना है कि उनकी टीम ने भारत में पांच टेस्ट मैच की सीरीज में वास्तव में अच्छी क्रिकेट खेली और उनके प्रदर्शन को देखते हुए 1-4 का परिणाम अनुकूल नहीं लगता है। रॉबिंसन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, ''हम वास्तव में परिणाम को बदलने के काफी करीब थे। निश्चित तौर पर चौथे टेस्ट मैच में जो कैच मैंने छोड़ा, उससे हमें मदद मिल सकती थी लेकिन हमारा मानना है कि हमने जिस तरह से प्रदर्शन किया उसे देखते हुए 1-4 से हार का परिणाम अनुकूल नहीं लगता है।'' उन्होंने कहा,''हमने वास्तव में बहुत अच्छी क्रिकेट खेली तथा परिणाम 3-2 हमारे पक्ष में हो सकता था, कौन जानता है।'' रॉबिंसन रांची में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में खेले थे। उन्होंने उस मैच में ध्रुव जुरेल का कैच छोड़ा था जिन्होंने 90 रन की पारी खेल कर भारत की पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस तेज गेंदबाज ने 13 ओवर भी किए लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा, ''यह मेरे लिए बेहद निराशाजनक था।

# मात्र पांच हजार लेकर मुंबई पहुंची थीं नोरा, आज करोड़ों की मालकिन

**एजेंसी, मुंबई**



दुनिया में कई ऐसे लोगों के बारे में आपने सुना या पढ़ा होगा, जिन्होंने अपने दम पर कई बड़े मुकाम हासिल किए, जिनमें से एक हैं अपने डांस मूव्स से लाखों-करोड़ों दिलों पर राज करने वाली बॉलीवुड की मशहूर डांसर नोरा फतेही। नोरा जब मुंबई पहुंचीं तो उनके पास केवल पांच हजार रुपए थे, लेकिन आज नोरा एक कामयाब डांसर हैं और इंडस्ट्री में उनकी डिमांड भी काफी ज्यादा हैं। वो एक लग्जरी लाइफ जीती हैं और उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी है। नोरा फतेही एक अच्छी एक्ट्रेस, डांसर और मॉडल हैं। सबसे ज्यादा नोरा अपने बेली डांस के लिए जानी जाती हैं। कई फिल्मों के अलावा वो कई एल्बम में भी काम कर चुकी हैं, जो उनके फैंस को काफी पसंद आईं। नोरा का जन्म 6 फरवरी 1992 को कनाडा में हुआ था और वो एक कनाडाई डांसर हैं।

वैसे तो नोरा ने कई फिल्मों और एल्बम में अपने डांस के जलवे बिखेरे हैं, लेकिन उन्होंने अपनी शुरुआत साल 2014 में फिल्म रोर-टाइगर ऑफ सुंदरबन से की थी। इसके बाद नोरा ने कई और तेलुगू फिल्मों में भी काम किया और फिर बॉलीवुड आ गईं और कामयाबी की तरफ बढ़ती गईं।

### नहीं रहे दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति गार्सिया



**काराकस।** दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति, स्पेन के सैटर्निनो डे ला फुएंते गार्सिया की मौत हो गई। वह 112 साल के थे और अपने 113वें जन्मदिन के महज 24 दिन पहले उन्होंने अंतिम सांस ली। सैटर्निनो ने 112 साल 211 दिन के होने के बाद सितंबर, 2021 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था। सैटर्निनो के निधन की पुष्टि करते गिनीज बुक ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है कि सैटर्निनो की मौत की खबर सुनकर हमें दुख हुआ है। उनका 112 साल 341 दिन पर निधन हो गया।

# भारत चाहता है भ्रष्टाचार मुक्त सरकार : नड्डा

## भाजपा के अध्यक्ष ने झालावाड़ में जनसभा को किया संबोधित

**एजेंसी, जयपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को राजस्थान के झालावाड़ में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत आज भ्रष्टाचार मुक्त और विकासोन्मुख सरकार की आकांक्षा रखता है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़ा है।

नड्डा ने कहा कि आज भारत की आकांक्षा है कि भ्रष्टाचार मुक्त सरकार हो। विकासोन्मुख सरकार हो। मोदी जी के नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़ा। उन्होंने कहा कि अकल्पित विकास के माध्यम से भारत को विकसित देश के रूप में खड़ा होना चाहिए। भाजपा नेता ने यह भी दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में गांवों की स्थिति बदल गई है। 18,000 गांवों में बिजली नहीं थी, जहां 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बिजली पहुंच गई।

### 80 करोड़ लोगों को मिल रहा मुफ्त राशन



भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए, नड्डा ने कहा कि 3.5 लाख गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। नड्डा ने कहा कि 55 करोड़ लोगों- गरीबों, रिक्शा चालकों, चाय विक्रेताओं, बस चालकों और सफाईकर्मियों सहित लगभग 40 प्रतिशत आबादी को गंभीर बीमारियों के लिए आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपये की वार्षिक बीमा सुविधा दी गई है।

# सेंसेक्स में 200 अंकों का उछाल

## कारोबार खुलने के थोड़ी देर बाद ही निफ्टी ने फिर छूआ 20 हजार का आंकड़ा

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में तेजी लगातार जारी है और सेंसेक्स 200 प्वाइंट से ज्यादा चढ़कर खुलने में कामयाब रहा है। वहीं, कारोबार खुलने के थोड़ी देर बाद ही निफ्टी ने 20 हजार का अहम मनोवैज्ञानिक स्तर फिर से हासिल कर लिया और सेंसेक्स भी 66,500 के ऊपर चला गया है। विदेशी फंड्स की खरीदारी के चलते आज घरेलू शेयर बाजार को सपोर्ट मिल रहा है।

### ऐसे हुई शेयर बाजार के दिन की शुरुआत




शेयर बाजार की ओपनिंग में बीएसई का सेंसेक्स 207 अंक या 0.31 फीसदी की उछाल के साथ 66,381 पर खुला है। वहीं एनएसई का निफ्टी 86.85 अंक या 0.44 फीसदी की बढ़त के साथ 19,976 पर ओपन हुआ। इस तरह निफ्टी फिर 20,000 के लेवल के करीब खुला और बैंक निफ्टी भी 44 हजार के पार होकर खुला। कारोबार खुलने के एक घंटे के भीतर ही निफ्टी 116.10 अंक या 0.58 फीसदी की तेजी के साथ 20,005 पर है। सेंसेक्स 387 प्वाइंट या 0.59 फीसदी चढ़कर 66,561 के लेवल पर ट्रेड कर रहा है।

### इसराइली हमले में सात राहत कर्मियों की मौत

**गाजा।** पिछले साल से शुरू हुए इसराहल-हमास युद्ध में इसराइली सेना गाजा में मौजूद आतंकी संगठन हमास के ठिकानों को निशाना बना रही है। इस बीच, गाजा में हताहत लोगों को सहायता पहुंचे वाले समूह भी इसराइली हमले का शिकार हो गया है। जिसमें तकरीबन सात विदेशी कर्मचारी मारे गए। इस घटना के बाद इसराइली सेना ने सहायता कर्मियों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। वहीं, इस हमले पर अमेरिका ने कड़ा एतराज जताया है।

### चुनाव के दौरान सीमा पर सतर्कता को लेकर होगी चर्चा

# निर्वाचन आयोग राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के अफसरों के साथ बैठक करेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




लोकसभा चुनाव से पहले सीमाओं पर सुरक्षा का आकलन करने के लिए चुनाव आयोग ने राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के शीर्ष अधिकारियों और केंद्रीय एजेंसियों के साथ बैठक करेगा। यह बैठक चुनाव आयोग कार्यालय में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कानून व्यवस्था की स्थिति और सीमाओं पर सतर्कता की समीक्षा की जाएगी। राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस बैठक में शामिल होंगे। बता दें कि भारत अपनी सीमा पाकिस्तान, चीन, नेपाल और बांग्लादेश के साथ साझा करता है।

# वीवीपैट मामले में सुप्रीम कोर्ट में अगले हफ्ते होगी सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ईवीएम के साथ वीवीपैट मशीन की पर्चियों के मिलान के मामले पर अगले हफ्ते सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एडीआर की तरफ से दायर की गई याचिका अगले हफ्ते मंगलवार या बुधवार के लिए सूचीबद्ध की जाएगी। याचिकाकर्ता संगठन एडीआर की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने मांग की कि याचिका पर जल्द सुनवाई की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वीवीपैट के मुद्दे पर दायर एक अन्य याचिका पर चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा था। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकर नारायणन भी इस मामले में कोर्ट में पेश हुए और उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक हैं और अगर इस मामले पर सुनवाई नहीं की गई तो यह याचिका निष्फल हो जाएगी। जस्टिस खन्ना के साथ ही पीठ में जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी भी शामिल रहे। पीठ ने कहा कि वे हालात से वाकिफ हैं और अगले हफ्ते मामले पर सुनवाई करेंगे।

**कटाक्ष** विदेश मंत्री ने याद दिलाई पहले पीएम की भूल, बताया- क्यों मोदी लेकर आए 'इंडिया फर्स्ट' पॉलिसी

# नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र में चीन को भारत से आगे रखा

**एजेंसी, अहमदाबाद**



भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू भारत से आगे चीन के हितों को रखते थे। जयशंकर ने नेहरू पर आरोप लगाया कि वह चीन के खतरे को कम करके आंकते थे। उन्होंने यह बातें गुजरात में आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं।

विदेश मंत्री जयशंकर गुजरात के अहमदाबाद में गुजरात चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उनसे यहाँ चीन को लेकर प्रश्न पूछा गया तो उन्होंने नेहरू की भूल को लेकर हमला बोला। उनसे पूछा गया था कि क्या भारत को चीन-पाकिस्तान द्वारा कब्जाए गए क्षेत्र वापस लेने पर सोचना चाहिए या वर्तमान स्थिति स्वीकार करनी चाहिए।

जयशंकर ने इस पर कहा कि 1950 में तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल ने नेहरू को चीन को लेकर चेताया था। पटेल ने नेहरू से कहा था कि हम पहली बार चीन और पाकिस्तान के दोहरे मोर्चे का सामना कर रहे हैं, यह स्थिति पहले कभी नहीं आई। पटेल ने नेहरू से यह भी कहा था कि उन्हने चीनियों के कहे पर विश्वास नहीं है, उनके इरादे अलग लग रहे हैं और हमें इस सम्बन्ध में काफी सावधानी से काम लेना चाहिए।

जयशंकर ने कहा कि नेहरू ने पटेल से कहा था कि वह बेकार में चीनियों पर शक किया करते हैं, नेहरू ने यह भी कहा था कि हिमालय की तरफ से भारत पर हमला करना किसी के लिए भी असंभव है। नेहरू पूरी तरह से चीनी खतरे को नकार कर रहे थे, हर व्यक्ति जानता है उसके बाद क्या हुआ।

### पटेल कश्मीर विवाद को यूएन ले जाने के थे खिलाफ

जयशंकर ने कहा कि वर्तमान सरकार भारत प्रथम की नीति पर चल रही है। उन्होंने कश्मीर को संयुक्त राष्ट्र में ले जाने का मुद्दा भी उठाया। जयशंकर ने कहा कि सरदार पटेल कश्मीर विवाद को संयुक्त राष्ट्र नहीं ले जाना चाहते थे, लेकिन नेहरू ने यही किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल को यह पता था कि संयुक्त राष्ट्र पक्षपात करता है। आप क्या ऐसे किसी न्यायाधीश के सामने अपना मामला लेकर जाएंगे जो पक्षपाती हो। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि यूएन में मामला ले जाने पर हमें पीओके में सैन्य कार्रवाई रोकनी पड़ी। कश्मीर और चीन को लेकर नेहरू की गलतियों को दोहराने से पहले भाजपा कच्चातीवू द्वीपों को श्रीलंका को देने का मुद्दा भी हाल में उठा चुकी है।

# ऑल टाइम हाई पर पहुंचे सोना-चांदी, गोल्ड पहली बार 69 हजार के पार



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतें 3 अप्रैल को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, कारोबार के दौरान 10 ग्राम सोना 295 रुपए महंगा होकर 69,256 रुपए पर पहुंच गया है। इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 5,954 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था। चांदी में भी आज ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। ये 1,537 रुपए महंगी होकर 77,664 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले ये 76,127 रुपए पर थी। चांदी ने इससे पहले बीते साल, यानी 2023 में 4 दिसंबर को 77,073 का ऑल टाइम हाई बनाया था। बुधवार सुबह 995 प्योरिटी वाले दस ग्राम सोने के दाम 69248 रुपए पहुंच गए।